सुप्रभात
रांची, गुरुवार
01.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

khabarmantra.net | बैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 285

12 पाक को 36 घंटे के भीतर सैन्य कार्रवाई का डर

### सूचना

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर एक मई 2025 को खबर मन्त्र कार्यालय और प्रेस बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक तीन मई को प्रकाशित होगा।
संपादक

### न्यूज डायरी

### कोलकाता के होटल में आग से 14 की मौत

**कोलकता।** बड़ा बजार इलाके के मछुआ क्षेत्र में मंगलवार रात एक छह मंजिला होटल ऋतुराज में लगी भीषण आग की चपेट में आने से दो बच्चों सहित कुल 14 लोगों की मौत हो गयी।

### झारखंड में महंगी हुई बिजली उपभोक्ताओं को लगा झटका

रांची। झारखंड में बिजली की दरों में एक मई से वृद्धि कर दी गयी है। ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब 6.30 रुपये के स्थान पर 6.70 रुपये प्रति यूनिट देने होंगे। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता को 6.65 रुपये के स्थान पर 6.85 रुपये प्रति यूनिट देना होगा। (पेज 2 भी देखें)

### झारखंड में चार मई तक बारिश की संभावना

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में चार मई तक बादल और बारिश होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने बुधवार को दी है। विभाग ने दो मई तक गर्जन, वज्रपात और तेज गति से हवा चलने की आशंका जतायी है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने मई के दूसरे हफ्ते में पूरे झारखंड में प्रचंड गर्मी पड़ने की भी संभावना जतायी है और लोगों को लू से बचने की सलाह दी है।

# वॉर रूम में पीएम मोदी ने की चर्चा, सीसीएस की बैठक में तैयारी की समीक्षा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद जवाबी कार्रवाई के लिए बैठकों का दौर चल रहा है। पीएम मोदी जहां सेना प्रमुख, विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री के साथ बैठकें कर रहे हैं तो वहीं, सुरक्षा मामलों पर कैबिनेट कमेटी यानी सुपर कैबिनेट के साथ भी दूसरी बैठक कर चुके हैं। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को एक के बाद एक पांच बैठकें कीं। सीसीएस की दूसरी बैठक में सुरक्षा तैयारियों पर चर्चा की गयी। इन बैठकों के बाद अब तमाम बड़े अधिकारी पीएमओ वॉर रूम में चर्चा की और रणनीति बनायी। वहीं पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में आतंकवादी हमले के सीमा पार संबंधों पर चर्चा हुई। बैठक में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा और उसके उपायों पर चर्चा की गयी। इस बैठक के साथ-साथ पीएम आवास पर राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति और आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति की भी बैठक हुई।

### सीमा पर सीजफायर उल्लंघन पर प्रचंड पटलवार

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। भारत की रक्षा तैयारी को देख कर सीमा पर पाकिस्तान लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। 29-30 अप्रैल की रात को भी पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू और कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश में नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारत ने माकूल जवाब देते हुए पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है।

### चौकी और झंडा छोड़कर भागी पाकिस्तानी सेना

पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम के उल्लंघन के बाद भारत के करारा जवाब से पाक सेना बुरी तरह डर गयी। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तानी सैनिक अपनी चौकियां छोड़कर भाग गये। पाकिस्तानी चौकी से झंडा भी हटा दिया गया है। पाकिस्तानी रेंजर्स ने भी अपना झंडा हटा दिया है। मतलब साफ है कि पाकिस्तान इस समय भारतीय सैनिकों से डरा हुआ है।

**तनाव के बीच तुर्की रच रहा साजिश :** तुर्की के जनरल यासर कादिओग्लू की अध्यक्षता में तुर्की सैन्य और खुफिया प्रतिनिधिमंडल ने इस्लामाबाद में पाकिस्तानी एयरफोर्स के हेडक्वार्टर का दौरा किया। उसे चीन, तुर्की जैसे देशों से समर्थन मिल रहा है। तुर्की का एक मिलिट्री डेलिगेशन भी पाकिस्तान भी पहुंच गया है, जिससे उस पर साजिश रचने के सवाल उठने लगे हैं। उन्होंने इस्लामाबाद में पाकिस्तानी एयरफोर्स के हेडक्वार्टर का दौरा किया है।

**पाक आर्मी चीफ के देश छोड़कर भागने की आशंका :** पाक के सूचना मंत्री अताउल्लाह तारड़ ने बुधवार को कहा कि भारत अगले 24 से 36 घंटे में पाकिस्तान पर हमला कर सकता है। उन्होंने वीडियो जारी करके कहा कि हमारे पास हमले की पुख्ता जानकारी है। इस बीच, पाक के आर्मी चीफ के देश छोड़कर भागने की अटकलें हैं। अब जानकारी आ रही है कि पाकिस्तान ने अब 2 मई तक इस्लामाबाद और लाहौर पर नो टू एयरमेन (नोटम) जारी किया है।

## अंतिम आंकड़े 2026 के अंत तक आने की संभावना

# आजादी के बाद पहली बार होगी जातिगत जनगणना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश में आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना करायी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने इस संबंध में निर्णय लिया है। बुधवार को मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जातिगत जनगणना को मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि जनगणना संघ का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ राज्यों ने जाति



सर्वेक्षण अच्छे तरीके से किया है, जबकि कुछ ने राजनीतिक कारणों से ऐसा किया है।

बता दें कि कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल लंबे समय से जातिगत जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। उम्मीद है कि जातिगत जनगणना की शुरुआत सितंबर में हो सकती है। जनगणना के अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरूआत में मिल सकेंगे। बता दें कि देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।

**जनगणना फॉर्म में एक्ट्रा कॉलम जोड़े जायेंगे :** 2011 तक जनगणना फॉर्म में कुल 29 कॉलम होते थे। इनमें नाम, पता, व्यवसाय, शिक्षा, रोजगार और माइग्रेशन जैसे सवालों के साथ केवल एससी और एसटी कैटेगरी से ताल्लुक रखने को रिकॉर्ड किया जाता था। अब जाति जनगणना के लिए इसमें एक्स्ट्रा कॉलम जोड़े जा सकते हैं।

**जातियों की गिनती के लिए एक्ट में संशोधन होगा :** जनगणना एक्ट 1948 में एससी-एसटी की गणना का प्रावधान है। ओबीसी की गणना के लिए इसमें संशोधन करना होगा। इससे ओबीसी की 2,650 जातियों के आंकड़े मिलेंगे। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, 1,270 एससी, 748 एसटी जातियां हैं और 2011 में एससी आबादी 16.6 प्रतिशत और एसटी 8.6 प्रतिशत थी।

## जमशेदपुर की शांभवी आईसीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में बनी नेशनल टॉपर



लड़कियों ने एक बार फिर बाजी मारी शांभवी जायसवाल को मिले शत प्रतिशत अंक


खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की शांभवी जायसवाल ने आईसीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि से न केवल जमशेदपुर, बल्कि झारखंड और समूचे देश को गौरव की अनुभूति हुई है। शांभवी के पिता डा अभिषेक जायसवाल एमटीएमएच जमशेदपुर में कैंसर रोग के विशेषज्ञ हैं, जबकि मां डॉ. ओजस्वी शंकर मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर में स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। शांभवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, स्कूल के प्राचार्य, उप-प्राचार्य और शिक्षकों को दिया है।

शांभवी ने खबर मन्त्र को अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया कि वह 12वीं की पढ़ाई विज्ञान संकाय से पूरी कर आईआईटी मुंबई से इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करना चाहती है।

इस वर्ष आईसीएसई (10वीं) का कुल पास प्रतिशत 99.09 और आईएससी (12वीं) का 99.02 प्रतिशत रहा। लड़कियों ने एक बार फिर बाजी मारी, जहां छात्राओं का सफलता प्रतिशत 99.37 और छात्रों का 98.84 रहा।

## एनएसएबी के अध्यक्ष बनाये गये आलोक जोशी



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन किया। पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को इस बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। आलोक जोशी को देश की सुरक्षा से जुड़े मामलों की गहरी समझ और जानकारी है। उन्होंने पाकिस्तान और नेपाल में कई महत्वपूर्ण ऑपरेशन्स को अंजाम देने में अहम भूमिका भी निभायी है। इसके अलावा बोर्ड में 7 सदस्यों को शामिल किया गया है, जिसमें तीन सेना से रिटायर अधिकारी, दो रिटायर आईपीएस अधिकारी और एक भारतीय विदेश सेवा से रिटायर्ड अधिकारी हैं।




मेरे प्यारे झारखण्ड वासियों
जोहार!

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

"अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई 2025 के अवसर पर झारखण्ड राज्य के सभी श्रमिक बन्धुओं को शुभकामनाएँ।"

राज्य के मजदूरों की सुरक्षा एवं कल्याण हेतु झारखण्ड सरकार सतत् प्रयासरत है।

श्रमिक हित में विभाग द्वारा किए गए मुख्य कार्य :-

- ई-श्रमपोर्टल में 96,61,245 असंगठित श्रमिकों का निबंधन कराया गया।
- वित्तीय वर्ष-2024-25 में असंगठित श्रमिकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत 63030 श्रमिकों को लाभान्वित करने में ₹45.75 करोड़ का व्यय किया गया।
- वित्तीय वर्ष-2024-25 में झारखण्ड राज्य के 217 अंतर्राज्यीय प्रवासी श्रमिकों की दुर्घटना / प्राकृतिक आपदा में मृत्यु होने के उपरांत उनके आश्रितों को ₹2,26,50,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। सामान्य मृत्यु की स्थिति में कुल 239 कामगारों के आश्रितों के शव लाने हेतु ₹1,19,50,000 एवं 04 अंतर्राज्यीय प्रवासी श्रमिकों की मृत्यु के उपरांत कुल ₹20,00,000 की सहायता प्रदान की गयी।
- 31 मार्च 2025 तक 17,28,508 निर्माण श्रमिकों का निबंधन किया जा चुका है।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1,67,636 निर्माण श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं में कुल ₹1,09,22,76,891 की राशि का लाभ दिया गया।

1 मई 2025 अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर झारखण्ड सरकार आपके स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण की कामना करती है।

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PRNO 351490 ( Labour Day and Training) IPRD 25-26

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार



SARALA BIRLA UNIVERSITY




**Faculty of Engineering & Computer Sciences**
Ph.D Engineering & Computer Sciences
M.Tech CSE I ME I CE I EEE I ECE
With Specialization in Computer Science I
VLSI Design I Power Systems I
Construction Technology Management I
Structural Engineering
MCA
B.Tech CSE I ME I CE I EEE I ECE
BCA
Diploma CSE I ME I CE I EEE I ECE

**Faculty of Applied Sciences**
M.Sc Data Science
B.Sc Mathematics (Hons.)

**Faculty of Pharmacy**
Ph.D Pharmacy I B.Pharm I D.Pharm

**Faculty of Business Management**
Ph.D Business Management
MBA
BBA I BBA in Stock Broking & Portfolio Management

**Faculty of Commerce**
Ph.D Commerce
M.Com
B.Com (Hons.) Accounts I
E-Commerce I Taxation

**Faculty of Legal Studies**
Ph.D Law I LL.M I LL.B
B.A. LLB (Hons.) I BBA LL.B (Hons.) I
B.Com LL.B (Hons.)

**Faculty of Social Sciences**
M.A. Economics
B.A. Economics (Hons.)

**Faculty of Journalism & Mass Communication**
Ph.D Journalism & Mass Communication
M.A. Journalism & Mass Communication
B.A. Journalism & Mass Communication

**Faculty of Humanities & Linguistics**
Ph.D Humanities & Linguistics
M.A. English I M.A. Sanskrit
B.A. English (Hons.) I B.A. Sanskrit (Hons.)
Diploma In French I Certificate In French

**Faculty of Yogic Science & Naturopathy**
M.Sc. Yogic Science
B.Sc. Yogic Science
Diploma Yoga & Fitness Trainer
Certificate in Yoga

**Faculty of Art, Culture & Sports**
M.A. Performing Arts (Music I Dance I Drama)
M.A. Visual Arts (Fine Art)
B.A. Performing Arts (Music I Dance I Drama)
B.A. Visual Arts (Fine Art)
Certificate in Music I Dance I Fine Arts

**Mahadevi Birla Institute of Nursing and Clinical Technology** • B.Sc Nursing • GNM • ANM

**Highlights**
5000+ Students | 65+ Programs | 11 Disciplines | 200+ Teaching Staff | Hostel Facility For Boys & Girls
60 Acre World Class Infrastructure | 100% Placement Support | 100+ Companies Visited For Placement | 50+ Skill Enhancement Certifications

Placement Highlights
Training & Placement Supported By
ADITYA BIRLA GROUP
B. K. BIRLA GROUP OF COMPANIES
SCAN TO REGISTER

Affiliations & Recognitions
University Grants Commission | Pharmacy Council of India | Bar Council of India | Association of Indian Universities

International Academic Collaborations
University of Minnesota | University of Vermont | University of California, Berkeley
& 20+ National MoUs


SARALA BIRLA UNIVERSITY, RANCHI
Birla Knowledge City, P.O. Mahilong, Purulia Road, Ranchi, Jharkhand-835103

Admission Helpline : 1800 890 6077 | admissions@sbu.ac.in | www.sbu.ac.in

# शहरी क्षेत्र में 20 और ग्रामीण क्षेत्र में 40 पैसे प्रति यूनिट बिजली दर की बढ़ोत्तरी

- 2025-26 के लिए निगम ने मांगा 11,444.90 करोड़, आयोग ने दी 8,980.52 करोड़ की मंजूरी
- बढ़ी हुई दर एक मई 2025 से प्रभावी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में बिजली की दरों में आंशिक बढ़ोत्तरी की गयी है। झारखंड विद्युत नियामक आयोग ने जेबीवीएनएल के 40.02 प्रतिशत बढ़ाने के प्रस्ताव को ठुकराते हुए 6.34 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की मंजूरी दी है। बढ़ी हुई दर एक मई 2025 से प्रभावी होगी। झारखंड विद्युत नियामक आयोग के सदस्य अतुल कुमार और महेंद्र प्रसाद ने नए टैरिफ की घोषणा करते हुए कहा कि कृषि उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ में कोई भी बढ़ोतरी नहीं की गई है। बिजली दरों में बढ़ोतरी की बात अगर घरेलू उपभोक्ता की करें तो ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब 6.30 रुपए के स्थान पर 6.70 रुपये प्रति यूनिट देने होंगे। वहीं शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता को 6.65 रुपये के स्थान पर 6.85 रुपये प्रति यूनिट देना होगा।

इस तरह से ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल में प्रति यूनिट 40 पैसे की वृद्धि की गई है। वहीं शहरी क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं के बिल में 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। झारखंड विद्युत नियामक आयोग ने फिक्स रिचार्ज को पूर्ववत रखते हुए उपभोक्ता को राहत दी है। एचटी घरेलू उपभोक्ताओं को 6.25 रुपये के स्थान पर अब 6.40 रुपये प्रति यूनिट देना होगा।

इसके अलावा रूफटॉप सोलर को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए प्राधिकरण ने सोलर पीवी प्रोजेक्ट के लिए ग्रॉस मीटरिंग के लिए 4.16 रुपये प्रति किलो वाट और नेट मीटरिंग के लिए 3.80 रुपये प्रति किलो वाट के दर की मंजूरी दी है। एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत किसी भी प्रकार के उपभोक्ता के लिए मीटर रेंट की अनुमति आयोग ने नहीं दी है।

विद्युत नियामक आयोग ने जेबीवीएनएल को निर्देशित करते हुए कहा है कि वह अपनी बिलिंग सॉफ्टवेयर में आयोग के द्वारा लिए गए निर्णय के तहत उसे संशोधित करें। ताकि उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिलने की अवधि के लिए फिक्स चार्ज की राशि का स्वतः समायोजन किया जा सके।

गौरतलब है कि आयोग के द्वारा फिक्सड चार्ज घंटों की संख्या से जोड़ कर रखा गया है। जिसके तहत 23 घंटा विद्युत आपूर्ति एचटी उपभोक्ता को अनिवार्य किया गया है। वहीं 21 घंटा एलटी कन्जयूमर के लिए निर्धारित है। आयोग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग पर एनर्जी चार्ज में तीन प्रतिशत की छूट लागू होगी, जो लगभग 20 पैसा प्रति यूनिट होगा। प्रीपेड मीटर के इंस्टॉलेशन के एक महीने के भीतर पूरी सिक्योरिटी डिपाजिट वापस करना होगा या बिल से उसे एडजस्ट करना होगा।

### एपीआर 2025-26 के लिए जेबीवीएनएल की 8980.52 करोड़ की मंजूरी

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने विद्युत नियामक आयोग के समक्ष एपीआर 2025-26 के लिए 11 हजार 444.90 करोड़ की मांग की थी। जिसमें 8 हजार 980.52 करोड़ की मंजूरी प्रदान की गई है। इसके अलावे एपीआर 2023-24 के लिए 10 हजार 847.70 करोड़ की मांग पर 7 हजार 854.64 करोड़ रुपए की एपीआर की मंजूरी दी है। इसके अलावा आयोग के द्वारा वैसे उपभोक्ता जो 5 दिनों के भीतर बिल का भुगतान करते हैं, उसे कुल बिल के भुगतान पर दो प्रतिशत छूट की मंजूरी दी गई है।

# अब वोट बैंक की नहीं, सच्चे सामाजिक न्याय की होगी बात : बाबूलाल मरांडी

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्रीय कैबिनेट के फैसले का किया स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय कैबिनेट के जातिगत जनगणना करवाने के निर्णय को सराहनीय कदम बताया है। उन्होंने कहा कि अब वोट बैंक की नहीं, वास्तविक सामाजिक न्याय की बात होगी। उन्होंने कहा कि दशकों से इस मुद्दे को कांग्रेस और अन्य



विपक्षी पार्टियां जातिगत जनगणना का इस्तेमाल केवल चुनावी हथियार की तरह करती आयी हैं।

उन्होंने कहा कि अब जातिगत जनगणना समय की मांग बन चुकी है। समय आ गया है कि टुकड़ों में कराई जा रही राज्य स्तरीय, असंगत और अपारदर्शी गणनाओं को छोड़ा जाये और पूरे देश के लिये एक समान, विश्वसनीय व तथ्य आधारित जातिगत जनगणना को अपनाया जाये। उन्होंने कहा कि सही मायनों में सामाजिक न्याय की ओर कदम बढ़ाते हुये जातिगत जनगणना को स्वीकृति प्रदान करने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार है।

### संजय सेठ ने केंद्रीय कैबिनेट के जाति जनगणना निर्णय का किया स्वागत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा जाति जनगणना करवाने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय वंचित वर्गों को उनका वास्तविक अधिकार



दिलाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना से संसाधनों का सामान्य वितरण सुनिश्चित होगा और समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे समाज के वंचित तबके को लाभ मिलेगा जो अब तक वंचित है।

# आजसू ने नाइजर में फंसे बगोदर के मजदूरों की वापसी के लिए लिखा पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के नेता संजय मेहता ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर और नाइजर में भारत के राजदूत सीता राम मीना को पत्र लिखकर झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर क्षेत्र के पांच मजदूरों की सुरक्षित वापसी के लिए अपील की है। ये मजदूर नाइजर में आतंकवादियों द्वारा अपहरण का शिकार हुए हैं।

**क्या है मामला?**

25 अप्रैल को नाइजर की राजधानी नियामे से लगभग 115 किलोमीटर दूर तिल्लाबेरी में आतंकवादियों ने एक पावर ट्रांसमिशन साइट पर हमला किया। इस हमले में 12 सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई। वहीं बगोदर के पांच मजदूरों- संजय महतो, चंद्रिका महतो, फलजीत महतो, राजू कुमार और उत्तम महतो का अपहरण कर लिया गया।

ये मजदूर कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) द्वारा संचालित प्रोजेक्ट में कार्यरत थे।

**आजसू पार्टी की अपील**

संजय मेहता ने अपने पत्र में सभी मजदूरों के पासपोर्ट विवरण और संपर्क जानकारी भी मंत्रालय को प्रदान की है। साथ ही उनके परिजनों की चिंता और व्यथा को रेखांकित किया है। उन्होंने विदेश मंत्री और भारत के राजदूत से इस गंभीर मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर मजदूरों की सकुशल वतन वापसी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

### भारतीय दूतावास ने शुरू की कार्रवाई

आजसू पार्टी के पत्र के बाद से भारतीय दूतावास ने कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। कार्रवाई प्रारंभ करने की सूचना भारतीय दूतावास ने आजसू पार्टी को दी है। संजय मेहता ने बताया कि नाइजर में भारत के एंबेसडर सीता राम मीना को सूचित करने के बाद उनके कार्यालय ने हमें सूचित किया है कि भारतीय दूतावास ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मोदी सरकार के जातीय जनगणना की फैसले का झामुमो ने किया स्वागत

- सरना धर्म कोड पर जल्द फैसला ले केंद्र सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के जातीय जनगणना कराने के फैसले का झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने स्वागत किया है। नरेंद्र मोदी कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की प्रेस ब्रीफिंग के बाद सुप्रियो भट्टाचार्य ने यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने साथ ही सरना धर्म कोड पर भी बड़ी बात कह दी है।

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने इसे विपक्ष की जीत करार दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार जनदबाव में आकर यह फैसला करने के लिए बाध्य हुई है। यह विपक्षी दलों की नैतिक जीत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को 10 साल पहले यह कर लेना चाहिए था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। भले उन्होंने देर से फैसला किया है, झामुमो इसका स्वागत करता है।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि संविधान के मूल में आरक्षण की जो बातें हैं, उस पर मोदी कैबिनेट के फैसले में कुछ भी स्पष्ट नहीं किया गया है। न ही आदिवासियों के सरना कोड पर कोई निर्णय इस कैबिनेट में लिया गया है। झामुमो नेता ने कहा कि जब सरकार जातीय जनगणना करवाये, तब उसमें आदिम जनजातियों के धर्म को भी शामिल किया जाये। सरना धर्म कोड चुनने का आदिवासियों को मौका दिया जाये।

**सरना धर्म कोड पर जल्द फैसला ले केंद्र सरकार :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि जिस तरह हिंदुओं में कई जातियां हैं, मुस्लिमों में कई जातियां हैं, सिख में भी कई जातियां हैं। उसी तरह आदिवासियों की भी कई जनजातियां हैं। उन जनजातियों को अलग से सरना धर्म कोड दिया जाना चाहिए। झारखंड सरकार ने विधानसभा में इसका प्रस्ताव पारित करके केंद्र को भेजा है, लेकिन उस पर अंतिम फैसला नहीं हुआ है।

### जनगणना के बाद शुरू हो परिसीमन : सुप्रियो भट्टाचार्य

झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने यह भी मांग रख दी है कि देश में प्रस्तावित परिसीमन को जनगणना तक के लिए टाल दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनगणना के बाद ही परिसीमन हो, ताकि यह स्पष्ट हो जाये कि किस क्षेत्र को आरक्षण की श्रेणी में रखा जाये और किसको नहीं। साथ ही आरक्षण की भी स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार



ने सरना धर्मावलंबियों को 28 फीसदी आरक्षण देने का प्रस्ताव पास कर दिया है। दलितों को 18 फीसदी और पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव झारखंड विधानसभा से पास हो चुका है। झामुमो नेता ने कहा कि मोदी सरकार ने देर से जातीय जनगणना कराने का निर्णय लिया है, लेकिन यह स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने विपक्ष की मांग मान ली है। अगर 10 साल पहले इस मांग को मान लिया होता, तो अच्छा होता।


## कार्यालय अंचल अधिकारी, कुडू।

### अति अल्पकालीन नीलामी

पत्रांक–........
दिनांक–........

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा कुडू के अन्तर्गत खाता सं0 422 प्लॉट सं0 444 एवं 446 रकबा क्रमशः 7.70 ए0 एवं 0.54 ए0 कुल रकबा 8.24 ए0 (हाल सर्वे में अनावाद बिहार सरकार दर्ज है) की भूमि जिसे सरकारी अभिरक्षा में ली गई भूमि में अवस्थित आम के बगीचा के अन्दर वृक्षों की कुल संख्या 273 है, जिसमें आम के फल लगे है। कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 241/दिनांक 08.04.2025 के द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में वृक्षों में लगे आम के फलों का अनुमानित मूल्य 1,00,430.00 (एक लाख चार सौ तीस रूपये) निर्धारित की गई है। वर्ष 2025 में नीलामी हेतु कार्यालय पत्रांक 72 दिनांक 10.02.2025 के द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, विधि शाखा, लोहरदगा एवं सरकारी अधिवक्ता, लोहरदगा से मार्गदर्शन हेतु मांग की गई थी। सरकारी अधिवक्ता, लोहरदगा से प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में वर्ष 2025 के लिए नीलामी दिनांक .................. के दोपहर 12:00 बजे से की जायेगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति अंचल नजारत में पूर्वाहन 11:00 बजे तक जमानत राशि के रूप में **मो0 5000.00(पाँच हजार) रूपये का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट जो अंचल अधिकारी, कुडू के पदनाम एवं भारतीय स्टेट बैंक, बड़ा तालाब, लोहरदगा** से भुगतेय होगा। किसी भी कार्य दिवस में प्रश्नगत् मौजा कुडू में अवस्थित आम के वृक्षों में लगे फलों का निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी को पूर्व सूचना देकर की जा सकती है। विस्तृत सूचना के लिए कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। नीलामी संबंधित कार्य निर्धारित समय एवं शर्तों के आधार पर ही की जायेगी। नीलामी में सम्मिलित होने के लिए **आधार कार्ड / पैन कार्ड एवं अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र लाना आवश्यक होगा**। क्रय मूल्य के अलावे संबंधित सभी कर (TAX) जो झारखण्ड सरकार के नियामानुसार होगा जो क्रेता द्वारा दिया जायेगा।

अंचल अधिकारी,
कुडू (लोहरदगा)।

PR 351431 (Lohardaga) 25-26 (D)



## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
## (समाज कल्याण शाखा)

### शुद्धिपत्र

विज्ञापन **PR No– 350916** दिनांक–23.04.2025 एव कार्यालय ज्ञापांक–520/स0क0 दिनांक–11.04.2025 द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों में प्री–स्कूल किट (PRE SCHOOL KIT) आपूर्ति हेतु प्रकाशित निविदा के तकनीकी शर्त के निम्न संशोधन किया जाता है :–

| कंडिका सं० | प्रकाशित विज्ञापन की शर्त | संशोधित शर्त |
|---|---|---|
| (क) iii | बीडर को सरकारी विभाग का कार्यादेष प्रस्तुत करना होगा। | बीडर को झारखण्ड में विगत तीन वर्षो में कोई एक वर्ष का प्री–स्कूल किट या खिलौना आपूर्ति करने का सरकारी विभाग का कार्यादेष होना चाहिए। जो संलग्न करना अनिवार्य होगा। |
| (क) iv | बीडर को विगत तीन वर्षो में कोई एक वर्ष का आपूर्ति कार्यादेष न्यूनतम 250 सरकारी स्कूलों में आपूर्ति करने का अनुभव होना चाहिए। स्थान विवरण के साथ कार्यादेश की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। | बीडर को विगत तीन वर्षो में कोई एक वर्ष का आपूर्ति कार्यादेष झारखण्ड राज्य के न्यूनतम 250 सरकारी स्कूलों/आंगनबाडी केन्द्रों में प्री–स्कूल किट या खिलौना आपूर्ति करने का अनुभव होना चाहिए। आपूर्तिकर्त्ता को स्थान विवरणी के साथ कार्यादेश की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। |

आपूर्तिकर्त्ता/संस्थान /प्रतिष्ठान के चयन के निमित द्वि–लिफाफा (Two Envelope System) के अनुसार शील बंद निविदा दिनांक 08/05/2025 को 12:00 बजे पूर्वा० तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में जमा किया जा सकता है। प्राप्त **निविदा** दिनांक 08/05/2025 को 3:00 बजे अपराह्न में जिला स्तरीय कमिटि के समक्ष समाहरणालय सभागार, कोडरमा में खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग लेगें। उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

**पूर्व में प्रकाशित निविदा इस हद तक संशोधित समझा जाय।**
निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगे।

उपायुक्त,
कोडरमा

**PR 351478 Women, Child Development & Social Security(25-26).D**


### जातीय जनगणना के लिये पीएम का ओबीसी मोर्चा ने जताया आभार

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने जातीय जनगणना की स्वीकृति देने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि जाति जनगणना के आंकड़े समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिये ठोस कदम उठाने में मदद करेंगे। आभार जताने वालों में सिद्धनाथ सिंह, दिलीप वर्मा, प्रो. प्रेम नंदन मंडल, उमेश जायसवाल, संजय मेहता, रामावतार कश्यप, अजय मेहता, सुरेश ठाकुर, प्रमोद कुमार, सुग्रीव यादव, जयराम ठाकुर, राम लखन साहू आदि शामिल हैं।

### रिम्स के नव-प्रोन्नत चिकित्सकों ने निदेशक से की शिष्टाचार मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स के नव-प्रोन्नत चिकित्सकों ने आज संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. राज कुमार, डीन प्रो. डॉ शशि बाला सिंह और चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ हिरेंद्र बिरुआ से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर चिकित्सकों ने



संस्थान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए निदेशक मंडल को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने रिम्स को चिकित्सा के क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाने के लिए मिलकर कार्य करने की इच्छा जताई।

निदेशक ने सभी नव-प्रोन्नत चिकित्सकों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी डॉक्टर अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे।

# हेमंत सोरेन का विदेश दौरा असफल विदेश यात्रा : प्रतुल शाहदेव

- भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि सीएम ने इवेंट मैनेजमेंट के नाम पर करोड़ों फूंका
- आरसीडीई बार्सिलोना फुटबॉल क्लब का भारत विरोधी चीनी मालिक चेन यानशेंग के साथ समझौता की बात अनुचित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की स्वीडन और स्पेन यात्रा को व्यक्तिगत पर्यटन के लिहाज से बेहद सफल कहा। लेकिन, निवेश के लिहाज से पूर्णत असफल यात्रा बताया। श्री शाहदेव बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री यूरोप के दो सबसे दर्शनीय देश का पर्यटन के लिहाज से सफल भ्रमण करके लौट आये हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की



पहली तस्वीर एक बैकपैकर की भूमिका में थी। इसमें मुख्यमंत्री जी बैग टांगे दूतावास के अधिकारी से गुलदस्ता ले रहे थे। मुख्यमंत्री अपने कैमरे से दर्शनीय स्थलों के फोटोग्राफ खींचते भी दिखे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 11 सदस्यीय दल के लिये लगभग 4.30 करोड़ रुपये की स्वीकृति देकर राशि एक निजी इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को दे दी है। जबकि, रांची के प्रतिष्ठित टूरिस्ट ऑपरेटर रांची से स्वीडन और स्पेन की यात्रा का खर्च प्रति व्यक्ति 2,75,000 बता रहे हैं। अगर मुख्यमंत्री के लिए घूमना ही मकसद था तो इस टूर ऑपरेटर का सहारा ले सकते थे। राज्य के पैसे की भी बचत हो जाती।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिये कि इस कंपनी को इवेंट मैनेजमेंट और सारे प्रोग्राम को मैनेज करने के लिये कितने करोड़ रुपये का भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि पूरी यात्रा में करोड़ों रुपये फूंके गये लेकिन झारखंड में निवेश का कोई लिखित समझौता की सूचना नहीं आई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को फुटबॉल का बहुत शौक है। मुख्यमंत्री जी बर्सिलोना एफसी क्लब पहुंच गये। वहां उन्होंने क्लब की वाइस प्रेसिडेंट से जर्सी भी ग्रहण किया और तस्वीरें भी खींची। लेकिन जब फुटबॉल को झारखंड में बढ़ावा देने की बात हुई तो एग्रीमेंट आरसीडीई बार्सिलोना क्लब से किया गया, जो कि बर्सिलोना एफसी से बिल्कुल अलग क्लब है। उन्होंने कहा कि इस क्लब का मालिक विवादास्पद चीनी उद्योगपति चेन यानशेंग है, जो कि चीन की बड़ी कंपनी रास्तर का अध्यक्ष भी है। वह भारत विरोधी बयान देने के लिये जाना जाता रहा है। मुख्यमंत्री को इस फुटबॉल क्लब के साथ एग्रीमेंट से पहले मालिक की पृष्ठभूमि जांच करनी चाहिये थी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की एक तस्वीर आई। इसमें वह वोल्वो के इंजन के साथ फोटो शूट कर रहे थे। अगर मुख्यमंत्री को वोल्वो पैसेंजर गाड़ी बस और ट्रक की नवीनतम ईवी टेक्नोलॉजी देखनी थी तो वह बेंगलुरु भी जा सकते थे। जहां वोल्वो की नवीनतम टेक्नोलॉजी पर ईवी गाड़ियां बन रही हैं। इसके अतिरिक्त पुणे में टाटा भी आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का प्रयोग करके ईवी ट्रक और बस बना रही है।

उन्होंने कहा कि झामुमो के प्रवक्ताओं ने बड़े रूप से प्रचारित किया कि एलॉन मस्क का टेस्ला ग्रुप अब झारखंड में निवेश करने वाला है। उन्होंने कहा कि एलॉन मस्क का टेस्ला ग्रुप और चेकोस्लोवाकिया के टेस्ला ग्रुप एएस में आसमान जमीन का अंतर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के ऑफिशियल एक्स अकाउंट ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री ने स्पेन और स्वीडन की कंपनियों से स्पोर्ट्स की ब्रांडिंग, मार्केटिंग और क्रिकेट को बढ़ावा देने की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को शीघ्र अपनी पूरी यात्रा का एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिये।

इस अवसर पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक भी उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची।
**Email Id- sreeranchi@gmail.com**
भर्ती कैम्प – 03 मई 2025
रिक्ति सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के तत्वावधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, राँची द्वारा दिनांक 03.05.2025 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सर्कुलर रोड, राँची परिसर में भर्ती कैम्प–2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस भर्ती कैम्प में भाग ले रहे नियोजकों एवं रिक्तियों की विवरणी निम्नवत है:–

| Sl.No. | Name & Address of the Employers | Post | No of Vacancies | Qualification | Age | Salary | Experience | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Vision India Services Pvt. Ltd. RANCHI. | Technician | 130 | 10th pass | 18-24 Yrs. | 17500/- | Fresher | Job Location- Ranchi. |
| | | Technician | 80 | 10th pass | 18-26 Yrs. | 19000/- | Fresher | |
| 02. | Virson Security & Facility Services Pvt. Ltd. HARMU, RANCHI. | Security Guard (Male & Female) | 75 | 10th pass | 18-45 Yrs. | 10000 to 15000/- | - | Job Location- All Jharkhand. |
| | | Field Officer (Only Male) | 25 | B.A | 21-45 Yrs. | 12000 to 15000/- | Yes | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। पूर्व से निबंधित उम्मीदवारों को पुनः निबंधन की आवश्यकता नहीं है। चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

PR 351442 Labour Employment and Traning(25-26)D

**नियोजन पदाधिकारी अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची।**


# डीसीएलआर खुद दे सकते थे आदेश, सीओ को भेजा तो स्पष्ट निर्देश जरूरी : हाईकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले दिनों अपने एक आदेश में कहा है कि जब कोई अपीलीय पदाधिकारी किसी मामले को दोबारा निर्णय के लिए निचली अदालत को भेजता है तो उसे दोषपूर्ण आदेश को स्पष्ट रूप से रद्द करना चाहिए। साथ ही मामले के निष्पादन के लिए समय सीमा भी तय करनी चाहिए, ताकि अनावश्यक विलंब से बचा जा सके। हाईकोर्ट ने यह आदेश एक रिट याचिका की सुनवाई करते हुए दिया, जिसमें गिरिडीह जिले के याचिकाकर्ता मोहम्मद सरफराज मिर्जा ने गिरिडीह सीओ द्वारा भूमि का म्यूटेशन नहीं किये जाने के विरुद्ध हाईकोर्ट का रुख किया था। दरअसल सरफराज की म्यूटेशन अर्जी को सीओ ने इस आधार पर खारिज कर दिया कि उन्होंने जरूरी भूमि दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये थे। सीओ के आदेश को उन्होंने भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) गिरिडीह के पास अपील की। डीसीएलआर ने इस मामले को फिर से सीओ को सुनवाई कर आदेश पारित करने के लिए भेज दिया। लेकिन सीओ की ओर से सुनवाई में काफी देर की गयी।

सुनवाई के दौरान यह तर्क दिया गया कि डीसीएलआर ने जो आदेश पारित किया है, उसमें न तो कोई तारीख थी और न ही यह उल्लेख था कि सर्किल अधिकारी का आदेश रद्द किया गया। जबकि सीओ के पास मामला भेजने के बजाय डीसीएलआर खुद आदेश दे सकते थे। हाईकोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए गिरिडीह डीसीएलआर को निर्देश दिया कि आदेश की प्रति प्राप्त होने या प्रस्तुत किये जाने की तारीख से चार सप्ताह के भीतर नया आदेश पारित करें।

## खबर एक नजर में

### राष्ट्रीय लोक अदालत 10 को

**रांची।** दूसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को आयोजित किया जायेगा। इसी के मद्देनजर जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा भी तैयारी शुरू कर दिया गया है। सभी न्यायालयों से वादकारियों को नोटिस भेजने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

### सीटू मई दिवस आज मनायेगा

**रांची।** मेहनतकशों का अंतरराष्ट्रीय त्योहार मई दिवस रांची में आयोजित होगा। सीटू से संबद्ध कोयला उधोग, मैकॉन, सीआइपी, एचईसी, निर्माण, ट्रांसपोर्ट युनियनों के कार्यालयों के अलावा बैंक, बीमा, राज्य व केंद्र सरकार के कर्मचारियों के दफ्तरों में सुबह मजदूर वर्ग का लाल झंडा फहरा कर मजदूर शहीदों को याद किया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम एचईसी में शाम 5 बजे हटिया मजदूर यूनियन के कार्यालय के समीप मैदान में आयोजित होगा।

### दरोगा अनुपम की हत्या के आरोपियों को बेल

**रांची।** स्पेशल ब्रांच के दरोगा अनुपम कच्छप की हत्या के दो आरोपियों मनोहर कुमार सिंह और संजय सिंह को हाईकोर्ट ने बेल दे दी है। हाईकोर्ट ने दोनों को 25-25 हजार के निजी मुचलके जमा करने और आधार कार्ड में बदलाव नहीं करने और ट्रायल के दौरान इस केस से जुड़े गवाहों को प्रभावित नहीं करने की शर्त पर बेल दी है। दरअसल पिछले वर्ष दो अगस्त की देर स्पेशल ब्रांच के दरोगा अनुपम कच्छप की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

### निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**रांची।** रांची नगर निगम ने डेली मार्केट एरिया में देर शाम अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे लगे करीब 10 वाहनों को जब्त किया गया। अभियान के दौरान वहां अफरा तफरी मच गई। निगम के इंफोर्समेंट ऑफि सर शिव कुमार ने सड़क पर लगे ठेले खोमचे को दोबारा नहीं लगाने की चेतावनी दी। इस अभियान में नगर निगम के कर्मियों के साथ ट्रैफिक पुलिस भी थी।

### छह आश्रितों की नियुक्ति पर बनी सहमति

**रांची।** समाहरणालय में बुधवार को जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति को लेकर की गयी अनुशंसा पर चर्चा की गयी। इसके बाद छह लोगों को नौकरी देने पर सहमति बनी। बैठक में समिति के सदस्यों के अलावा स्थापना उप समाहर्ता विवेक कुमार सुमन और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए।

### जेवीएम के बीजेपी में विलय को चुनौती देने वाली याचिका में बाबूलाल बने प्रतिवादी

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी में झारखंड विकास मोर्चा के विलय को स्वीकृति देने के भारतीय निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने बाबूलाल मरांडी को प्रतिवादी बनाने का आग्रह स्वीकार कर उन्हें प्रतिवादी बनाया है। अब अदालत इस मामले में गर्मी छुट्टियों के बाद सुनवाई करेगा। दरअसल वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) के तीन प्रत्याशियों बाबूलाल मरांडी, प्रदीप यादव और बंधु तिर्की की जीत हुई थी। चुनाव में जीत के बाद जेवीएम सुप्रीमो बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का विलय बीजेपी में कर लिया था। बाबूलाल मरांडी के इस फैसले का विरोध करते हुए दो विधायक प्रदीप यादव और बंधु तिर्की कांग्रेस में शामिल हो गए। बीजेपी में जेवीएम के विलय को भारत निर्वाचन आयोग ने सही माना। आयोग के इस फैसले को प्रदीप यादव ने हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। उसी याचिका पर हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है।

## सीएम हेमंत सोरेन दस दिवसीय विदेश यात्रा के बाद रांची लौटे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने 10 दिवसीय विदेश दौरे के बाद बुधवार को राजधानी लौट आये। मालूम हो कि सीएम स्पेन और स्वीडन में राज्य के विकास और निवेश के अवसरों पर चर्चा की। यह दौरा झारखंड के विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे राज्य में नये निवेश और रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल 19 अप्रैल से 27 अप्रैल तक स्पेन और स्वीडन के दौरे पर था। इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य सचिव अलका तिवारी भी शामिल थीं।

## शेयर ट्रेडिंग ने नाम पर साइबर ठगों ने आर्मी के जवान से ₹5.20 लाख उड़ाये

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची के दीपाटोली आर्मी कैंट में पदस्थापित जवान से साइबर ठगों ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 5.20 लाख रुपए की ठगी कर ली। इस संबंध में मुकेश कुमार मिश्रा ने बुधवार को साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आर्मी के जवान मुकेश ने आवेदन में कहा कि उन्हें 19 मार्च को केशव नामक व्यक्ति ने फोन किया। शेयर ट्रेडिंग में पैसा लगाने पर अधिक मुनाफा का लालच दिया। उसने मध्यप्रदेश निवासी रोहित तिवारी का नंबर दिया। कहा कि शेयर ट्रेडिंग में रोहित एक्सपर्ट होने की बात बताई। रोहित से संपर्क करने पर उसने उनका आधार कार्ड लिया और फेक आईडी बना दी।

अभिषेक जाट नामक व्यक्ति के खाते में पहले 20 हजार रुपए जमा कराया। इसके बाद रोहित और केशव ने उन्हें व्हाट्सएप पर लाभ दिखाकर उनसे विभिन्न तिथियों में 5.20 लाख रुपए लिया। जब वह पैसा मांगा तो रोहित तिवारी बहाना बनाने लगा। उसने कहा कि उसे नुकसान हुआ है। ₹1.76 लाख बचा हुआ है और बाकी राशि डूब गई है। इसके बाद दोनों आरोपियों ने उन्हें 20 हजार रुपए दिया। कहा कि बाकी राशि भूल जाओ। इसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# संत फ्रांसिस हरमू का दसवीं और 12वीं में शानदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आईसीएसई बोर्ड (इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन) के 10वीं का रिजल्ट बुधवार को हुआ। माउंट कार्मल स्कूल ओरमांझी के अभिनव कुमार बने रांची टॉपर रहे।

**वहीं** संत फ्रांसिस हरमू के 10वीं में हर्षित सिंह और उत्कर्ष गांधी 98.8% अंक लेकर स्कूल टॉपर बने। 98.6% अंक लेकर नमन यशस्वी दूसरे और रिद्धि पोद्दार 97.4% के साथ तीसरे नंबर पर रहे। वहीं, 12वीं के साइंस-कॉमर्स में टॉप 3 में छात्राएं रहीं। विज्ञान में प्रगति प्रिया ने 95.25% अंक प्राप्त किए। दूसरे स्थान पर इशिता धीरेंद्र को 95%, तीसरे पर रिशिता धीरेंद्र को 94.25% अंक मिले। कॉमर्स में तेजस्विनी जोशी ने 93.5 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में टॉप किया है। माही जैन ने 93 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरा स्थान सिद्धि अंग्रवाल ने प्राप्त किया। सिद्धि को 92.5 प्रतिशत अंक मिले। प्राचार्य फादर शाजी जोसफ ने सभी को बधाई दी।

## बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा का शत प्रतिशत परिणाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा के दसवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल की निशिता राज और मान्या चौधरी 99.2 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से स्कूल टॉपर बनीं। वहीं प्रगति राय 97 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्कूल टॉपर और आदिती श्रीवास्तव 96.8 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्कूल टॉपर बनीं। स्कूल से 283 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुईं थीं। सभी का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इनमें 37 छात्राएं 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल की।






## सेक्रेड हार्ट हुलहुंडू की सभी 149 छात्राओं ने लहराया परचम, प्रचार्या ने दी बधाई

**रांची।** सेक्रेड हार्ट स्कूल हुलहुंडू की छात्राओं ने 10वीं की परीक्षा में एकबार फिर बेहतर प्रदर्शन किया है। कुल 149 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुईं थी। रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। कुल 51 छात्राओं को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले। रिद्धि बर्णवाल को सर्वाधिक 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। अंशिका प्रिया और अनन्या मौलिक ने बराबर 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में दूसरा स्थान हासिल किया। तीसरे स्थान पर सृजा सिंह ने तृतीय स्थान 97.8 प्रतिशत प्राप्त किया। प्राचार्या सिस्ट जोस्फिन खाखा ने सभी सफल छात्राओं को बधाई दी।

## संत फ्रांसिस बनहोरा का 10वीं में शत प्रतिशत परिणाम

**रांची।** संत फ्रांसिस बनहोरा का 10वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। 94 विद्यार्थियों ने परीक्षा, जिसमें सभी सफल हुए। इसमें सर्वाधिक 96.6% अंक लेकर धीरज कुमार स्कूल टॉपर बना। दूसरे स्थान पर साक्षी कुमारी को 95.6 प्रतिशत और तीसरे स्थान अंश कुमार को 94.6 प्रतिशत अंक मिले। प्राचार्य फादर मनोज कुल्लू ने बताया कि रांची जोन से 10वीं में 4994 और 12वीं में 946 छात्र शामिल हुए थे। परिणाम शत प्रतिशत रहा।

## पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सफल विद्यार्थियों को दी बधाई



**रांची।** पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने आईसीएसई 10वीं एवं 12वीं परीक्षाफल में सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। बुधवार को आयोजित बैठक में पासवा का मेघा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई।

## लकड़ी पूजा के साथ रथ यात्रा महोत्सव शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर, बड़कागढ़ में अक्षय तृतीया के अवसर पर ऐतिहासिक रथ यात्रा महोत्सव की शुरूआत रथ निर्माण लकड़ी पूजा के साथ हुई। मंत्रोच्चारण और शंख, घंट, जयकारे के बीच रथ निर्माण सामग्री लकड़ी की पूजा जगन्नाथ मंदिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष अशोक नरसरिया, सचिव मिथिलेश कुमार और मंदिर के प्रथम सेवक (सेवाइत) ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने की। गौरतलब है कि अक्षय तृतीया के ही दिन से महाप्रभु जगन्नाथ, माता सुभद्रा और भाई बलभद्र स्वामीजी के रथ को बनाया जाता है जिस पर सवार होकर वे मौसीबाड़ी जाते हैं। नवदिवस रथ यात्रा महोत्सव रथ पूजा के साथ प्रारंभ हो जाता है।

## राज्यपाल से कई संगठनों का शिष्टमंडल मिला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को खुखरा परगणा परंपरागत पाहड़ा का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा 13 अप्रैल 2025 से झारखंड राज्य के भीतर अनुसूचित क्षेत्रों में पांचवीं अनुसूची प्रशासन और नियंत्रण करने के लिये ज्ञापन समर्पित किया।

### राज्यपाल से मिले अब्दुल जमाल गद्दी

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के ग्रामीण एवं विकास विभाग के विद्यार्थी अब्दुल जमाल गद्दी ने भेंट की। उन्होंने राज्यपाल से विश्वविद्यालय में ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप स्कीम आरंभ करने के लिये पहल करने का आग्रह किया।

### स्वतंत्रता सेनानी के दल ने गवर्नर को मांग पत्र सौंपा

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी परिवारगण का शिष्टमंडल ने मिला तथा विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। शिष्टमण्डल ने अपनी मांगों के समर्थन में राज्यपाल से कार्रवाई करने का आग्रह किया।



# अक्षय तृतीया पर बाजारों में खूब हुई खरीदारी




- मंदिरों में भी पूजा अर्चना और भंडारे का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अक्षय तृतीया पर शहर के बाजारों में खूब खरीदारी हुई। सबसे ज्यादा खरीदारी सोने की हुई। हालांकि इस दिन कुछ लोग मांगलिक कार्य, दान-पुण्य और भूमि, भवन, वाहन खरीदने से भी नहीं चूके। ऐसी मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन कोई भी काम किया जाए वह शुभ होता है। इन दिन लोगों ने अपने घरों में पूजा अर्चना के बाद सोने-चांदी के आभूषण, जेवरात और सिक्कों की जमकर खरीददारी की, पर्व को ध्यान में रखते हुए ब्रांडेड शोरूम से लेकर गली मोहल्लों की दुकानों में आभूषणों की एक से बढ़कर एक रेंज और डिजाइन देखने को मिले। वहीं कई दुकानदारों ने अक्षय तृतीया के लिए मेकिंग चार्जज में छूट भी रखी हुई थी। आभूषण खरीददारी में महिलाओं की रूचि ज्यादा देखने को मिली। वहीं, गृहणियों के मुताबिक इस पावन मौके पर खरीददारी करने और दान करने का विशेष महत्व है।

इस मौके पर शहर के मंदिरों में भी पूजा अर्चना और भंडारे का आयोजन किया गया।

## अक्षय तृतीया पर श्री श्याम मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में बुधवार को अक्षय तृतीया के मौके पर श्री श्याम मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर बाबा श्याम का महास्नान कराया गया। मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्य के साथ मिलकर बाबा श्याम को दूध दही गुलाब जल घी के मिश्रण से महास्नान कराकर गुलाब रूह का मालिश कर वैदिक मंत्रों के साथ नवीन बागा पहनाकर फूलों की मोटी मोटी मालाओं से सजाया गया। कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब मोती माला कामिनी हरा माला रजनीगंधा माला पीला गेंदा तुलसीदल मुरूगन फुल की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम का श्यामल रूप का श्रृंगार किया गया। ये जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## सुरेश्वर महादेव मंदिर की तृतीय वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम से मनायी गयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चुटिया के स्वर्णरेखा नदी के तट अवस्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर की तृतीय वर्षगांठ बुधवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गयी। इस मौके पर हजारों की संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। विभिन्न मार्गो से गुजरते हुए और बाबा भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए कलश यात्रा बनस तालाब पहुंची। यह पर पंडित रंजीत पांडे और पंडित पंकज पांडे ने पूजा अर्चना कराई। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक सीपी सिंह, सुरेश्वर महादेव मंदिर के महासचिव संतोष कुमार, संजय कुमार, रितिक राज, विक्रम साहू, दिलीप साहू, बलम साहू, धनंजय सिंह, कृष्णा साहू, नंदू ठाकुर, अर्जुन साहू, गुंजा तिर्की, रतन लाल, मनोज महतो, राजदीप महतो, मनीष साहू, हीरा प्रसाद, अमित कुमार, दशरथ सिंह, मुकेश केसरी, केशव केसरी, रणजीत राम, मनपुरन नायक, शत्रु नायक, भोला साहू, बबलू साहू व अन्य मौजूद थे।



## मल्लिकार्जुन खड़गे सीएम से मंत्री हफीजुल हसन के इस्तीफे की करेंगे मांग : बाबूलाल

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने संविधान की रक्षा के लिये कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से पूछा सवाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संविधान बचाने की बात करने आ रहे हैं। सबसे पहले आते ही वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हाफिजुल हसन के इस्तीफे की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि संविधान विरोधी व्यक्ति के साथ गठबंधन में बने रहना और उसी समय संविधान बचाओ रैली करना तो दोगलेपन की परिभाषा ही है। उन्होंने कहा कि यह कोई इत्तेफाक नहीं है कि जैसे-जैसे नेशनल हेराल्ड केस की परतें खुलती जा रही हैं, कांग्रेस पार्टी की संविधान को लेकर चिंता भी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि एक सोची समझी साज़िश के तहत जनता का ध्यान राहुल गांधी और सोनिया गांधी द्वारा किये गये घोटाले से भटकाने के लिये सारा आडम्बर रचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी में खुद के नियम-कायदे केवल एक ही परिवार के सदस्य तय करते हों, वह पार्टी देश के संविधान की कितनी परवाह करेगी, यह जनता भली-भांति जानती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और झामुमो गठबंधन की नींव शायद इसी परिवार प्रेम का परिणाम है।

## रौनक राजपूत के नेतृत्व में पाकिस्तान मुर्दाबाद मार्च निकला

**रांची।** गाड़ीखाना चौक से अल्बर्ट एक्का चौक तक आतंकवाद के खिलाफ पैदल मार्च शुरू हुआ। यह मार्च रौनक राजपूत के नेतृत्व में निकाली गई। इस दौरान सैकड़ों युवाओं ने पाकिस्तान मुदार्बाद और आतंकवादियों को पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे जैसे नारों से अल्बर्ट एक्का चौक गुंज उठा। इस प्रदर्शन का उद्देश्य हाल ही में पहलगाम में हुई आतंकी घटना के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करना था। इस दौरान रोमित नारायण सिंह ने कहा, यह घटना पाकिस्तान की बौखलाहट और कायरता को दशार्ती है। देश का बहादुर सेना इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि एक-एक आतंकी को उसके घर में घुसकर मारेंगे और पाकिस्तान को पूरी तरह निस्तेनाबूद कर देंगे। इस मौके पर बालमुकुंद सहाय, रमेश सिंह, बलराम सिंह, रोहित सिंह रोनी, धर्मवीर सिंह, सचिन साहू, रूपक मिश्रा, राहुल गुप्ता, आयुष सिंह और रोहित राज पांडे मौजूद थे।

## साकेत विहार हनुमान मंदिर कार्यकारिणी का गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** साकेत विहार स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में बुधवार को संचालन समिति की एक बैठक उपेंद्र पाठक की अध्यक्षता में मंदिर प्रांगण में हुई।

बैठक में अगले तीन वर्ष के लिए कार्यकारीणी का गठन हुआ। जिसमें विभिन्न पदों पर निम्नलिखित व्यक्तियों का मनोनयन हुआ। संरक्षक मंडल उपेंद्र पाठक, भगवान तिवारी, बलराम राय, नरेश प्रसाद, जयंत कुमार झा, तुलसी मोदी, आशुतोष कर्ण। अध्यक्ष रंजय ओझा, उपाध्यक्ष प्रियदर्शी ऋषिकेश, महासचिव रविंद्र कुमार साहू, संयुक्त सचिव श्याम बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सह कोषाध्यक्ष नीरज ओझा। प्रधान पुजारी के रूप में पंडित उपेंद्र मिश्रा जो पिछले 5 सालों से मंदिर में कार्य कर रहे हैं उनका मनोनयन हुआ।



कार्यकारिणी के रूप में गणेश दुबे, जितेंद्र कुमार, राम प्रवेश यादव, भुवनेश्वर महतो, श्रीमती संगीता सिंह, श्रीमती ज्योत्सना कंठ, संजय सिंह, कुंज बिहारी पांडे, मदन मोहन सिंह, रविंद्र नाथ ठाकुर, नागेन्द्र कुमार विद्यार्थी, कामेश्वर सिंह का मनोनयन हुआ। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में अमरेंद्र चौधरी, रणवीर सिंह, दयाशंकर सिंह, मधुसूदन जहरूवार, अरविंद कुमार वर्णवाल और बीपी श्रीवास्तव का मनोनयन हुआ।

इसके पहले पिछले 3 सालों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया जिस दरमियां मंदिर में बहुत सारा काम हुआ है। जयंत कुमार झा ने समिति का एक बैंक खाता किसी भी बैंक में खोल लिया जाए ऐसा सुझाव दिया। कोषाध्यक्ष के साथ अध्यक्ष या महासचिव के हस्ताक्षर से संयुक्त रूप से खाता संचालित किया जाए। मधुसूदन जहरूवार का सुझाव था कि संगठन में नौजवानों को भी जोड़ा जाए। बलराम राय ने धन्यवाद ज्ञापन किया और इसके बाद सभा की कार्रवाई समाप्त हो गई।

## इंटर स्कूल एकल गीत प्रतियोगिता में शौर्य राज सिंह को प्रथम स्थान

- अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय और सांस्कृतिक केंद्र में किया गया इंटर स्कूल एकल गीत प्रतियोगिता का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय और सांस्कृतिक केंद्र में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर स्कूल एकल गीत प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का संचालन आईएलसीसी की लाइब्रेरियन और सांस्कृतिक समिति की सदस्य निवेदिता शर्मा ने किया। कार्यक्रम में जज के रूप में शर्मिष्ठा मजुमदार उपस्थित थीं।

इस कार्यक्रम में रांची के अनेक स्कूलों सरला बिरला, शारदा ग्लोबल, सुरेन्द्रनाथ, ब्रिजफोर्ड तुपुदाना, डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू, आचार्यकुलम, जीडी गोयनका और गुरुनानक हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। जिसमें से प्रथम स्थान आचार्यकुलम के विद्यार्थी शौर्य राज सिंह को मिला। विद्यालय के स्वामी दिव्यदेव जी एवं प्रधानाचार्या सुजाता कौरा ने शौर्य राज सिंह एवं विद्यालय के संगीत शिक्षकों को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## परशुराम जन्मोत्सव पर मारवाड़ी ब्राह्मण सभा ने शोभायात्रा निकाली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के मौके पर बुधवार को मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। सुबह 9 बजे सालासर मंदिर प्रांगण में यजमान महेंद्र शर्मा ने सपत्नीक पंडित श्याम सुंदर भारद्वाज के सानिध्य में हवन पूजन कर विधिवत पूजा अर्चना करायी गयी। अपराह्न 3 बजे से विशाल शोभायात्रा 501 निशान ध्वज के साथ भजन मंडली, अनुपम झांकी, ढोल नगाड़ा, बैंड बाजा संग नगर भ्रमण ब्राह्मण भवन से प्रारंभ होकर कार्ट सराय रोड, ईस्ट मार्केट रोड, मारवाड़ी टोला, गांधी चौक, शहीद चौक, जैन मंदिर रोड, बड़ा लाल स्ट्रीट, सेवासदन पथ होते हुए पुनः ब्राह्मण भवन पहुंची, जहां महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ।



शोभायात्रा में विधायक चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह, यदुनाथ पांडेय, राजकुमार केडिया, विनय सरावगी, बसंत मित्तल, मनोज बजाज, मुन्चुन राय, रमेश सिंह, संजीव विजयवर्गीय, भैरव सिंह, ललित ओझा, प्रमोद सारस्वत, धर्मेंद्र तिवारी, राधे श्याम शर्मा अन्य सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष व बच्चे शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### वक्फ कानून के विरोध मे राजधानी में ब्लैकआउट



**रांची।** वक्फ कानून के विरोध में बुधवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रात 9:00 बजे से 9:15 तक अपने घर, दुकान, ऑफिस की लाइट बंद करके अपनी नाराजगी का इजहार किया। राजधानी के हिंदपीढ़ी, डोरंडा, कांटा टोली, कडरू सहित अन्य इलाकों में 15 मिनट के लिए लोगों ने अपने घरों की बिजली बंद कर दी। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर यह विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया था।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में एमएसएमई कासा आउटरीच कैंप का आयोजन



**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा बुधवार को होटल मेपल यहु में एमएसएमई कासा आउटरीच कैंप का सफलतम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित उद्यमियों और बैंक के सम्मानित ग्राहकों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। कार्यक्रम में केंद्रीय कार्यालय से अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक, मुख्य अतिथि के रूप में तथा जेवीएम श्यामली के प्राचार्य समरजीत जेना तथा द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, रांची से सचिव भुवनेश कुमार ठाकुर सीए, विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलत हुए। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र प्रमुख के मार्गदर्शन में किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उप क्षेत्र प्रमुख विभाष कुमार मिश्रा एवं नीरज कंधवे, एमएलपी प्रमुख-प्रशांत कुमार पंकज, आरएलपी प्रमुख, कासा एवं लीप प्रमुख, बिजनेस रिलेशनशिप मैनेजर एवं रांची तथा जमशेदपुर के शाखा प्रमुखगण भी शामिल हुए।

### विश्वनाथ मंदिर रातू रोड में मनी परशुराम जयंती



**रांची।** परशुराम जयंती मंच की ओर से बुधवार को पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर रातू रोड में परशुराम जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर ब्राशणों द्वारा सामूहिक आरती की गयी। इसके उपरांत मंदिर परिसर में प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा, ललित मिश्रा मंटू, मनमोहन पांडे, संजीव दीक्षित, अमृतेश पाठक, संतोष तिवारी, विजय पांडे, विनोद शंकर मिश्रा सहित कई लोग इस कार्यक्रम में मौजूद थे।

### सीपीआई ने बिजली दर वृद्धि का किया विरोध

**रांची।** सीपीआई के अजय सिंह ने कहा है कि बिजली के खुदरा टैरिफ में बढ़ोतरी की सीपीआई पुरजोर विरोध करती है। कमर्शियल टैरिफ से ज्यादा घरेलू टैरिफ महंगा है, जो न्यायोचित नहीं है, जनता को अधिक से अधिक लाभ मिले न कि व्यापारियों को। इसलिए घरेलू इस्तेमाल की टैरिफ को कम करे झारखंड सरकार।

### बालाजी मंदिर में अक्षय तृतीया पर उद्यास्तमन सेवा

**रांची।** तिरुपति बालाजी मंदिर में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर पद्मावतीवल्लभ श्रीनिवास भगवान के उत्सव विग्रह, भोग विग्रह और श्रीपति भगवान सहित चक्रराज सुदर्शन का दूध, दधि, हरिद्राचूर्ण, चंदन, शहद, गंगाजल, केसर और डाभयुक्त जल से क्रमानुसार महाभिषेक कराया गया। इसके बाद भगवान श्रीमन्नारायण दंपति को वस्त्राभूषणों से अलंकृत करके दिव्य सुवासित पुष्पों के समुदाय से भव्य श्रृंगार निवेदन हुआ। फिर सत्ताइस दीपों के प्रकाश पुंज से युक्त नक्षत्र आरती की गयी। सूजी का हलवा, आलू पकोड़ा, फल और मेवा का बालभोग लगा । श्रद्धालु भक्तों के भीड़ से मंदिर परिसर भरा हुआ था । उद्यास्तमन सेवा सहित महाभिषेक के यजमान पुलक सिंघानिया पत्नी आयुषी सिंघानिया थे । दिनभर का भोग डॉ सुभाष, पत्नी सुरभि पोद्दार थे। अर्चक सत्यनारायण गौतम और गोपेश आचार्य ने दिनभर के अनुष्ठान को संपन्न कराया। इस अवसर पर राम अवतार नरसरिया, अनूप अग्रवाल, प्रदीप नरसरिया, गौरी शंकर साबू रंजन सिंह, सुशील लोहिया, प्रभास मित्तल, सुशील गरोदिया, ओम प्रकाश गरोदिया के अतिरिक्त दर्जनों उपस्थित थे।

### सीसीएल ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अप्रैल 2025 में सेवानिवृत्त हुए 74 कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इनमें मुख्यालय के 7 कर्मचारी भी शामिल थे। समारोह में निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी तथा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के परिवारजन उपस्थित थे। इस अवसर पर एक वीडियो फिल्म प्रदर्शित की गई, जिसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्यकाल, योगदान और अनुभवों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने सीसीएल के साथ बिताए अपने सफर को साझा किया और कंपनी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक (कार्मिक) मिश्र ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी हमेशा सीसीएल परिवार का अभिन्न हिस्सा रहेंगे। उनके अनुभव और योगदान से कंपनी को निरंतर प्रगति मिली है। मुख्य सतर्कता अधिकारी कुमार ने भी सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक (कल्याण) रेखा पांडेय ने किया। आयोजन को सफल बनाने में विभिन्न विभागों का सराहनीय योगदान रहा।

## सरला बिरला स्कूल में ए.आई. हेल्थ मशीन का उद्घाटन

- यह मशीन छात्रों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी एकत्र कर उसे सुरक्षित रूप से संचित रखती है
- इसके माध्यम से प्रत्येक छात्र का संपूर्ण चिकित्सकीय रिकॉर्ड विद्यालय के पास उपलब्ध रहेगा।




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, में एक विशेष मशीन का उद्घाटन किया गया, जिसे 'ए.आई. पावर्ड हेल्थ स्क्रीनिंग कीओस्क' कहा जाता है। इस मशीन का नाम 'प्रोफिलैक्सिस' है। यह मशीन छात्रों के स्वास्थ्य की जांच के लिए विकसित की गई है और इसके माध्यम से ब्लड प्रेशर, सुगर लेवल तथा श्वसन प्रणाली की जांच जैसे कई महत्वपूर्ण परीक्षण किए जा सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य यह है कि किसी भी बीमारी की समय रहते पहचान की जा सके, जिससे छात्रों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहे और उनका समग्र विकास हो सके, जो कि छम्च 2020 का अभिन्न अंग है। यह मशीन छात्रों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं जैसे एलर्जी, बुखार, खांसी-जुकाम, दृष्टिदोष आदि की जानकारी एकत्र कर उसे सुरक्षित रूप से संचित रखती है। इसके माध्यम से प्रत्येक छात्र का संपूर्ण चिकित्सकीय रिकॉर्ड विद्यालय के पास उपलब्ध रहेगा। इस मशीन के साथ एक विशेष कंप्यूटर सॉफ्टवेयर भी जुड़ा हुआ है, जो जांच पूरी होते ही स्वचालित रूप से स्वास्थ्य रिपोर्ट तैयार कर देता है।

यह तकनीकी पहल विद्यालय की ओर से निवारक स्वास्थ्य देखभाल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य बीमारी के लक्षण प्रकट होने से पहले ही उनकी पहचान करना है। यह प्रयास संयुक्त राष्ट्र के 'सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधा' जैसे सतत विकास लक्ष्यों के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। स्कूल भविष्य में इस स्वास्थ्य कीओस्क का लाभ शिक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों को भी प्रदान करने की योजना बना रहा है, जिससे पूरे विद्यालय परिवार को इसका लाभ मिल सके। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने कीओस्क के उद्घाटन पर सभी को बधाई दी और इस उल्लेखनीय प्रयास पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इस अवसर पर 'सीबीएसई' और 'टैग' (टी.ए.जी.) का आभार प्रकट किया, जिन्होंने विद्यालयों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी प्रबंधन हेतु जागरूक करने की यह सराहनीय पहल की।

## पुण्य तिथि पर याद किये गये सीएड निदेशक के. सुमित

# के. सुमित कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

- जीवन के हर दिन का लक्ष्य निर्धारित करें : अजय नाथ झा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सेंटर फॉर एजुकेशन पीपी कंपाउंड रांची में बुधवार को व्यावसायिक प्रशिक्षण के अंतर्गत कंप्यूटर ऑफिस ऑटोमेशन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। के. सुमित कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ उनकी पुण्य तिथि पर किया गया। जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं को दिन प्रतिदिन काम आने वाले कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह पूरी तरह से निःशुल्क है। इस प्रशिक्षण की अवधि 3 माह की है।

प्रशिक्षण का शुभारंभ अजय नाथ झा ट्राईबल वेलफेयर कमिश्नर ने किया। इस दौरान उन्होंने आज के समय में कंप्यूटर प्रशिक्षण का महत्व बताते हुए कहा कि आज डिजिटलाइजेशन के युग में जहां हर खास-आम को शॉपिंग से लेकर बस एवं रेल की टिकट भी एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाता है वहां इसका ज्ञान होना अति आवश्यक है, नहीं तो आप धोखे के शिकार हो सकते हैं। यह एक स्वर्णिम अवसर है जहां आप सेंटर फॉर एजुकेशन के. सुमित कौशल विकास कार्यक्रम के तहत निःशुल्क इस कोर्स को करके अपना करियर भी बना सकते हैं। निदेशक के. सुमित समाज के विकास, समाज सेवा और वंचितों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उन्होंने खुद 91 बार ब्लड डोनेट किया था। थैलेसिमिया पीड़ितों को निःशुल्क ब्लड उपलब्ध करा सकें। उनके सपनों का पूरा करने के लिये हम प्रयासरत रहें। यही उनके प्रति हमारी श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर सेंटर फॉर एजुकेशन के बोर्ड आफ डायरेक्टर गणमान्य अतिथियों के साथ सीट के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# संसार का सबसे सुंदर सनातन धर्म, जहां बेटियां भी पूजी जाती हैं

## कटरता व भाईचारगी साथ-साथ नही चलेगी, अब भारत में सिर्फ हिन्दू व राष्ट्रधर्म चलेगी : शहनाज अख्तर



ओरमांझी में लोगों के बीच कार्यक्रम प्रस्तुत करती शहनाज अख्तर।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भारत में सबसे अच्छा सनातन धर्म है। सनातन धर्म में ही महिला व बेटियां पूजी जाती है। वहीं समाज में कटरता पैदा करने वालों की धर्म में महिलाओं का कोई सम्मान नही है। उक्त बाते मंगलवार की रात प्रखंड क्षेत्र के कुच्छू में भारत के विख्यात भजन गायिका शहनाज अख्तर ने कही, वह कुच्छू में एक से नौ मई तक आयोजित नवनिर्मित शिवशक्ति हनुमत मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सह श्रीराम कथा से पूर्व को भक्ति जागरण कार्यक्रम में पहुंची थी। शहनाज अख्तर की भजन का रसपान करने लगभग 10 हजार से अधिक लोग पहुंचे थें। वहीं शहनाज अख्तर ने लोगों से जय श्रीराम, जय हनुमान, जय भवानी आदि देवी-देवताओं की जयकारा लगवाई, वहीं लोग उनकी भक्ति गीतों पर झूम रहे थें। शहनाज अख्तर ने कहा धरती पर पापी व पाप बढ़ गए हैं। हिन्दुओं के धर्म से ही यह धरती सुरक्षित हुई है। उन्होंने बेटियों को पर्स में मेकप का सामान नही, लाल मिर्च व चाकू रखने और सभी को दुगावाहिनी से जुड़ने का अहवान किया। कहा दुष्टों व जेहादियों की नजर हिन्दू बेटियों पर है। शहनाज अख्तर ने गर्व से कहा हां मै मुस्लिम हूं और हिन्दू धर्म मानती हूं। उसने कहा हमारे बेटियों को भी पापियों से निपटने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। सर तन से जूदा करने वाले ताक में रहते हैं। आज के समय में महिलाओं के साथ युवाओं को भी सावधान व तैयार रहने की जरूरत है। उसने कहा भारत में कटरता व भाईजारगी एक साथ नही चलेगी। अब देश में सिर्फ हिन्दू व राष्ट्र धर्म चलेगा। भजन गाने का विरोध करने वाले कटर पंथियों पर कहा उन दुष्टों से अगर डर जाती तो आज मुझे भी पर्दे में रहना पड़ता। उन्होने अयोध्या में भव्य श्रीराम लला की मंदिर निर्माण कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की काफी सरहना की, और पहलगाम में हुई आतंकी हमले की भी चर्चा करते हुए भारत के प्रधानमंत्री का साथ देने का भी अहवान किया। कार्यक्रम का उदघाटन राज्यसभा सदस्य व पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने किया, कहा कार्यक्रम की भीड़ व क्षेत्र के लोगों का उत्साह से लगता है, प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान एतिहासिक होगा। उन्होने आज होने वाले कलश यात्रा में रांची जिला के विभिन्न प्रखंडों के लगभग पांच हजार महिलाओं के शामिल होने की संभावना जताया गया है।

कार्यक्रम में भाजपा संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद मनीष जयसवाल, प्रदीप प्रसाद, वरूण साहू, रमेश सिंह, शोभा यादव, केके गुप्ता, रामकुमार पाहन, जीतू चरण राम, जयलेंद्र कुमार, नीतीश साहू, अमित साहू, कुलदीप साहू आयोजन समिति के पदाधिकरी आदि उपस्थित थें।

## ओरमांझी में दो घर से 15 लाख की जेवरात व पैसे की चोरी

➲ शहनाज की भजन सुनने गए थे घर के लोग



पुलिस को चोरी की जानकारी देते घर के लोग।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के कुच्छू के दो घरों को चोरों द्वारा निशाना बनाया गया है। चोरों ने गांव के राजदीप साहू व कृष्णदेव महतो के घर के दरवाजा का ताला व अलमिरा का लॉक तोड़ कर सोने-चांदी के जेवरात सहित लगभग 15 लाख रूपए चुरा कर ले गए। कार्यक्रम से लौटने व ताला टुटा देखकर चोरी का पता चला। अंदर जाने पर अलमिरा भी खुला व सामना बिखरे पड़े थें। सुबह में ओरमांझी थाना में मामला दर्ज होने के बाद पहुंची पुलिस द्वारा दोनो मकान व आसपास का निरीक्षण किया, और घटना की जानारी ली। बताया गया कि राजदीप साहू के घर से लगभग रूपए सहित 11 लाख के जेवरात ले गए। वहीं कृष्ण देव के घर में रखे महिला समूह के रूपए सहित चार लाख के जेवरात ले गए। पुलिस द्वारा घर व आसपास में घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों की गिरफ्तारी का प्रयास की जा रही है। वहीं गांव में गुरुवार से ही रात्रि में होने वाले श्रीराम कथा में जाने से पूर्व लोगों को अपने घरों की सुरक्षा की चिंता सता रही है।

## बनारस के प्लाईवुड कारखाने की छत से गिर कर घायल सिकिदिरी के मजदूर की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** बनारस के एक प्लाईवुड कारखाने में आगजनी की घटना में घायल मजदूर विशाल बेदिया (21) का ईलाज के दौरान मंगलवार को रिम्स में मौत हो गई। विशाल सिकिदिरी थाना क्षेत्र के ओबर गांव का रहने वाला था। करीब एक माह पूर्व वह बनारस के एक प्लाईवुड कारखाने में काम करने गया था। मिली जानकारी के अनुसार विशाल बेदिया पिता जगेश्वर बेदिया अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ कुछ माह पूर्व एक प्लाईवुड कारखाने में काम करने के लिए बनारस गया था। करीब दो सप्ताह पूर्व कंपनी में आगजनी की घटना हुई थी। इस दौरान विशाल कंपनी के तीसरे तल्ले में था। अचानक हुई आगजनी की घटना में नीचे तल्ले के सभी कर्मचारियों ने बाहर भागकर अपनी जान बचाई। परन्तु विशाल और उसके दोस्त छत में चले गए। प्लाई में आग लगने के कारण आग तेजी से उपर फैल रहा था। विशाल और उसके दोस्त जान बचाने के लिए रस्सी के सहारे तीसरे तल्ले के छत से नीचे उतरने लगे। इसी दौरान विशाल का हाथ रस्सी से छूट गया। वाह नीचे गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। तत्काल उसे बनारस के अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। तीन दिन बनारस में ईलाज के बाद परिजन दूर होने की बात कह कर उसे ईलाज के लिए रांची लाकर रिम्स में भर्ती कराया दिया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने कंपनी से मुआवजे की मांग की है। बुधवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि कंपनी के मालिक ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, बनारस में डॉक्टरों ने सर्जरी कराने की बात कही थी परन्तु मालिक ने ध्यान नहीं दिया। परिजनों ने सरकार से मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

## इलाज के क्रम आकस्मिक निधन

**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव निवासी भुनेश्वर कुशवाहा का आकस्मिक निधन पिछले दिनों इलाज के क्रम में हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही बुधवार को समाजसेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश मृतक के घर पहुंचे। मौके पर श्राद्धकर्म के लिए उन्होंने परिजनों को नगद सहयोग किया। उन्होंने मृतक की पत्नी को प्रधानमंत्री आवास योजना व विधवा पेंशन का लाभ जल्द देने को लेकर बीडीओ धीरज कुमार से बात भी किया। साथ ही मृतक के बच्चियों को पढ़ाई में भी हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## दो दिनों मंडा पूजा झूलन अनुष्ठान के साथ संपन्न



**इटकी।** इटकी में दो दिनों से जारी मंडा पूजा झूलन अनुष्ठान के साथ बुधवार को संपन्न हो गया। मौके पर मंडा मेला का आयोजन किया गया। पूजा के उपासकों को डंडा के सहारे करीब 20 फीट की ऊंचाई पर झुलाया गया। झूलने के क्रम में उपासकों द्वारा पुष्प वर्षा भी की गई जिसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं के बीच होड़ मची रही। महिलाओं ने आंचल फैलाकर इन पुष्पों को ग्रहण किया। इससे पूर्व मंगलवार की रात पूजा के मुख्य अनुष्ठान फुलखुन्दी सहित लोटन सेवा व धुआंसी अनुष्ठान किये गये। मौके पर अध्यक्ष मनोज लोहरा, कोषाध्यक्ष अर्पण कुमार, अमित महतो, विक्की सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सीसीएल से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मान समारोह आयोजित कर दिया गया विदाई



**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया डकरा भीआईपी सभागार में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह के मुख्यातिथि के रूप से एनके जीएम दिनेश गुप्ता उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सीसीएल के एन के क्षेत्र के चुरी, डकरा, केडीएच, पुरनाडीह परियोजनाओं में 30 वर्षो से कार्यरत आठ कर्मचारियों को अपने सेवाकाल से सेवानिवृत्त किया गया। सेवानिवृत्त कर्मियों में कृष्णा कुमार झा एएचक्यू महाप्रबंधक (एम), सुरेंद्र जेना डकरा परियोजना, लालू मुंडा चुरी परियोजना, चंद्र भूषण डकरा परियोजना, प्रेम कुमार चुरी परियोजना, भेखलाल गंझू चुरी परियोजना, राम प्रवेश नोनिया केडीएच परियोजना, भोला गंझू पुरनाडीह परियोजना से हुए। इन सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पूरे सम्मान के साथ उपहार देकर विदाई दिया गया। मौके पर सुनील कुमार सिंह, शैलेन्द्र कुमार, प्रेम कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# मांउट कार्मेल के सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उतीर्ण

➲ ओरमांझी का अभिनव 99.4 प्रतिशत के साथ बना जिला टॉपर हुआ

➲ मारिया नायाब 99 व शिवम सिंहा 96 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय

खबर मन्त्र संवाददाता



अभिनव



मारिया नायाब



शिवम सिंहा

**ओरमांझी।** आईसीएसई बोर्ड परिक्षा में माउंट कार्मेल स्कूल के सभी छात्र प्रथम श्रेणी उर्तीण हुए हैं। वहीं ओरमांझी के अभिनव कुमार 99.4 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर हुआ है। अभिनव के पिता अनोज कुमार व्यवसायी है, और उसकी मां सुनिता देवी भी व्यवसायी में पति का साथ देती हैं। जिला टॉपर होने पर अभिनव सरप्राइजिंग बताया, और इसका श्रेय अपने-माता पिता के साथ विद्यालय के अनुशासन व षिक्षको की पढाई को दिया। उसने एरोनॉटिक (स्पेस इंजीनियर) बनने की आगे का लक्ष्य बताया। वहीं खेल में क्रिकेट, चेस व अन्य हॉवी में ज्ञानवर्धक बूक व अगखर पड़ना व क्रिकेट मैच व न्यूज देखना बताया। वहीं घर में उसके पिता नही थें। किसी काम के लिए बाहर गए हैं। गुरूवार को लौटने का इंतजार है। घर में मां के साथ उसकी दादी सावित्री देवी अभिनव के टॉपर बनने पर खुशी से फुले नही समा रहे थें। अभिनव के अलावे मारिया नायाब फातिमा 99 प्रतिशत व शिवम कुमार सिंहा 96 प्रतिशत अंक के साथ दोनो द्वितीय व तृतीय स्कूल टॉपर हुए हैं। इसकी जानाकरी देते हुए निदेषक फादर दीपक ने बताया विद्यालय से कूल 177 विद्यार्थी परिक्षा शामिल हुए थें। जिसमें तीने टॉपर के अलावे 15 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक से उतीर्ण हुए हैं। वहीं जिला टॉपर होने पर उन्होने खुशी जताते हुए कहा विद्यालय में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास की जाती हैं। वहीं बच्चें का बेहतर रिजल्ट विद्यालय को सम्मान दिलाती है। उन्होने छात्रों की सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक व बच्चों का खूद की मेहनत व लगन को दिया, कहा शिक्षक के साथ अभिभवकों ने भी परिक्षा के लिए काफी गंभरता से बच्चों को समय दिया था। शहर से दूर ग्रामीण क्षेत्र के गांव में रहने वाले बच्चों में काफी प्रतिभा है। पढाई के प्रति बच्चें भी काफी गंभीर थें। अवसर मिले तो मांउट कार्मेल के छात्र भी बेहतर मुकाम पा सकते हैं।



टॉपर छात्र को मिठाई खिलाते निदेषक फादर दीपक व तीनो टॉपर विद्यार्थी।

## मोदी सरकार के नेतृत्व में जातीय जनगणना का निर्णय ऐतिहासिक एवं स्वागत योग्य : विनय



**सिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्रीय कैबिनेट ने जनगणना में जातिगत आधारित जनगणना को भी सम्मिलित कराने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उक्त निर्णय का भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने ऐतिहासिक करार देते हुए स्वागत किया है। जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि ये निर्णय आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्तर पर पिछड़ी हुई जातियों को मुख्यधारा में लाने तथा लंबे समय से अपने हक और अधिकार से अछूते लोगों को उनका सम्मान वापस लौटाने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कांग्रेस ने लंबे समय तक जातियों के बीच वैमनस्यता बढ़ाने तथा उन्हें वोटबैंक का साधन बनाकर अपने राजनीतिक स्वार्थ को सिद्ध किया है। सरकार में रहते हुए कांग्रेस ने सदैव जाति जनगणना का विरोध किया, जिसका प्रमाण है कि स्वतंत्रता के बाद देश में आजतक जातिगत जनगणना नहीं हुई है। मोदी सरकार का ये अभूतपूर्व निर्णय सामाजिक समरसता के विस्तार के साथ ही हर वर्ग के उत्थान एवं पिछड़े तबके के सम्मान को बढ़ाने में मील का पत्थर बनेगा। जिला अध्यक्ष ने सर्व समाज के कल्याण हेतु इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मोदी जी का आभार व्यक्त किया है।

### कमड़े के शादी समारोह में जमकर मारपीट, कई जख्मी

## शादी का रिश्ता टूटा, बे-आबरू होकर बैरंग लौटे सभी बराती

➲ 29 अप्रैल रात की घटना

➲ आपस में किया समझौता

**रातू।** कमड़े स्थित पुष्पक मैरेज हॉल में मंगलवार की रात शादी समारोह के दौरान हुये विवाद के बाद हंगामे व मारपीट होने की बात सामने आयी है। इस दौरान आधा दर्जन लोगों के जख्मी होने की खबर है। स्थानीय अस्पताल में सभी का इलाज कराया गया। दोनों पक्ष ने प्राथमिकी दर्ज करने से मना कर आपस में समझौता कर लिया और इसकी प्रति थाने को सुपुर्द कर दिया। इससे पूर्व रघुनी की बहू रितु चौधरी ने 112 डायल कर घटना की सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया। हालांकि, शादी का रिश्ता टूट गया और बाराती बे-आबरू होकर बैरंग लौट गये।

**जानें क्या है मामला**

पलामू के चैनपुर के गंगी टोली बहेराटांड़ से रघुनी मल्लाह अपने पुत्र मुखलाल की बारात लेकर आये थे। उसकी शादी पिस्का मोड़ निवासी बसिकत सहनी की पुत्री रागिनी कुमारी से तय थी। बारात आने के बाद मुखलाल की प्रेमिका ने उसकी होने वाली पत्नी को मोबाइल पर चार महीने का गर्भ होने की बात बतायी।

**खड़ा हुआ हंगामा**

इसे लेकर बराती और शरातियों में कहा-सुनी हो गयी। इसके उपरांत, हंगामा होने लगा और लोग एक-दूसरे पर टूट पड़े। लड़की पक्ष के लोगों ने बारातियों का मोबाइल, चढ़ावे में लाये गये जेवरात तथा कई वाहनों को तिलक की वसूली के तौर पर गिरवी रख लिया। बाद में सामाजिक मामला होने के नाते दोनों पक्ष इसे सुलझा लिये। लोग आपस में गले मिल गिला-शिकवा दूर किये।

## शिव मंडा पूजा का हुआ आयोजन

**मुरी।** बुधवार के दिन कांटाडीह गांव में शिव मंडा पूजा का भव्य आयोजन किया गया। भक्तों ने भगवान शिव की पूजा की तथा पूजा के दौरान दहकते अंगारों पर नंगे पैर चलकर अपनी भक्ति और आस्था का परिचय दिया। यह पूजा विशेष रूप से आदिवासी समुदायों के लिए महत्वपूर्ण है परंतु इस पूजा में विभिन्न समुदायों के लोगों ने हिस्सा लेकर पूजा को और भी आकर्षक बनाया। पूजा के दरमियान भक्तों ने बताया कि यह पर्व झारखंड की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह पूजा अच्छी वर्षा और भरपूर फसल के लिए देवी देवताओं को प्रसन्न करने के लिए मनाया जाता है। मंडा पूजा शिव भक्तों की धार्मिक आस्था और भक्ति के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक है साथ ही झारखंड के छोटा नागपुर का प्रमुख पर्व भी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेंद्र महतो, अनिल चंद्र महतो, अशोक महतो एवं देवेंद्र महतो समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## आईसीएसई दसवीं एंव बारहवी का रिजल्ट निकला

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** आईसीएसई की परीक्षा का रिजल्ट बुधवार को प्राकशित कर दिया गया। परीक्षा में बिसप वेस्टकाट गर्ल्स स्कूल नामकुम की रिजल्ट सौ प्रतिशत रहा स्कूल की माही नारसरिया ने 98 प्रतिशत अंक लाकर पहला स्थान प्राप्त किया है। वही प्रिसा ऋसि राज ने 97,6 प्रतिशत अंक लाकर दुसरा एवं अवनि सरावगी ने 96,4 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रचार्या एन जैकब ने बताया कि स्कूल से 173 छात्रांए परीक्षामें शामिल हुई थी, जिनमें सभी पास हुई है 23 छात्राओं ने 90 प्रतिशत एंव उससे ज्यादा अंक प्राप्त किया है। प्रचार्या ने रिजल्ट पर खुशी जताते हुए कहा कि बच्चों की मेहनत और शिक्षिकाओं तथा अभिभावकों का सहयोग से इतनी अच्छी रिजल्ट आयी है। उन्होने सभी बच्चों के उज्जवल भविस्य की कामना की है। वही बिसप वेस्टकाट ब्वाएज स्कूल नामकुम की दसवीं की परीक्षा में संदेस लक्ष्य ने 98,6 प्रतिशत अंक लाकर पहला स्थान प्राप्त किया है। वही अमृत सिन्हा ने 97,4 प्रतिशत अंक लाकर दुसरा एंव रक्षित सिहं एंव सुबो घोस ने 96,6 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

प्रचार्य जुवेल एडविन ने बताया कि स्कूल का परीक्षाफल सौ प्रतिशत रहा। कुल 123 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें से सभी पास हो गए है। 15 बच्चो ने 90 और उससे उपर अंक हासिल किया है तथा 33 बच्चे 80 और उससे ज्यादा अंक प्राप्त किए है। वहीं बारहवीं की परीक्षा में भास्कर हेमब्रोम ने 84 प्रतिशत अंक लाकर पहला स्थान प्राप्त किया है। अर्श कुमार ने 82,50 प्रतिशत अंकर लाकर दुसरा एंव सृस्टि सेरोन रिवेन ने 82,3 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रचार्य जुवेल एडविन नें बताया कि बारहवीं की परीक्षा में कुल 57 बच्चें शामिल हुए थे। जिसमें से 54 उत्त्रीण हुए है । इधर कार्मेल गर्ल्स स्कूल लोवाडिह की निहिता मिश्रा और श्रुतिका कुशवाहा ने 95 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रूप से स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया है, तथा प्राची श्रीवास्तव ने 93,6 प्रतिशत अंक लाकर दुसरा तथा साक्षी संपत ने 93 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रचार्या सिस्टर रसमिथा ने बताया कि स्कूल कर रिजल्ट सौ प्रतिशत रहा स्कूल से कुल 123 बच्चें परीक्षा में शामिल हुए थे जिनमें 109 प्रथम श्रेणी 14 द्वितिय श्रेणी में पास हुए है। वहीं संत फ्रांसिस स्कूल लोवाडिह अभिनव आनंद ने 97,2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया है,जबकि युमन सबिर ने 95,4 प्रतिशत अंक लाकर दुसरा एंव गौतम कुमार ठाकुर ने 94,6 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। स्कूल का रिजल्ट सौ प्रतिशत रहा।

## परशुराम जयंती पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन



**सिल्ली।** बुधवार के दिन संध्या 7 बजे परशुराम जयंती को लेकर मारवाड़ी धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान धर्मशाला में महिलाओं के द्वारा विधि पूर्वक पूजन एवं भजन का भी आयोजन किया गया। मौके पर मारवाड़ी सभा के गोपाल केडिया एवं दुर्गा अग्रवाल के द्वारा ब्राह्मणों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया तथा बताया गया कि भगवान परशुराम के बताए गए पदचिन्हों में चलकर ही कल्याण संभव हो सकता है। इस मौके पर राजेश उपाध्याय, गुड्डू मिश्रा, भारत कुमार ठाकुर, कमलेश दुबे, प्रवीण पांडे, दिनेश बनर्जी समेत दर्जन लोग शामिल हुए।

## श्री साईं मंदिर की 10वीं वर्षिकउत्सव मनाया गया



साईं मंदिर में विशेष पूजा करते श्रद्धालु।

**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव बैंक मोड़ स्थित श्री साईं मंदिर की 10वीं वर्षिकउत्सव कार्यक्रम बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत साईं बाबा की विशेष पूजा अर्चना, रुद्राभिषेक व हवन के साथ कि गयी। महाआरती में बतौर अतिथि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व सासंद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू, कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील सहाय, समाजसेवी सह शिक्षाविद स्वामी देवेन्द्र प्रकाश, मंडा समिति के केंद्रीय अध्यक्ष उदय पासवान, शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, विद्यायक सुरेश कुमार बैठा, मांडू विद्यायक निर्मल महतो, अंचलाधिकारी सचिदानंद कुमार वर्मा, बीडीओ धीरज कुमार, थाना प्रभारी विनीत कुमार, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हरदेव साहू, जीप सदस्य रामजीत गंझू समेत अन्य अतिथि शामिल हुए। वहीं दूसरी और राज्यपाल संतोष गंगवार ने पत्र देकर ट्रस्ट के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। सभी धार्मिक अनुष्ठान बनारस से आये आचार्य पंडित जीवन पांडेय व मुख्य पुजारी अजय मिश्रा के सानिध्य में संपन्न कराया गय। कार्यक्रम को सफल बनाने में साईं सेवा ट्रस्ट के सचिव डॉ शिवकुमार तिवारी, मधुकर आनंद, जयंत आशुतोष तिवारी, नील लोहित, माधव जी, लड्डू जी समेत अन्य का योगदान सराहनीय रहा।

## सेवानिवृत्त लेटेंगा उरांव को दी गई विदाई



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड कार्यालय में कार्यरत जन सेवक लेटेंगा उरांव की सेवानिवृत होने पर बुधवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में एक समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने कहा कि लेटेंगा उरांव सहज स्वभाव के व्यक्ति थे उनके कार्यशैली बहुत ही अच्छी रही और हमेशा समय पर अपना दायित्व निभा लेते थे। आज उनकी जिंदगी की दूसरी पारी पर मैं प्रखंड परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। साथ ही यह कामना करता हूं कि अपने परिवार के साथ यह बेहतर जिंदगी व्यतीत करेंगे। मौके पर प्रधान सहायक फारूक नदीम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमेशा समय के पाबंद रहे एक नेक और शरीफ इंसान की तरह अपना कार्यकाल पूरा किया है। उनकी इन्हीं अच्छाई के कारण इनका इपीएफ व पेंशन सहित सारी कागजी कार्रवाई पूरी कर ली गई है। यह मेरे कार्यकाल का पहला अवसर है कि किसी की सेवानिवृति के ही दिन पेंशन, जीपीएफ सहित इनके सभी कागजी कार्रवाई शत प्रतिशत पूर्ण हो गया हो। इनके अलावे प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, राजेश नायक, सौरभ महली, परमानंद साहू और करमू कंदीर सहित अन्य ने अपने विचार व्यक्त कर लेटेंगा उरांव की अच्छाइयों का जिक्र किया। मौके पर मुखिया लक्ष्मी कोया, प्रखंड नाजिर कुमार रितेश, संजीव कुमार दुबे, जय किशोर, सुनील कुमार, पूजा तिग्गा सहित अन्य प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

# डॉन बॉस्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज के विद्यार्थियों ने परचम लहराया







**डॉन बॉस्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज के 10 टॉपर**

| | |
|---|---|
| 1 - | आयुष कुमार 98.2 % |
| 2 - | लक्की कुमार राज 96.6% |
| 3 - | अनुराग सिंह 96.2 % |
| 4 - | चंद्रज्योति कुमारी 95.6 % |
| 5 - | सोनपरी कुमारी 94. 8 % |
| 6 - | सागर कुमार सिंह 94.4% |
| 7 - | शिवम कुमार 94.2% |
| 8 - | अनीस कुमार 93.8 % |
| 9 - | उत्कर्ष वाजपेयी 93.2 % |
| 10 - | कुमार निलय 92.4 % |

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** आइसीएसइ दशवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित,डॉन बॉस्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज के विद्यार्थियों ने एक बार फिर सफलता के परचम लहराया। एकेडमी का 24 वां बैच जिसमें कुल 93 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। आइसीएसइ द्वारा घोषित परिणाम में सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास होकर एकेडमी का नाम रौशन किया है। डॉन बॉस्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज का एवरेज 83.74 प्रतिशत रहा। आयुष कुमार 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए एकेडमी टॉपर बने। लक्की कुमार राज 96.6 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय, अनुराग सिंह 96.2 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं चंद्रज्योति कुमारी 95.6 व सोनपरी कुमारी 94.8 प्रतिशत, सागर कुमार सिंह 94.4 प्रतिशत, शिवम कुमार 94.2 प्रतिशत, अनीस कुमार 93.8 प्रतिशत, उत्कर्ष वाजपेयी 93.2 व कुमार निलय 92.4 प्रतिशत, आयुष कुमार व रागिनी मिंज को 92.2 प्रतिशत, हिमांशु गुप्ता 91.4, मो जैद आलम 91.2, नैयर आजम व अदीब हसन को 91 प्रतिशत, नितिन कुमार व अर्जुन महतो को 90.8, हर्षित कुमार 90.6, अनुराग कुमार व अस्तित्व आनंद को 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ। एकेडमी से इस वर्ष 21 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है, 44 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक, 26 छात्रों ने 70 प्रतिशत व 2 छात्रों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर डॉन बॉस्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज व अपने परिवार का नाम रौशन किया है।

# एकता पर हो जोर

देश की सबसे बड़ी ताकत नागरिक एकता होती है, इसे ध्वस्त करने का काम हो रहा है। भाजपा हाईकमान तथा उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को चाहिये कि वे अपने कार्यकताओं तथा समर्थकों को इस बात की समझाइश दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के गुनहगारों से लड़ने की जरूरत है, न कि देश के भीतर रहने वाले मुसलमानों से। उनकी हरकतें अंतरराष्ट्रीय समुदाय के आगे भारत को एक विभाजित समाज के रूप में प्रस्तुत कर रही हैं। 22 अप्रैल को जो हत्या हुई इनमें एकाध को छोड़कर सारे ही पर्यटक थे। इस घटना ने देश भर में पहले से चल रही मुस्लिम विरोधी मानसिकता को और भी सघन कर दिया है। इस बात को बहुत बढ़-चढ़कर बताया जा रहा है कि आतंकियों ने सैलानियों से उनका धर्म पूछकर गोली मारी। सोशल मीडिया पर हिन्दू-मुस्लिम की लड़ाई घटना के बाद से ही तेज हो गयी है। धर्म पूछकर गोलियां मारने का हाइप इतना बना दिया गया कि एक वर्ग इस बात से कतई प्रभावित नहीं हो रहा है कि अपनी जान का खतरा मोल लेकर गाइडों, घोड़े वालों आदि ने बड़ी संख्या में पर्यटकों को बचाया। वहां से लौटे पर्यटकों की आप-बीती वाले वीडियो कई जगहों से आ रहे हैं जिनमें वे कह रहे हैं कि स्थानीय कश्मीरियों ने उनकी न केवल जान बचाई वरन उन्हें अपने घरों में पनाह दी। उनसे खाने-पीने, रहने का पैसा नहीं लिया, उन्हें बस अड्डों तथा एयरपोर्ट मुफ्त में छोड़ा गया। नजाकत अली का किस्सा खूब मशहूर हो रहा है, जिसने छत्तीसगढ़ के चिरमिरी के 11 लोगों को बचाया। इनमें भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधि तक हैं। एक घोड़े वाला सैयद आदिल हुसैन आतंकियों से राइफल छीनने की कोशिश में मारा गया। देश की सुरक्षा सर्वोपरि है। यह सरकार की जबावदेही है। विपरीत स्थिति में यह देश एकता के बल पर ही पाकिस्तान को परास्त भी करेगा।

## आज का राशिफल

**मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8**

**वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8**

**मिथुन : शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9**

**कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9**

**सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7**

**कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8**

**तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7**

**वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8**

**धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8**

**मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9**

**कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9**

**मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6**


**संस्थापक**
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**प्रधान संपादक**
**सौरभ कुमार सिंह**
**संपादक**
**अविनाश ठाकुर***
**फोन : 95708-48433**
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

**धनबाद कार्यालय**
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# मजदूरों के महत्व को बताता मजदूर दिवस





**मजदूर** दिवस मजदूरों के महत्व को दर्शाने का महत्वपूर्ण उत्सव है। भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर ऐसा हो नहीं पाया है। भारत में 90 फीसदी मजदूर असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं जिनको सभी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं प्राप्त नहीं हैं। देश में श्रमिक वर्ग की संख्या संगठित व असंगठित क्षेत्र में 50 करोड़ से ज्यादा है।

भारत में एक मई का दिवस सबसे पहले चेन्नई में एक मई 1923 को मद्रास दिवस के तौर पर मनाना शुरू किया गया था। इसकी शुरूआत भारती मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेट्यार ने शुरू की थी। मद्रास हाई कोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। वर्तमान में भारत समेत लगभग 80 देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है।

मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। इस बार के अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस में वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क की थीम है। स्वास्थ्य और सुरक्षा में क्रांति, कार्यस्थल पर एआई और डिजिटलाइजेशन की भूमिका। इसका मतलब है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, वर्चुअल रियलिटी और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी नई तकनीकों का इस्तेमाल कार्यस्थल को और ज्यादा सुरक्षित और सेहतमंद बनाने में किया जाएगा। स्मार्ट हेलमेट्स, सेफ्टी सेंसर, ऑटोमेटेड मॉनिटरिंग सिस्टम ये सब भविष्य की सुरक्षा के अहम हिस्से बनेंगे।

किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर राष्ट्र तरक्की करता है। लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह को कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है।

महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति खुद को मालिक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझें मगर ऐसा होता नहीं है। इसी कारण भारत में मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। गुरु नानक देव जी ने भी अपने समय में किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक में आवाज उठाई थी। गुरु नानक देव जी ने काम करना, नाम जपना, बांट छकना और दसवंध निकालने का संदेश दिया था। गरीब मजदूर और कामगार का विनम्रता का राज स्थापित करने के लिए मनमुख से गुरमुख तक की यात्रा करने का संदेश दिया था।



**- रमेश धमोरा**

> दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती हैं। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता

सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती हैं। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है। हमारे देश के मजदूरों को न तो मालिकों द्वारा किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और ना ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं। जहां ना उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है न ही उनको कोई ढंग का काम मिल पाता है। मगर आर्थिक कमजोरी के चलते शहरों में रहने वाले मजदूर वर्ग जैसे तैसे कर वहां अपना गुजर-बसर करते हैं।

बड़े शहरों में झोंपड़पट्टी बस्तियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। जहां रहने वाले लोगों को कैसी विषम परिस्थितियों का सामना करता है। इसको देखने की न तो सरकार को फुर्सत है ना हीं किसी राजनीतिक दलों के नेताओं को। झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले मजदूरों को शौचालय जाने के लिए भी घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। झोपड़पट्टी बस्तियों में ना रोशनी की सुविधा रहती है। ना पीने को साफ पानी मिलता है और ना ही स्वच्छ वातावरण। शहर के किसी गंदे नाले के आसपास बसने वाली झोपड़पट्टियों में रहने वाले गरीब तबके के मजदूर कैसा नारकीय जीवन गुजारते हैं। उसकी कोई कल्पना नहीं कर सकता। मगर इसको अपनी नियति मान कर पूरी मेहनत से अपने मालिकों के यहां काम करने वाले मजदूरों के प्रति मालिकों के मन में जरा भी सहानुभूति के भाव नहीं रहते हैं। उनसे 12-12 घंटे लगातार काम करवाया जाता है। घंटों धूप में खड़े रहकर बड़ी-बड़ी कोठियां बनाने वाले मजदूरों को एक छप्पर तक नसीब नहीं हो पाता है।

देश के कारखानों में काम करने वाले मजदूरों पर हर वक्त इस बात की तलवार लटकती रहती है कि ना जाने कब मालिक उनकी छंटनी कर काम से हटा दे। कारखानों में कार्यरत मजदूरों से निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है। विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी दी जाती है। मजबूरी में मजदूर कारखाने के मालिक की शर्तों पर काम करने को मजबूर होता है। कारखानों में श्रम विभाग के मापदण्डो के अनुसार किसी भी तरह की कोई सुविधायें नहीं दी जाती है।

कई कारखानों में तो मजदूरों से खतरनाक काम करवाया जाता है जिस कारण उनको कई प्रकार की बीमारियां लग जाती है। कारखानों में मजदूरों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा, पीने का साफ पानी, विश्राम की सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवायी जाती है। मालिकों द्वारा निरंतर मजदूरों का शोषण किया जाता है। मगर मजदूरों के हितों की रक्षा के लिये बनी मजदूर यूनियनो को मजदूरों की बजाय मालिको की ज्यादा चिंता रहती है। हालांकि कुछ मजदूर यूनियनें अपना फर्ज भी निभाती हैं मगर उनकी संख्या कम है।हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारें मजदूरों के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती हैं। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बातें लिखी होती हैं किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं।

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## ट्वीट

**जाति** जनगणना कराने का केंद्र सरकार का फैसला स्वागतयोग्य है। जाति जनगणना कराने की हम लोगों की मांग पुरानी है। यह बेहद खुशी की बात है कि केन्द्र सरकार ने जाति जनगणना कराने का निर्णय किया है। जाति जनगणना कराने से विभिन्न वर्गों के लोगों की संख्या का पता चलेगा जिससे उनके उत्थान एवं विकास के लिए योजनाएं बनाने में सहूलियत होगी। इससे देश के विकास को गति मिलेगी। जाति जनगणना कराने के फैसले के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन तथा धन्यवाद।

**– नीतिश कुमार, सीएम**

# नैतिक पतन के चलते खतरे में इंसानी रिश्ते और असुरक्षित समाज

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

**समाज**

**समाज** में कितना पतन बाकी है? यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है। महिला ने जेठ के साथ मिलकर अपने दो वर्ष के बेटे को मरवा दिया। पत्नी ने प्रेमी सँग मिलकर मर्चेंट नेवी मे अफसर पति के टुकड़े-टुकड़े कर ड्रम में डाल दियाा। पिता ने नौकर से अपने बेटे की हत्या करवायीं। ये कुछ वारदातें तो बानगी भर हैं। दरअसल नैतिक पतन के चलते इस तरह की खबरें अब आम हो रही हैं। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। लेकिन यह भी ध्यान देने की बात है कि नकारात्मक घटनाएँ समाचारों में ज्यादा दिखाई देती हैं, क्योंकि वे लोगों का ध्यान आकर्षित करती हैं। समाज में आज भी बहुत से लोग हैं जो प्रेम, सहयोग और नैतिकता से भरे हुए हैं। हमें जरूरत है कि हम अच्छाई को भी उतना ही महत्त्व दें और समाज को बेहतर बनाने की दिशा में काम करें। इस पतन के कारणों को समझकर समाधान निकालना जरूरी है- परिवारों में संवाद बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना, नैतिक शिक्षा को मजबूत करना और अपराध रोकने के लिए सख्त कदम उठाना। हमें यह भी सोचना होगा कि हम किस तरह के मूल्यों को बढ़ावा दे रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसा समाज बना रहे हैं। समाज के पतन को पूरी तरह रोकना कठिन हो सकता है, लेकिन हम सब मिलकर इसे धीमा कर सकते हैं और सही दिशा में मोड़ सकते हैं।

आज के समय में जब हम समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर नजर डालते हैं तो चारों ओर अपराध, धोखा, हिंसा और नैतिक पतन की खबरें देखने को मिलती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि समाज घोर कलयुग के प्रभाव में प्रवेश कर चुका है। पारिवारिक सम्बंधों में विश्वास की कमी, नैतिक मूल्यों का ह्रास और भौतिक सुखों की अंधी दौड़ ने मानवीय संवेदनाओं को कमजोर कर दिया है। समाज में नैतिकता, रिश्तों की अहमियत और मानवीय संवेदनाएँ धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही हैं। हत्या, विश्वासघात, स्वार्थ, लालच और नैतिक पतन की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। यह देखकर ऐसा लगता है कि समाज एक अंधकारमय दौर की ओर बढ़ रहा है। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। समाज में जिस तरह से नैतिक पतन बढ़ रहा है, वह केवल अपराधों की संख्या नहीं बल्कि पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने के टूटने का संकेत भी देता है।

समाज में रिश्तों की अहमियत धीरे-धीरे कम होती जा रही है और इसके कई कारण हो सकते हैं। पहले जहाँ रिश्तों में अपनापन, विश्वास और त्याग होता था, वहीं अब स्वार्थ, लालच और दिखावे ने उनकी जगह ले ली है। माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी और दोस्तों के बीच भी आजकल स्वार्थ और लालच हावी होता जा रहा है। परिवार, जो पहले प्रेम और सहयोग का केंद्र हुआ करता था, अब झगड़ों और आपसी मतभेदों का शिकार बनता जा रहा है। छोटी-छोटी बातों पर हत्या, बलात्कार, लूटपाट और धोखाधड़ी जैसी घटनाएँ बढ़ रही हैं। परिवार के सदस्य तक एक-दूसरे के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। लोग नैतिकता और ईमानदारी को छोड़कर किसी भी तरह से धन और सफलता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे उसके लिए उन्हें किसी का शोषण ही क्यों न करना पड़े। पहले लोग जीवन में धैर्य रखते थे, कठिनाइयों को सहन करते थे, लेकिन आजकल गुस्सा और अधीरता लोगों पर हावी हो गई है। छोटे-छोटे विवाद हिंसक रूप लेने लगे हैं। धर्म केवल दिखावे का साधन बनता जा रहा है, जबकि नैतिकता और ईमानदारी की कीमत घटती जा रही है। लोग दूसरों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं, लेकिन खुद सही राह पर नहीं चलते। पहले संयुक्त परिवार होते थे, जहाँ बुजुर्गों का मार्गदर्शन रहता था लेकिन अब व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आधुनिकता के नाम पर पारिवारिक मूल्यों में कमी आ रही है। आर्थिक दबाव, रिश्तों में तनाव और व्यक्तिगत इच्छाओं के टकराव से लोग मानसिक रूप से अस्थिर हो रहे हैं, जिससे वे गलत फैसले लेते हैं। इंटरनेट पर हिंसा, अपराध और अनैतिकता को कहीं न कहीं सामान्य बना दिया गया है। लोग बिना सोचे-समझे घातक कदम उठा लेते हैं। स्कूलों और परिवारों में बच्चों को सही और गलत का फर्क कम सिखाया जा रहा है। लालच, ईर्ष्या और व्यक्तिगत स्वार्थ बढ़ रहे हैं। अपराधी जानते हैं कि सजा मिलने में देरी होगी या बचने का रास्ता मिल जाएगा, जिससे अपराधों की संख्या बढ़ रही है।

अब सवाल है कि इस नैतिक गिरावट को कैसे खत्म किया जाए।

# पुरखों का ज्ञान और जल संकट का समाधान

**समस्या**

**जल** संकट आज दुनिया के सबसे गंभीर मुद्दों में से एक है। बढ़ती जनसंख्या, अनियंत्रित औद्योगीकरण, और जलवायु परिवर्तन ने पानी की उपलब्धता पर गंभीर प्रभाव डाला है। इस संकट से निपटने के लिए हमें परंपरागत जल संरक्षण तकनीकों और आधुनिक विज्ञान और तकनीक के समन्वय की आवश्यकता है। जल संरक्षण का अर्थ है पानी के स्रोतों का समझदारी से प्रबंधन करना ताकि भविष्य में पानी की कमी न हो। भारत के पास दुनिया का केवल चार फीसदी मीठा पानी है, लेकिन देश की 18 फीसदी आबादी जल संकट से जूझ रही है। इस समस्या को हल करने के लिए सरकार और समुदायों की भागीदारी जरूरी है। आंध्र प्रदेश में जल शक्ति अभियान और नीरू-चेट्टू जैसी योजनाओं ने पानी की उपलब्धता बढ़ाने में मदद की है।

स्थानीय समुदाय अपने पारंपरिक ज्ञान और नए तकनीकी उपायों को अपनाकर पानी का बेहतर उपयोग कर सकते हैं। महाराष्ट्र का हिवरे बाजार मॉडल गांव में पारंपरिक और आधुनिक तकनीक का उपयोग करके भू-जल स्तर बढ़ाया गया। वर्षा जल संचयन और कुओं की सफाई से यहा जल उपलब्धता बढ़ी। राजस्थान की जोहड़ प्रणाली से राजस्थान में छोटे-छोटे तालाबों (जोहड़) के निर्माण से भू-जल स्तर सुधरा और सूखे की समस्या कम हुई। उत्तराखंड की चाल-खाल प्रणाली भी कारगर है। इसके अंतर्गत छोटे जलाशय वर्षा जल को संग्रहीत कर भू-जल पुनर्भरण में मदद करते हैं। पानी के कुशल उपयोग के लिए पारंपरिक तरीकों और नई तकनीकों को अपनाना जरूरी हैं।

नागालैंड की जाबो कृषि पद्धति भी सफल है। यह विधि बारिश के पानी को इकट्ठा कर खेती के लिए उपयोग करती है, जिससे सूखे की मार कम होती है। राजस्थान के टांके वर्षा जल संग्रहण के लिए बनाए गए छोटे जल भंडार हैं, जिनमें अब आधुनिक निस्पंदन तकनीक भी जोड़ी जा रही है। तमिलनाडु में एरियों (तालाब) प्रणाली भी वर्षा जल को संग्रहित कर सिंचाई और पेयजल आपूर्ति में मदद करती है। जल संरक्षण के लिए जंगल, नदी, तालाब और मिट्टी को संतुलित बनाए रखना जरूरी है। राजस्थान में ओरण (पवित्र वन) क्षेत्रों में जल स्रोतों और जैव विविधता की सुरक्षा होती है, जिससे मरुस्थलीकरण को रोका जाता है। मेघालय की झरना पुनरुद्धार परियोजना के तहत वनों और जलग्रहण क्षेत्रों को पुनर्जीवित किया जा रहा है, जिससे जल स्रोत संरक्षित हो रहे हैं। मध्य प्रदेश में नर्मदा सेवा यात्रा पहल का उद्देश्य नर्मदा नदी के किनारे पेड़ लगाकर जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार को बढ़ावा देना है। महाराष्ट्र की पानी पंचायतें और झारखंड की ग्राम सभाएं जल संसाधनों के न्यायसंगत उपयोग को सुनिश्चित कर रही हैं।

परंपरागत जल संरक्षण प्रणालियां मददगार साबित हो सकती हैं। बुंदेलखंड में सूखा राहत कार्य के अंतर्गत तालाबों के पुनर्निर्माण और वर्षा जल संचयन से इस क्षेत्र में पानी की समस्या कम हो रही है। लद्दाख में सर्दियों में कृत्रिम हिमनद बनाए जाते हैं, ताकि गर्मियों में इनसे पानी मिलता रहे। हालांकि, बढ़ते तापमान से यह विधि चुनौतियों का सामना कर रही है। गुजरात में वाडी प्रणाली के तहत जल संरक्षण के लिए टपक सिंचाई और बहुफसलीय खेती अपनाई जाती है। जलवायु परिवर्तन, औद्योगिक प्रदूषण, असमान जल वितरण और सरकारी योजनाओं में पारंपरिक प्रणालियों की अनदेखी प्रमुख बाधाएं हैं।

**प्राचीन काली मां पूजा समिति की प्रतिमा का विसर्जन समारोह। यह पूजा बीआईटी रांची में होती है। तस्वीर अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### कुजू में सड़क हादसा, युवक की मौत



**कुजू।** धनबेड़वा गांव के समीप शादी से लौटने के दौरान मंगलवार रात में बाइक सवार युवक महुआ पेड़ से टकराया, उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृतक का पहचान लारी ढूढवा फनिकपुर निवासी संदीप कुमार महतो पिता स्व महेन्द्र महतो ( 24वर्ष ) के रूप में की गई। संदीप करमा बलिया से ममेरी बहन की शादी से खाना खाकर रात करीब 12 बजे वापस घर के लिए निकला। इस दौरान उक्त ग्राम के पास विपरीत दिशा से आ रहे चार पहिया वाहन की लाइट से असंतुलित होकर महुआ पेड़ से टकरा कर सड़क पर गिर गया। जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर हो गई। घटना की खबर जैसे ही परिजनों को मिला शादी का माहौल गम में बदल गया। बाद में कुजू पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### डीएवी स्कूल के शिक्षक सेवानिवृत



**रजरप्पा।** रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में जीव विज्ञान के वरीय शिक्षक गजेन्द्र कुमार को बुधवार को सेवानिवृत होने पर विदाई दी गई। प्राचार्य डॉ. एसके शर्मा, वरीय शिक्षकों तथा जीव विज्ञान विभाग के शिक्षकों ने अवकाश प्राप्त शिक्षक को पुष्प गुच्छ से स्वागत किया तथा शॉल ओढ़कर विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के धर्म शिक्षक सत्यकाम आर्य, संगीत शिक्षक रजनीश पाठक के साथ नवनियुक्त शिक्षिकाओं ने एकल तथा समूह में भजन, गीत, शास्त्रीय गीत आदि गाकर अपनी भावना व्यक्त की। तत्पश्चात गजेन्द्र कुमार ने अपने बिताए हुए लगभग 28 वर्षों के कार्यकाल को याद किया। उन्होंने कहा कि डीएवी संस्था में आने से पहले मैं किसी अन्य शिक्षण संस्था में कार्यरत था। उसे छोड़कर डीएवी विद्यालय को चुना जिससे समाज के हर वर्ग के बच्चों का उद्धार हो सके।

### रजरप्पा मोड़ पर खुला कृषि केंद्र



**रजरप्पा।** चितरपुर के रजरप्पा मोड़ स्थित अंश कृषि केंद्र का उद्घाटन आजसू पार्टी के नेता पीयूष चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्र का खुलने से इस क्षेत्र में किसानों का काफी लाभ होगा। राज्य में कृषि विकास की असीम संभावनाएं हैं। दुकान के संचालक विजय साव ने बताया कि कृषि केंद्र में उचित मूल्य पर खाद, बीज व कृत्रिम दवाइयां उपलब्ध है। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी चंद्रशेखर पटवा सहित जीतू एवं कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग



**भुरकुंडा।** शालीमार स्वीट्स के समीप लगा ग्रामीणों ने विधायक रोशनलाल चौधरी से नए ट्रांसफार्मर की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि 28 अप्रैल को ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। जिसकी जानकारी बिजली विभाग को दी गई। विभाग के कर्मचारियों द्वारा जांच में ट्रांसफार्मर जल चुका है। उपभोक्ताओं ने बुधवार को विधायक रोशनलाल चौधरी को पत्र लिख खराब ट्रांसफार्मर के जगह नए ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। पत्र में मनीष कुमार, रंजीत साव, बिसुन साव, राम प्रसाद, राजू ठाकुर, राजेंद्र राम, ललिता देवी, रविंद्र, बासदेव साव, सुरेश प्रसाद, संतोष कुमार, सईद, रोहित का हस्ताक्षर अंकित है।

### ओपी जिंदल कॉलेज में प्लेसमेंट कैंप



**पतरातू।** ओम प्रकाश जिंदल कम्युनिटी कॉलेज प्राइवेट आईटीआई में बुधवार को एलीना एनर्जी साल्वेशन प्राइवेट लिमिटेड रांची ने प्लेसमेंट कैंप लगाया। 40 प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा लिया। कैंप में अंतिम रूप से 30 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया। चयनित प्रशिक्षणार्थियों को कंपनी अपने अन्य औपचारिकता को पूर्ण करने के बाद दो-तीन सप्ताह के अंदर अपने प्लांट में कार्य के लिए भेज देंगे। कंपनी के राकेश कुमार वर्मा व मनोज कुमार दास ने बताया कि विद्यार्थियों से मिलकर बहुत ही खुशी हुए। उन्होंने छात्रों को कंपनी के बारे में और कंपनी के कार्यों से अवगत कराया। संस्थान के प्राचार्य संबित कुमार साहू ने बताया कॉलेज इस प्रकार का प्लेसमेंट कैंप का आयोजन नियमित रूप से करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। जिससे प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ा जा सके।

### राकोमयू ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**भुरकुंडा।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने 30 मई को अनिश्चित कालीन हड़ताल चक्का जाम को सफल बनाने को लेकर बुधवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। इस कड़ी में दो व तीन नंबर झोपड़ी के ग्रामीणों के साथ बैठक किया। इसकी अध्यक्षता महावीर कुमार व संचालन किशुन नायक ने किया। बैठक में प्रदूषण के खिलाफ प्रबंधन के उदासीन रवैये व बलकुदरा आउट सोर्सिंग पीएसएमई कंपनी के मनमानी को लेकर आगामी पांच मई को भुरकुंडा कोलियरी की चक्का जाम करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि यह हड़ताल कई मायनों में ऐतिहासिक रहेगा। मौके पर शाखा सचिव शिवशंकर पांडेय उर्फ टुनटुन पांडेय, अब्बास मिया, सौकत मियां, समीम, राज करमाली, सूरज करमाली, रमेश गंझू, संतु गंझू, उमेश वर्मा, उमेश मुंडा, गोपाल नायक, रोहित मुंडा, ढिगरा नायक, रामेश्वर राम, सिकंदर, सुनील उरांव, दीपक करमाली, शिवरतन, सुरेश यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# 'रेड 2' से फिर गूंजेगा सच्चाई का सायरन

## हजारीबाग के राजकुमार गुप्ता की नयी फिल्म 21 मई को होगी रिलीज

अभय कुमार सिंह

▶▶ रेड 2 में ईमानदारी, साहस व सिस्टम के खिलाफ खड़े होने की एक नयी कहानी



**हजारीबाग।** बॉलीवुड में कुछ निर्देशक ऐसे होते हैं, जिनकी फिल्में केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज का आइना बन जाती हैं। राजकुमार गुप्ता उन्हीं नामों में से एक हैं। यथार्थवादी सिनेमा के इस ध्वजवाहक की नई फिल्म रेड 21 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। पहली रेड की सफलता के बाद दर्शकों को इस सीक्वल से बड़ी उम्मीदें हैं, और उम्मीद है कि यह फिल्म भी सच्चाई, सिस्टम और संघर्ष के उस नाजुक रिश्ते को फिर से परदे पर जीवंत कर देगी।

राजकुमार गुप्ता का सफर आम नहीं रहा। उनका जन्म झारखंड के हजारीबाग जिले में एक साधारण मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने सेंट जेवियर्स स्कूल, हजारीबाग से प्राप्त की, जहाँ वे शांत, सौम्य और विनम्र स्वभाव के छात्र के रूप में पहचाने जाते थे। उनके मित्रों की यादों में आज भी उनका सौम्य व्यवहार और गंभीर व्यक्तित्व ताजा है। सेंट जेवियर्स स्कूल से मेट्रिक करने के बाद उन्होंने 10+2 की पढ़ाई दिल्ली पब्लिक स्कूल, बोकारो से पूरी की। फिल्मों की दुनिया में उनका प्रवेश 2004 में हुआ, जब उन्होंने अनुराग कश्यप की चर्चित फिल्म ब्लैक फ्राइडे में सहायक निर्देशक के रूप में काम किया। हालांकि यह फिल्म सेंसर बोर्ड के विरोध के चलते 2007 में रिलीज हो सकी। इसके बाद उन्होंने नो स्मोकिंग (2007) में भी कश्यप के साथ काम किया।

2008 में राजकुमार गुप्ता ने बतौर निर्देशक और लेखक आमिर से अपने करियर की उड़ान भरी। यह फिल्म एक ऐसे युवा मुस्लिम की कहानी थी, जो आतंकवादियों के जाल में फंस जाता है। फिल्म की गंभीरता और संवेदनशीलता ने आलोचकों का ध्यान खींचा और गुप्ता को निर्देशकीय पहचान दिलाई। इसके बाद 2011 में उन्होंने द्वारा नो वन किल्ड जेसिका बनाई, जो एक रियल लाइफ केस जेसिका लाल हत्याकांड पर आधारित थी। रानी मुखर्जी और विद्या बालन जैसे कलाकारों के दमदार अभिनय और सामाजिक संदेश से भरपूर इस फिल्म ने उन्हें जनता और समीक्षकों दोनों के बीच लोकप्रिय बना दिया। 2013 में उन्होंने घंचक्कर का निर्देशन किया, जिसमें इमरान हाशमी और विद्या बालन नजर आए। यह फिल्म एक सस्पेंस-कॉमेडी थी, जो दर्शकों को उनके निर्देशन के विविध रंग दिखाने में सफल रही।

2018 में आई रेड ने उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। यह फिल्म एक ईमानदार आयकर अधिकारी की कहानी थी, जो सिस्टम की गंदगी से लड़ता है। अजय देवगन की दमदार अदाकारी और गुप्ता के पैने निर्देशन ने इसे 100 करोड़ क्लब में शामिल कर दिया। अब उसी कहानी का विस्तार लेकर राजकुमार गुप्ता द्वारा रेड 2 के साथ लौटे हैं। इस बार भी फिल्म में जबरदस्त सामाजिक संदेश और सिस्टम से टकराने की कहानी होगी। गुप्ता का कहना है कि फिल्म सिर्फ एक थ्रिलर नहीं है, बल्कि एक मिशन है, सच्चाई को आवाज देने का। खास बात यह है कि उन्होंने संकेत दिए हैं कि यदि दर्शकों का समर्थन और सराहना बनी रही, तो रेड 3 भी योजना में शामिल की जा सकती है। राजकुमार गुप्ता का मानना है कि एक कहानी चाहे वास्तविक हो या काल्पनिक, उसमें प्रेरणा और सोच होनी चाहिए। यही कारण है कि उनकी फिल्में केवल पर्दे पर सीमित नहीं रहतीं, बल्कि दर्शकों के दिल और दिमाग पर छाप छोड़ जाती हैं। वे उन विषयों पर फिल्म बनाना पसंद करते हैं जो सामाजिक रूप से प्रासंगिक हों, और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करें। रेड 2 सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह ईमानदारी, साहस और सिस्टम के खिलाफ खड़े होने की एक नई कहानी है। और इस कहानी के पीछे है हजारीबाग का वह छात्र, जो एक दिन फिल्मों की दुनिया में सच्चाई का सबसे बड़ा चेहरा बन गया।

# बहरा में कोयले की तस्करी जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

▶▶ एक डिपो से डिहरी, बनारस व यूपी-बिहार के कई इलाकों में भेजा जा रहा है कोयला



**हजारीबाग/ चुरचू।** जिले के चुरचू प्रखंड अंतर्गत बहरा पंचायत में कोयले की कालाबाजारी अपने चरम पर है। जहां एक ओर तापीन क्षेत्र से सीसीएल का कोयला चोरी कर खुलेआम डिपो तक पहुंचाया जा रहा है, वहीं कोयला तस्कर और कुछ दलाल इस खेल में लाल हो रहे है।

बताया जा रहा है कि बहरा पंचायत में चल रहे एक डिपो से बड़े पैमाने पर कोयला चोरी हो रहा है, जो सीसीएल की खदानों से तापीन तक चोरी कर लाया जा रहा है। इस डिपो को कोई संजय सिंह और त्रिदेव महतो संचालित कर रहे हैं, जहां धड़ल्ले से कोयले का व्यापार हो रहा है। यह कोयला डिहरी, बनारस और यूपी-बिहार के अन्य इलाकों में भेजा जा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह गोरखधंधा तापिन से 15 माइल हाड़कुक में पहुंचाया जा रहा है। ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल और साइकिल से रात के अंधेरे में कोयले की ढुलाई की जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे काले कारोबार में कोयला सप्लायर रमेश और धन लगाने वाला मनोज शामिल बताए जा रहे हैं।

सीसीएल के सुरक्षा कर्मियों को न केवल इस गोरखधंधे से निपटना मुश्किल हो रहा है, बल्कि उन्हें भी मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जा रहा है। जब से यह डिपो चालू हुआ है, कोयले की चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही और अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। यह मामला अब महज कोयले की चोरी का नहीं, बल्कि कानून और प्रशासन की चुप्पी का बन चुका है।

## खिलाड़ियों को मिलेगी खेल सामग्री : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार ने की बड़ी पहल जिला अन्तर्गत खिलाड़ियों को चिन्हित कर सीएसआर मद से खेल सामग्री/खेल कीट/अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया निर्देश।

उपायुक्त ने कहा वैसे खिलाड़ी जो अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के किसी भी स्पर्धा/प्रतियोगिता में चयनित होते हैं लेकिन पैसे के अभाव में भाग नहीं ले पाते हैं उन खिलाड़ियों को बढ़ावा देने हेतु खिलाड़ियों को आने-जाने के लिए आर्थिक मदद भी सीएसआर से उपलब्ध कराया जाएगा। इसी के तहत खेल पदाधिकारी रामगढ़ मारकस हेमरोम द्वारा पत्र जारी कर रामगढ़ जिला के सभी खिलाड़ियों को सूचित किया कि जिन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय/भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों में विगत पांच वर्ष (2021 से 2025 ) में अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिये हो एवं वर्तमान मे खेल रहे है। वैसे सभी खिलाड़ी योजना का लाभ लेने हेतु जिला एनआईसी के वेबसाइटएचटीटीपीः//रामगढ़.एन आईसी.इन पर आवेदन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। खिलाड़ी आवेदन पत्र के साथ अपनी सम्पूर्ण विवरणी, सर्टिफिकेट, आधार/आवासीय प्रमाण पत्र आदि ) को जिला खेल कार्यालय, समाहरणालय, भवन ए- ब्लॉक, द्वितीय तल कमरा सं0- 303 छत्तरमाण्डू, रामगढ़ अथवा ईमेलआइडी रामगढ़-स्पोर्ट्स@झारखंडमेल.गोव.इन, डीएसओरामगढ़48@जेमेल.कॉम पर उपलब्ध करायेंगे। ताकि खिलाड़ियों को जिला प्रशासन रामगढ़ के द्वारा सीएसआर मद से खेल सामग्री/खेल कीट/अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सकें। अधिक जानकारी हेतु विकास कुमार गोप, जिला खेल समन्वयक के मोबाईल नं0-7484914066 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### बरही में रुआर पर कार्यशाला

**बरही।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर बुधवार को बरही नगर भवन में स्कूल रुआर (बैक टू स्कूल) अभियान को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला हुआ। इसकी अध्यक्षता बीडीओ जयपाल महतो ने की, जबकि संचालन बीईईओ किशोर कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर बीडीओ जयपाल महतो ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति और समग्र शिक्षा अभियान के तहत 5 से 18 वर्ष के बच्चों को स्कूल से जोड़ने और नामांकित बच्चों के ठहराव पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि रुआर के तहत 25 अप्रैल से 10 मई तक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें हर दिन विद्यालय स्तर पर अलग-अलग गतिविधियां होंगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान का स्कूल से बाहर रह गए बच्चों को फिर से स्कूलों में नामांकित कराना है। इस कार्यशाला में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया मनोज कुमार, मोतीलाल चौधरी, बीपीएम अरुण शर्मा, बीआरपी रवि चौरसिया, सीआरपी गुलाब प्रसाद सहित कई पंचायत प्रतिनिधि व शिक्षा से जुड़े पदाधिकारी मौजूद थे।

### कैलाशनाथ मंदिर में भव्य भंडारा



**कुजू।** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बाबा कैलाशनाथ मंदिर कुजू का 16 वा वार्षिक उत्सव बुधवार को भव्य भंडारा हुआ। सुबह 7 बजे से भंडारे शुरू हुआ, जिसमें ट्रांसपोर्ट नगर सहित आस-पास क्षेत्र के लोग पहुंचकर प्रसाद का ग्रहण किया। इससे पूर्व मंदिर में यजमान राजेश्वर प्रसाद द्वारा शिव सपरिवार का विधिवत पूजा अर्चना किया गया। वार्षिकोत्सव को सफल बनाने में संयोजक मंडल के अनिल सिंह, मनोज राय, मो मुस्तफा, मनोज साव, के के तिवारी, मनोज अग्रवाल, प्रदीप मेहता, अजय राणा, सुरेंद्र जायसवाल, धनेशवर प्रसाद,राजेश्वर प्रसाद, बिनोद प्रसाद, अजित लाल, गुरु जी, राजू चेल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## जीएम को जेएलकेएम ने सौंपा ज्ञापन

**कुजू।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र सेवटा, वार्ड नंबर 08 के विस्थापित, प्रभावित एवं ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ का प्रतिनिधि मंडल के द्वारा 14 सूत्री मांग पत्र महाप्रबंधक स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भारत रिफ्रैक्टरीज लिमिटेड प्लांट लिमिटेड रांची रोड, मरार को सौंपा गया। सेवटा ग्राम के ग्रामीण विस्थापितों को योग्यता अनुसार स्थाई एवं अस्थाई रूप से बहाली करना, ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध, ग्रामीणों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना , स्कूल बस की सुविधा तत्काल बंद कर दिया गया उसे पुनः चालू करने, स्वास्थ्य की सुविधा, मुफ्त जाँच एवं एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराना, प्रदूषण पर नियंत्रण करवाना, जब भी कोई योजना की स्वीकृत हो तो संपूर्ण ग्रामीण की जानकारी में एवं सभी के सहमति से पास कराया जाना, सेवटा ग्राम के सभी टोला ,एससी एवं एसटी सभी लोगों को बहाली के समय रखा जाए, ना की किसी एक व्यक्ति की इशारा में चलना, गली मोहल्ले में लाइट की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा प्रहरी में स्थानीय लोगों की प्राथमिकता, खेलकूद एवं मनोरंजन आदि के लिए, साधन उपलब्ध कराना, विस्थापितों के जमीन को फैक्ट्री के अंदर कर लिया गया है, जिस पर किराया 50 वर्ष पूर्व जो किराया था, वही किराया आज भी दिया जा रहा है, महंगाई को देखते हुए विचार किया जाय, जो भी जमीन कारखाना के अंदर अधिग्रहण कर लिया गया

# विकास का पैमाना है सड़क : विधायक

### बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में दो सड़कों का रोशन लाल चौधरी ने किया शिलान्यास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला में मंगलवार को रामगढ़ जिला फाउंडेशन न्यास की मद से दो प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने विधिवत पूजा अर्चना कर और शीलापट्ट का अनावरण कर पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि सड़क विकास का पैमाना होता है। पूरे बड़कागांव का विधानसभा क्षेत्र में सड़क का जाल बिछाया जाएगा, ताकि ग्रामीणों का आवागमन में असुविधा न हो। बताया गया कि यह सड़कें जुबिली महाविद्यालय भुरकुंडा महिला शाखा से होकर पुराने थाना मोहल्ला होते हुए पोस्ट ऑफिस तक तथा बुध बाजार मुख्य पथ से पंचायत सचिवालय बुध बाजार दोतल्ला तक बनाई जाएंगी। इस मौके पर क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल देखा गया और उन्होंने जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, प्रखंड उप प्रमुख बबीता पांडे, स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी, मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, उप मुखिया प्रशांत कुमार, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, सुनील सोनी, राजू मल्होत्रा, राजन पांडे, वार्ड सदस्य नीतू सिन्हा, दया मुनि मुर्मू, शहजाद हुसैन, रेणुका देवी, अनीता देवी, पुष्पा सिन्हा, प्राचार्य मदन कुमार , संजीदा खातून, इम्तियाज अहमद सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

### संविधान बचाओ रैली में पदमा प्रखंड से सैकड़ों लोग होंगे शामिलः गौतम मेहता



**पदमा।** पदमा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक बुधवार को रोमी पंचायत भवन सभागार में प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी संगठन को मजबूत करना और संगठन विस्तार की योजना बनाना था। बैठक में कांग्रेस नेता संतोष कुमार देव भी मौजूद रहे। पार्टी पदाधिकारियों ने प्रखंड स्तरीय कमेटी के विस्तार पर चर्चा की और बताया गया कि जल्द ही जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव के निर्देशानुसार नए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की जाएगी। इसके बाद बूथ स्तर की कमेटी का गठन किया जाएगा। बैठक में 6 मई को रांची में होने वाली संविधान बचाओ रैली की रणनीति पर भी विचार हुआ। गौतम मेहता ने बताया कि पदमा प्रखंड से सैकड़ों कार्यकर्ता इस रैली में भाग लेंगे और इसे ऐतिहासिक बनाने का प्रयास करेंगे। बैठक में सुनील मेहता, विजय रविदास, गोविंद कुमार, मोहम्मद मुख्तार, जुबैदा खातून, अजय कुमार, लखन मेहता, सतीश कुमार, स्वराज राणा, रामनाथ शर्मा, निखत परवीन, प्रभु मेहता सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में संगठन को सशक्त करने की दिशा में विभिन्न सुझाव भी सामने आए।

### स्कूलों में फीस वृद्धि को ले भड़के समाजसेवी



**हजारीबाग।** शिक्षा के मंदिर अब लूट के अड्डे बनते जा रहे हैं। कुछ ऐसा ही आरोप लगाया है समाजसेवी और पूर्व सांसद प्रत्याशी अभिषेक कुमार ने। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों की फीस नीति अब बच्चों को एटीएम मशीन बना रही है। शिक्षा का व्यवसायीकरण और किताब-कॉपी की मनमानी बिक्री पर उन्होंने जिला प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

समाजसेवी अभिषेक कुमार ने बताया कि 25 दिन पहले उन्होंने उपायुक्त और जिला शिक्षा अधीक्षक को आवेदन सौंपा था, जिसमें स्कूलों द्वारा जबरन लिए जा रहे री-एडमिशन शुल्क को माफ करने और हर साल मनमाने ढंग से बढ़ाई जा रही फीस पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इसके साथ ही, स्कूलों द्वारा केवल एक विशेष दुकान से किताबें व कॉपियां खरीदवाने की बाध्यता पर भी सवाल उठाया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा देने के नाम पर अब उन्हें कमाई का जरिया बना दिया गया है। हर साल फीस बढ़ाई जाती है, किताबें महंगे दामों पर बेची जाती हैं, और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। अभिषेक कुमार ने बताया कि 20 दिन पहले अधिकारियों ने जांच कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि प्रशासन और स्कूल प्रबंधन के बीच साठगांठ चल रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन शुरू करेंगे और मामले को झारखंड हाईकोर्ट में ले जाकर जनहित याचिका दायर करेंगे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक सुनील यादव को दी गयी विदाई



**विष्णुगढ़।** राजकीय मध्य विद्यालय अचलजामू में कार्यरत शिक्षक सुनील कुमार यादव बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में विद्यालय परिसर में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यादव को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रधानाध्यापक संजय कुमार सहित शिक्षकों में जय प्रकाश यादव, अरुण कुमार गोस्वामी, प्रकाश कुमार, रघुनंदन प्रसाद, हीरालाल महतो, रंजीत कुमार महतो, अशोक कुमार, जय प्रकाश राय, हिरालाल प्रसाद, सिकंदर यादव, प्रमोद कुमार और अनुज कुमार मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जागेश्वर पासवान, अन्य सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सभी ने श्री यादव के योगदान को सराहते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बागेश्वरी मंदिर में मनी परशुराम जयंती



**विष्णुगढ़।** बनासो स्थित मां महामाया बागेश्वरी मंदिर में ब्राह्मण समाज ने अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस कार्यक्रम में आचार्य पुरेंद्र पांडेय के नेतृत्व में विद्वान पुजारियों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना और पुष्पांजलि अर्पित की। मंदिर परिसर गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। आचार्य पांडेय ने बताया कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं और वे शस्त्र व शास्त्र दोनों में पारंगत थे। प्रतिवर्ष ब्राह्मण समाज इस दिन को परशुराम जन्मोत्सव के रूप में मनाता है। इस अवसर पर देश के खिलाफ हो रहे आतंकी हमलों की निंदा भी की गई तथा पहलगाम हमले के दोषियों को जल्द सजा देने की मांग की गई। कार्यक्रम में कामेश्वर पांडे, नारायण पांडे, श्रीकांत पांडे, अमूल्य चंद्र पांडेय सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के सदस्य उपस्थित थे।



## देश में 1923 से मनाया जा रहा
# मजदूर दिवस

**एन के मुरलीधर**

**नित जीवन के संघर्षों से**
**जब टूट चुका हो अन्तर्मन,**
**तब सुख के मिले समन्दर का**
**रह जाता कोई अर्थ नहीं।।**
**जब फसल सूख कर जल के बिन**
**तिनका -तिनका बन गिर जाये,**
**फिर होने वाली वर्षा का**
**रह जाता कोई अर्थ नहीं।**

एक मई को दुनिया के कई देशों में लेबर डे मनाया जाता है और इस दिन देश की लगभग सभी कंपनियों में छुट्टी रहती है। भारत ही नहीं दुनिया के करीब 80 देशों में इस दिन राष्ट्रीय छुट्टी होती है। हालांकि इस साल हरियाणा सरकार ने लेबर डे नहीं मनाने का फैसला किया है।

मई दिवस भारत में 15 जून, 1923 ई. में पहली बार मनाया गया था।

अमरीका में 'मजदूर आंदोलन' यूरोप व अमरीका में आए औद्योगिक सैलाब का ही एक हिस्सा था। इसके फलस्वरूप जगह-जगह आंदोलन हो रहे थे। इनका संबंध 1770 के दशक की अमरीका की आजादी की लड़ाई तथा 1860 ई. का गृहयुद्ध भी था। इंग्लैंड के मजदूर संगठन विश्व में सबसे पहले अस्तित्व में आए थे। यह समय 18वीं सदी का मध्य काल था। मजदूर एवं ट्रेंड यूनियन संगठन 19वीं सदी के अंत तक बहुत मजबूत हो गए थे, क्योंकि यूरोप के दूसरे देशों में भी इस प्रकार के संगठन अस्तित्व में आने शुरू हो गए थे। अमरीका में भी मजदूर संगठन बन रहे थे। वहाँ मजदूरों के आरम्भिक संगठन 18वीं सदी के अंत में और 19वीं सदी के आरम्भ में बनने शुरू हुए। मिसाल के तौर पर फडिलफिया के शूमेकर्स[1] के संगठन, बाल्टीमोर के टेलर्स के संगठन तथा न्यूयार्क के प्रिन्टर्स के संगठन 1792 में बन चुके थे। फर्नीचर बनाने वालों में 1796 में और 'शिपराइट्स' में 1803 में संगठन बने। हड़ताल तोड़ने वालों के खिलाफ. पूरे अमरीका में संघर्ष चला, जो उस देश में संगठित मजदूरों का अपनी तरह एक अलग ही आंदोलन था। हड़ताल तोड़ना घोर अपराध माना जाता था और हड़ताल तोड़ने वालों को तत्काल यूनियन से निकाल दिया जाता था।



**कार्य समय घटाने का मांग**

अमरीका में 18वें दशक में ट्रेंड यूनियनों का शीघ्र ही विस्तार होता गया। विशिष्ट रूप से 1833 और 1837 के समय। इस दौरान मजदूरों के जो संगठन बने, उनमें शामिल थे- बुनकर, बुक वाइन्डर, दर्जी, जूते बनाने वाले लोग, फैक्ट्री आदि में काम करने वाले पुरुष तथा महिला मजदूरों के संगठन। 1836 में '13 सिटी इंटर ट्रेंड यूनियन ऐसासिएशन' मोजूद थीं, जिसमें 'जनरल ट्रेंड यूनियन ऑफ. न्यूयार्क' (1833) भी शामिल थी, जो अति सक्रिय थी। इसके पास स्थाई स्ट्राइक फंड भी था, तथा एक दैनिक अखबार भी निकाला जाता था। राष्ट्रव्यापी संगठन बनाने की कोशिश भी की गयी यानी 'नेशनल ट्रेंड्स यूनियन', जो 1834 में बनायी गयी थी। दैनिक काम के घंटे घटाने के लिए किया गया संघर्ष अति आरम्भिक तथा प्रभावशाली संघर्षों में एक था, जिसमें अमरीकी मजदूर 'तहरीक' का योगदान था। 'न्यू इंग्लैंड के विंकंग मेन्स ऐसासिएशन' ने सन 1832 में काम के घंटे घटाकर 10 घंटे प्रतिदिन के संघर्ष की शुरुआत की।

**श्रमिकों की सफलता**

1835 तक अमरीकी मजदूरों ने काम के 10 घंटे प्रतिदिन का अधिकार देश के कुछ हिस्सों में प्राप्त कर लिया था। उस वर्ष मजदूर यूनियनों की एक आम हड़ताल फलिाडेलफयिा में हुई। शहर के प्रशासकों को मजबूरन इस मांग को मानना पड़ा। 10 घंटे काम का पहला कानून 1847 में न्यायपालिका द्वारा पास करवाकर हेम्पशायर में लागू किया गया। इसी प्रकार के कानून मेन तथा पेन्सिल्वानिया राज्यों द्वारा 1848 में पास किए गए। 1860 के दशक के शुरुआत तक 10 घंटे काम का दिन पूरे अमरीका में लागू हो गयाभारत में 'मई दिवस'

'सिगारवेलु चेट्टियार' देश के कम्युनिस्टों में से एक तथा प्रभावशाली ट्रेंड यूनियन और मजदूर तहरीक के नेता थे। उन्होंने अप्रैल 1923 में भारत में मई दिवस मनाने का सुझाव दिया था, क्योंकि दुनिया भर के मजदूर इसे मनाते थे। उन्होंने फिर कहा कि सारे देश में इस मौके पर मीटिंगे होनी चाहिए। मद्रास में मई दिवस मनाने की अपील की गयी। इस अवसर पर वहाँ दो जनसभाएँ भी आयोजित की गईं तथा दो जुलूस निकाले गए। पहला उत्तरी मद्रास के मजदूरों का हाईकोर्ट 'बीच' पर तथा दूसरा दक्षिण मद्रास के ट्रिप्लिकेन 'बीच' पर निकाला गया। सिंगारवेलू ने इस दिन 'मजदूर किसान पार्टी' की स्थापना की घोषणा की तथा उसके घोषणा पत्र पर प्रकाश डाला। कांग्रेस के कई नेताओं ने भी मीटिंगों में भाग लिया। सिंगारवेलू ने हाईकार्ट 'बीच' की बैठक की अध्यक्षता की। उनकी दूसरी बैठक की अध्यक्षता एस. कृष्णास्वामी शर्मा ने की तथा पार्टी का घोषणा पत्र पी.एस. वेलायुथम द्वारा पढ़ा गया। इन सभी बैठकों की रिपोर्ट कई दैनिक समाचार पत्रों में छपी। मास्को से छपने वाले वैनगार्ड ने इसे भारत में पहला मई दिवस बताया। फिर दुबारा 1927 में सिंगारवेलु की पहल पर मई दिवस मनाया गया। लेकिन इस बार यह उनके घर मद्रास में मनाया गया था। इस अवसर पर उन्होंने मजदूरों तथा अन्य लोगों को दोपहर की दावत दी। शाम को एक विशाल जूलुस निकाला गया, जिसने बाद में एक जनसभा का रूप ले लिया। इस बैठक की अध्यक्षता डा. पी. वारादराजुलू ने की। कहा जाता है कि तत्काल लाल झंडा उपलब्ध न होने के कारण सिंगारवेलु ने अपनी लड़की की लाल साड़ी का झंडा बनाकर अपने घर पर लहराया।

## जहां चालकों की जाति है ड्राइवर जाति

जब एक लॉजिस्टिक्स स्टार्टअप शुरू करने की तैयारी कर रहे थे तो उन्होंने महसूस किया कि ट्रक ड्राइवरों के पेशे को कुछ गांवों में 37वीं जाति के तौर पर देखा जाता है। उन्होंने कहा, 'मैंने जयपुर में इसके बारे में सुना और फिर हैदाराबाद में, वापी में और बड़ोदरा में। कुछ लोग गरीब हो सकते हैं जो अपने भाग्य को कोसते हैं। लेकिन कोई भी ऐसा करियर नहीं चुनना चाहेगा जिससे सामाजिक तौर पर उसका बहिष्कार किया जाए।' गर्ग ने मैकिंजी में अपने नौ साल के कार्यकाल के बाद 2014 में इस्तीफा दे दिया था। लॉजिस्टिक्स गर्ग को एक दिलचस्प क्षेत्र लगा क्योंकि उसमें तकनीकी के इस्तेमाल का अभाव था। उन्होंने कहा, 'धीरे-धीरे मैंने समझा कि यह केवल तकनीकी नहीं, बल्कि इससे जुड़े लोगों का भी मामला है।' उन्होंने ट्रांसपोर्ट केंद्रों का दौरा किया, ड्राइवरों से मुलाकात की और लंबी दूरी की यात्रा में उनके साथ रहे। इससे उन्हें पता चला कि वे महीनों तक अपने घर से दूर खटारे ट्रक में समय गुजारते हैं। उन्होंने कहा, 'उनमें से कई एचआईवी संक्रमित हैं और उनका कोई पारिवारिक जीवन नहीं है। कइयों की तो शादी तक नहीं हो पाई।' वाणिज्यिक वाहनों की जबरदस्त बिक्री का उल्लेख करते हुए गर्ग ने कहा कि भारत को हर साल 10 लाख अतिरिक्त ट्रक ड्राइवरों की जरूरत होती है, लेकिन अधिकतर लोग ड्राइवर नहीं बन रहे हैं। एक आकलन के अनुसार, देश में 2022 तक प्रत्येक 1,000 ट्रकों पर महज 482 ड्राइवर होंगे। गर्ग ने कहा कि यदि वह ड्राइवरों की जिंदगी में सुधार ला सकते हैं तो उनकी कंपनी रिविगो काफी फल-फूल सकती है। रिविगो शुरू में गति जैसी लॉजिस्टिक कंपनियों के लिए ट्रकों का संचालन करती थी लेकिन अब उसने खुद अपना प्लेटफॉर्म तैयार कर लिया है जिसका पहला ग्राहक एमेजॉन है। वारबर्ग पिकस और सैफ पार्टनर्स के निवेश वाली रिविगो के पास करीब 8,000 ड्राइवर (रिविगो उन्हें पायलट कहती है) हैं जो उसके करीब 5,000 ट्रकों के बेड़े का संचालन करते हैं। उसके 2,000 ग्राहकों की सूची में मारुति सुजूकी, हीरो मोटोकॉर्प, आईटीसी, फ्लिपकार्ट और सन फार्मा जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। रिविगो के संस्थापक एवं मुख्य कार्याधिकारी गर्ग ने ट्रकों के संचालन के लिए रिले मॉडल तैयार किया है। उन्होंने कहा, 'ट्रक ड्राइवर दिल्ली से जयपुर की यात्रा के लिए तत्काल तैयार हो जाते हैं जिसमें आमतौर पर चार घंटे का समय लगता है। वह एक घंटा आराम करेगा और फिर दूसरे ट्रक पर सवार हो जाएगा जिसे जयपुर से दिल्ली लाना होता है। कुल मिलाकर अपने घर लौटने से पहले उन्हें करीब 10 घंटे सड़कों पर गुजारने पड़ते हैं।' जयपुर से अगले गंतव्य तक ट्रक ले जाने की जिम्मेदारी दूसरे ड्राइवर की होती है और इस प्रकार ड्राइवर पर अधिक बोझ दिए बिना यात्रा बरकरार रहती है। रिविगो ने कई पिटस्टॉप स्थापित किए हैं जो राजमार्गों के किनारे ड्राइवरों की अदला-बदली के लिए जगह है। फिलहाल करीब 70 पिटस्टॉप मौजूद हैं। ड्राइवर उन्हीं पिटस्टॉप के आसपास रहते हैं जो आमतौर पर शहर का बाहरी हिस्सा अथवा ग्रामीण क्षेत्र होता है क्योंकि वहां रहने की लागत कम होती है। गर्ग के अनुसार, ट्रक ड्राइवर औसतन 24,000 रुपये प्रति महीना कमा लेते हैं। गर्ग ने कहा कि इससे ड्राइवरों के जीवन में एक बुनियादी बदलाव दिख रहा है। उन्होंने कहा, 'ड्राइवर अब कहीं अधिक स्वस्थ दिखते हैं, वे रोजाना सुबह में शेविंग करते हैं और अपना यूनिफॉर्म पहनकर ड्यूटी के लिए तैयार हो जाते हैं। वह अपने परिवार के प्रति कहीं अधिक जिम्मेदार हो गए हैं।' गर्ग ने 250 रुपये प्रति महीने के खर्च पर ड्राइवरों के लिए 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा करवाया है जिसके तहत उनके परिवार को भी कवर किया गया है। रिविगो ने अब तक करीब 15 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। कारोबार के विस्तार को देखते हुए रिविगो ने हर साल करीब 2,000 ट्रकों को अपने बेड़े में शामिल करने की योजना बनाई है। वित्त वर्ष 2017 में कंपनी ने 4 अरब रुपये का राजस्व दर्ज किया जो उससे पिछले वर्ष के मुकाबले 170 फीसदी अधिक रहा था। लेकिन उसका घाटा 5.5 करोड़ रुपये से बढ़कर 1.37 अरब रुपये हो गया है। गर्ग ने कहा कि कारोबार का कुछ हिस्सा मुनाफे में है और घाटे की मुख्य वजह नेटवर्क में विस्तार पर होने वाला निवेश है।

## श्रमिक आंदोलन की चुनौतियां

**- प्रकाश**

मई दिवस (1886) से महान नवंबर क्रांति (1917) तक दुनिया के मेहनतकशों ने 8 घंटा काम के संघर्ष को मजदूर वर्ग के नेतृत्व में प्रथम समाजवादी क्रांति तक ले जाने का काम किया। इससे दुनिया में उपनिवेशवाद का खात्मा हुआ और विभिन्न देशों में चल रहे राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलनों को मजबूती मिली जिसके चलते भारत समेत एशिया व अफ्रीका के कई देशों को गुलामी से आजादी मिली।

मजदूर वर्ग के नेतृत्व में सोवियत संघ में समाजवादी क्रांति की उपलब्धियों ने एक नये युग की शुरूआत की जिसने मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण का खात्मा ही नहीं किया बल्कि दुसरे विश्वयुद्ध के दौरान पूरी दुनिया को नाजियों के फासीवाद के खतरे से बचाने में भी उल्लेखनीय भूमिका निभायी। इस प्रकार दुनिया के मजदूरों का संघर्ष एक ऐसे दौर में पहुंच गया है जब शक्ति संतुलन में मजदूर वर्ग एक मजबूत स्थिति में आ गया। लेकिन 90 के दशक में सोवियत संघ और पूर्वी यूरोप में समाजवाद के पराभव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस शक्ति संतुलन को पुनः साम्राज्यवाद के पक्ष में झुका दिया जो अब वैश्वीकरण और दुनिया के कई देशों में प्रगति विरोधी दक्षिणपंथी ताकतों की ताजपोशी के रूप में नजर आ रहा है। हमारे देश में भी सांप्रदायिक दक्षिणपंथी ताकतें सत्ता में आने के बाद अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय पूंजी यानि आक्रामक साम्राज्यवाद से गठजोड़ कर मेहनतकशों के जीवन-जीविका पर भारी हमले कर रही है।

इस क्रम में नवउदारवादी नीतियों के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों का विनिवेशीकरण व निजीकरण कर उन्हें बर्वाद किया जा रहा है। वर्षों के संघर्षों से हासिल श्रम कानूनों में मालिक पक्षीय बदलाव किये जा रहे हैं तथा फिक्स्ड टर्म रोजगार की व्यवस्था लागू कर मजदूरों के नियमित रोजगार को ही खत्म किये जाने की साजिश की जा रही है। इसके खिलाफ हो रहे प्रतिरोध को कमजोर करने के लिये सत्ता पर काबिज सांप्रदायिक ताकतें जनता के बीच विभाजन पैदा कर हमारी साझी संस्कृति की बिरासत को ही नष्ट करने पर तुली हुई है। इस पृष्ठभूमि में देश के मेहनतकशों के सामने एक बड़ी चुनौती है कि उनकी रोजी-रोटी पर निर्मम पूंजीवाद के जारी हमले के खिलाफ संघर्ष को तेज करते हुए सांप्रदायिक ताकतों की साजिश को चकनाचुर करें। मजदूर वर्ग को इस दोहरी जिम्मेवारी को निभाने के लिये डट कर आगे आना होगा। शिकागो के शहीदों और मई दिवस का यही पैगाम आम मेहनतकशों तक ले जाना है।






### आठ घंटो से अधिक काम न करने का निर्णय

1 मई 1986 में अमेरिका के सभी मजदूर संघ साथ मिलकर ये निश्चय करते है कि वे 8 घंटो से ज्यादा काम नहीं करेंगें, जिसके लिए वे हड़ताल कर लेते है। इस दौरान श्रमिक वर्ग से 10-16 घंटे काम करवाया जाता था, साथ ही उनकी सुरक्षा का भी ध्यान नहीं रखा जाता था। उस समय काम के दौरान मजदूर को कई चोटें भी आती थी, कई लोगों की तो मौत हो जाया करती थी। काम के दौरान बच्चे, महिलाएं ० पुरुष की मौत का अनुपात बढ़ता ही जा रहा था, जिस वजह से ये जरुरी हो गया था, कि सभी लोग अपने अधिकारों के हनन को रोकने के लिए सामने आयें और एक आवाज में विरोध प्रदर्शन करें।

इस हड़ताल के दौरान 4 मई को शिकागो के हेमार्केट में अचानक किसी आदमी के द्वारा बम ब्लास्ट कर दिया जाता है, जिसके बाद वहां मौजूद पुलिस अंधाधुंध गोली चलाने लगती है। जिससे बहुत से मजदूर ० आम आदमी की मौत हो जाती है। इसके साथ ही 100 से ज्यादा लोग घायल हो जाते है। इस विरोध का अमेरिका में तुरंत परिणाम नहीं मिला, लेकिन कर्मचारियों और समाजसेवियों की मदद के फलस्वरूप कुछ समय बाद भारत व अन्य देशों में 8 घंटे वाली काम की पद्धति को अपनाया जाने लगा. तब से श्रमिक दिवस को पुरे विश्व में बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाने लगा, इस दिन मजदूर वर्ग तरह तरह की रेलियां निकालते और प्रदर्शन करते है।

**.मैं मजदूर हूँ मजबूर नहीं,यह कहने मैं मुझे शर्म नहीं**
**अपने पसीने की खाता हूँ,मैं मिट्टी को सोना बनाता हूँ**
**हर कोई यहाँ मजदूर हैं,चाहे पहने सूट बूट या मैला**
**मेहनत करके कमाता हैं,कोई सैकड़ा कोई देहला।**



## आंदोलनों की आड़ में अराजकता

**शिवानंद उपाध्याय**

एससी/एसटी एक्ट के तहत बिना जांच के तत्काल गिरफ्तारी पर रोक लगाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों की ओर से बुलाए गए भारत बंद के दौरान कुछ राज्यों में जो 'तांडव' किया गया वह न केवल बेहद घृणित है। हांलाकि सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की पुर्निवचार याचिका पर सुनवाई करते हुए एक बार फिर स्पष्ट किया कि वह एससी/एसटी एक्ट के खिलाफ नहीं है, वह केवल इतना ही सुनिश्चित करना चाहता है कि किसी निर्दोष को सजा ना हो, जो दरअसल संविधान के 'मूल भाव' - 'किसी दोषी को सजा नहीं मिले' के ही अनुकूल है। पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई करते सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से यह जानना चाहा कि वह बिना प्रमाण किसी निर्दोष व्यक्ति को क्यों गिरफ्तार करना चाहती है ? विडंबना यह कि लंबे समय तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करने के बजाय गैर-जिम्मेदार तरीके से उस आदेश को भारत सरकार का आदेश ठहराते हुए ट्विट भी किया। यही नहीं मीडिया के एक बड़े गिरोह ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को गलत तरह से परिभाषित करते हुए इस अराजकता की आग को भड़काने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। यह सर्वोच्च अदालत की अवमानना ही नहीं है, बल्कि एक देशद्रोह है, जिसके लिए मीडिया से लेकर सभी राजनीतिक दलों के नेताओं, विभिन्न संगठनों पर लोगों को गुमराह और उन्हें उकसाने के मद्देनजर उनपर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि आम जनता के बीच न केवल सुप्रीम कोर्ट के सम्मान में वृद्धि हो बल्कि न्याय की भावना भी मजबूत हो।

भारत बंद के दौरान जिन राज्यों में हिंसा हुई- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड-उसे देखकर समझा जा सकता है कि यह सबकुछ स्वतः स्फूर्त या दलितों के गुस्से का परिणाम नहीं था, बल्कि सबकुछ सुनियोजित साजिश के तहत हुआ है। जिन राज्यों मे भाजपा की सरकारें नही हैं, वहां यह भारत बंद नही हुआ । सबसे अधिक 32 प्रतिशत दलित वाले राज्य पंजाब में हिंसा नहीं हुई, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी कहीं कुछ नहीं हुआ। जाहिर है कुछ राजनीतिक दलों और उन दलों के सहारे सत्ता की मलाई खाने वाले संगठनों एवं बुद्धिजीवियों को सत्ता से वंचित होना रास नहीं आ रहा है` उनके इस स्वार्थ में विदेशी फंड से पोषित उन संगठनों का भरपूर साथ मिल रहा है जो दलित हितों के स्वयंभू अगुआ है। सबसे अहम यह कि लंबे समय तक सत्ता में रहने वाली कुछ पार्टियों का ईसाइ मिशनरियों के साथ गठजोड़ जगजाहिर है। भारत की सामाजिक संरचना को खंडित करने में विदेशी शक्तियों की भूमिका को उजागर ही नहीं किया जाना चाहिए बल्कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी कि जानी चाहिए। ये विभिन्न संगठन, जिनका मूल विदेशों में है या विदेशी संस्थानों से फंडिंग लेते है, विदेशी ईसाई मिशनरियों की संपत्ति, राजनीतिक स्तर पर पकड़, अंतराष्ट्रीय स्तर की ताकत, विश्वविद्यालयों में बैठे वामपंथी शिक्षाविदों आदि के माध्यम से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा एवं दलित उत्पीड़न के नाम पर उन्हें कठपुतली की भांति नचा रहे हैं। पिछले चार वर्षों में हुए आंदोलनों को देखा जाय तो कभी किसान आन्दोलन, कभी ऊना दलित आन्दोलन, कभी जाट आन्दोलन और कभी करनी सेना आन्दोलन जैसे प्रायोजित षड्यंत्रों में कुछ राजनीतिक दलों का गैर जिम्मेदाराना चाल और चरित्र उजागर हुआ है। अचानक भीम सेना का उभर आना, उतरप्रदेश में चन्द्र शेखर आज़ाद और गुजरात में जिग्नेश मेवानी का अचानक दलित मसीहा बन जाना, दिल्ली में बड़ी रैली के लिए फंडिंग, फर्जी दलित रोहित वेमूला के नाम पर सारे देश के विश्वविद्यालयों को आन्दोलन का केंद्र बनाया जाना, जेएनयू में कश्मीर की आजादी के नारे लगाना कोई मामूली बात नहीं लगती। इन कार्यों को लंबे समय से और काफी सुनियोजित ढंग से किया जा रहा है। वेदों के सम्बन्ध में भ्रामक प्रचार, हिन्दू त्योहारों और देवी -देवताओं के विषय में अनर्गल प्रलाप एवं प्रचार, आर्यों को विदेशी घोषित कर उत्तर और दक्षिण भारतीयों में दरार डालने की कोशिश, डॉ आम्बेडकर की आड़ में बौद्ध मत को बढ़ावा, बौद्ध मत के जरिए सम्राट अशोक को दलितों का राजा घोषित करना, इतिहास के साथ खिलवाड़ जैसे कारनामों के पीछे ऐसे ही संगठनों का हाथ है। उनके इस कार्य में धनलोलुप मीडिया और भारत के बिना रीढ़ वाले राजनेता सदैव मददगार रहे है। इनकी बौखलाहट का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कभी पर्दे के पीछे से और कभी प्रत्यक्ष रूप से वे किसी भी चुनाव से पहले ऐसे ही हिंसक और अराजक प्रदर्शनों के द्वारा देश को अस्थिर करने की हरकत करते आ रहे है और हर बार उनकी चाल न केवल बेनकाब होती है बल्कि उलटे वे खुद ही इसके शिकार होते है। दलित फ्रीडम नेटवर्क (डीएफएन), नवसर्जन ट्रस्ट, फ्रास , फ्रीडम हाउस जैसी अनेक संस्थाएं है जो भारत में दलित हितों और अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का दावा करते है। लेकिन इन संस्थाओं की कारगुजारियां अत्यंत घृणित है जो दलितों को उनके हितों के नाम पर गुमराह करने और सवर्णों के खिलाफ भड़काकर उनका धर्मांतरण करने के लिए विभिन्न भारतीय और अभारतीय संगठनों को फंडिंग ही नहीं करती है बल्कि उनका नीति निर्धारण भी करती है। सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि इन संस्थाओं और संगठनों के संचालकों में कोई दलित नहीं है। दलित फ्रीडम नेटवर्क (डीएफएन), एक अमेरिकी संस्था है, जिसके प्रमुख डॉ जोजेफ डिसूजा है जो आल इंडिया क्रिश्चियन काउंसिल के अध्यक्ष भी है।

स्पीड न्यूज

### राजेंद्र विद्यालय : 95.75% के साथ श्रेष्ठ 12वीं कॉमर्स टॉपर



**जमशेदपुर।** राजेन्द्र विद्यालय के श्रेष्ठ श्रीवास्तव ने ISC 2025 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉमर्स स्ट्रीम में 95.75 प्रतिशत अंक हासिल किये और स्कूल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। उनकी इस सफलता से स्कूल, परिवार और शिक्षकों में खुशी की लहर है। श्रेष्ठ अब चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) की पढ़ाई की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

### अदिति को मैट्रिक में मिले 88.25 फीसद अंक



**जमशेदपुर।** साकची स्थित टैगोर एकेडमी स्कूल की छात्रा अदिति कुमारी ने मैट्रिक परीक्षा में 88.25 अंक प्राप्त कर स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया। मानगो डिमना रोड के धर्मेंद्र कुमार की पुत्री अदिति शुरू से ही पढ़ने में तेज रही है। आज आइसीएसई के मैट्रिक परीक्षा में 88.25 अंक प्राप्त कर स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया। स्कूल के शिक्षिकाओं एवं ट्यूशन टीचर कंवलजीत खुराना ने उसे बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अदिति की माता माला कुमारी बैंक ऑफ इंडिया में जबकि पिता धर्मेन्द्र कुमार मुख्य जीवन बीमा सलाहकार के रूप में कार्यरत है।

### आईडीटीआर : डिप्लोमा में नामांकन प्रक्रिया शुरू

**जमशेदपुर।** इंडो डैनिश टूल रूम जमशेदपुर में एआईसीटई डिप्लोमा में नामांकण के लिए आवेदन पत्र आमंत्रण की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। उक्त जानकारी देते हुए संस्थान के महाप्रबंधक आनंद दयाल ने बताया कि सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए ईडब्लूएस के तहत 10 फीसदी सीटों को आरक्षित किया गया है।

# सिंगार सरई, डुमर दोन, बंजारा व नदीटोली में आज भी कच्ची सड़क है आवागमन का सहारा

खबर मन्त्र संवाददाता



डुमर दोन जाने वाली बदहाल सड़क।



नदी टोली जाने वाली कच्ची सड़क।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के घाघरा पंचायत के सिंगार सरई व डुमर दोन और हरिहरपुर जामटोली पंचायत के बंजारा व नदी टोली गांव में सरकार के विकास के दावों की पोल खोल रही है। इन चारों गांवों में आज भी कच्ची सड़क आवागमन का सहारा है। पक्की सड़क के इंतजार में लोगों की आंखे पथरा गई है। धूल उड़ती व कीचड़मय सड़क पर चलना लोगों की मजबूरी बन गई है। कहते हैं कि गांव का विकास होगा तभी देश विकसित होगा। गांव के विकास बिना न तो शहर विकास करेगा न राज्य व देश। इसी उद्देश्य से सरकार ने पंचायती राज व्यवस्था लागू की है। विकास की जवाबदेही पंचायत के मुखिया व अन्य प्रतिनिधियों को दी गई है। वही पंचायती राज व्यवस्था के डेढ़ दशक बाद भी गांवों का अपेक्षित विकास नहीं हो सका है। टूटी फूटी नाली-गली व सड़कों पर बह रहे गंदे पानी, कच्ची सड़कें आज भी कई गांवों की पहचान बनी हुई है। कुछ ऐसा ही तस्वीर पेश करता है दोनों पंचायत के सिंगार सरई डुमर दोन, बंजारा व नदी टोली गांव जो विकास से कोसों दूर है। चारों गांवों की स्थिति बदहाल है गांव के लोग आज भी कच्ची सड़कों से सफर तय करते हैं। गांव के लोग आजादी के सात दशक व पंचायतीराज के डेढ़ दशक बाद भी चारों गांव सड़क पक्कीकरण का बाट जोह रहा है। इन गांवों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। जबकि सरकार द्वारा गांवों के विकास के नाम पर लाखों रुपए खर्च किया गया।

बावजूद इसके गांव की सूरत नहीं बदल सकी। गांव आज भी विकास की दौड़ में पीछे है। जल निकासी, पेयजल, पक्की नाली व पक्की सड़क का अभाव है। जबकि पंचायती राज के तहत गांवों को विकसित करने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है।लेकिन यह नजारा गांव के आधारभूत जरूरतों को लेकर बरती शिथिलता और उदासीनता का कड़वा सच है। क्योंकि जरूरतमंद ग्रामीणों के लिए एक पक्की सड़क कौन सी बड़ी बात है। इधर दोनों गांव के ग्रामीणों ने अधिकारियों से दोनों गांवों में सड़क बनाए जाने की मांग की है।

## थार ने मोटर साइकिल सवार युवकों को बेरहमी से रौंदा

# हादसे में दो युवक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के ठाकुरगाव रोड स्थित हुरहुरी पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार थार जेएच 01 एफयू 2078 की चपेट में आने से मोटर साइकिल जेएच 01 बीडब्लू 4750 पर सवार एक युवक की मौत हो गयी। जबकि, दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान पूरब तारूप निवासी बलबीर महतो का पुत्र 23 वर्षीय सुमन कुमार महतो के तौर पर हुयी है। वहीं, घायल उसी गांव के रबीन्द्र ठाकुर का पुत्र 22 साल का सुरज ठाकुर है। उसे सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है। उसकी हालत नाजुक बतायी जा रही है। घटना बुधवार रात करीब 10 बजे की है। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। परिजनों के चीखने-चिल्लाने से माहौल गमगीन था। दुर्घटना में मृतक सुमन का सिर के परखच्चे उड़ गये। थार सुरज कुमार यादव की बतायी जा रही है।

## एक नजर में

### टाटा स्टील को तीसरी बार मिला सीआईआई क्लाइमेट एक्शन प्रोग्राम 2.0 रेज़िलिएंट अवार्ड




**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने ऊर्जा, खनन और भारी विनिर्माण श्रेणी में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के क्लाइमेट एक्शन प्रोग्राम (सीएपी) 2.0 रेज़िलिएंट अवार्ड को लगातार तीसरी बार जीतकर एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सीएपी 2.0, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सेंटर फॉर एक्सीलेंस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट (सीईएसडी) द्वारा शुरू किया गया एक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य व्यवसायों को जलवायु परिवर्तन के प्रति उनकी प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करने में सहायता करना है। यह एक क्लाइमेट मैच्योरिटी मॉडल और बिजनेस एक्सीलेंस फ्रेमवर्क के सिद्धांतों का उपयोग करते हुए संगठनों को जलवायु से जुड़ी जोखिमों और अवसरों का मूल्यांकन करने में सक्षम बनाता है।

### टाटा मोटर्स : नये अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नव मनोनीत अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद के सम्मान में प्लांट थ्री के बीआईडब्ल्यू फैक्ट्री तथा फिटमेंट लाईन में स्वागत समारोह आयोजित की गई। जिसमें भारी संख्या में मजदूरों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री आरके सिंह, जीएम मुनीष राणा, जीएम किरण नरेन्द्रन, ईआर के वरीय प्रबंधक नगेंद्र सिंह समेत यूनियन के तमाम आफिस बेयरर, कमेटी मेंबर्स, आरके सिंह फैंस क्लब के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का अंगवस्त्र, फूलों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। साथ ही महामंत्री आरके सिंह, जीएम मुनीष राणा, किरण नरेन्द्रन आदि का भी अंग वस्त्र एवं फूलों का गुलदस्ता भेंटकर कर स्वागत किया गया। संचालन नवीन कुमार ने किया।

## एडवर्ड खाखा के सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बुंडू।** प्रखंड में पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एडवर्ड खाखा 30 अप्रैल, बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। अगस्त 2018 से पदस्थापित खाखा ने अपनी निष्कलंक सेवा और कर्मनिष्ठा से न केवल प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूती दी। बल्कि जनसरोकारों को प्राथमिकता में रखकर कार्य करते हुए लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। उनके सम्मान में प्रखंड सभागार में एक भावुक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदाई कार्यक्रम में उनकी पत्नी जयंती तिर्की, सुपुत्र अंकुर विवेक खाखा, सुपुत्री आकांक्षा खाखा भी शामिल हुये। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्रा, नाजिर नरेश कुमार, अधिकारियों, जेई रंजीत केसरियार, जेई दिनेश प्रमाणिक आदि कर्मियों ने उन्हें फूलों की माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर विदाई दी। अपने विदाई भाषण में श्री खाखा ने कहा, ₹प्रशासनिक सेवा मेरे लिए एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक मिशन था। बुंडू की मिट्टी और यहां के लोगों से जो स्नेह मिला, वह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

# टाटा स्टील नोवामुंडी आयरन ओर माइंस के 100 वर्ष पूरे होंगे

- बोर्ड की स्वीकृति मिलने पर भविष्य में उत्पादन विस्तार की योजना
- शताब्दी वर्ष में नोवामुंडी टीएमएच में खुलेगा नर्सिंग कॉलेज

खबर मन्त्र ब्यूरो



टाटा स्टील एमओक्यू डिवीजन के महाप्रबंधक अतुल भटनागर।

**जमशेदपुर।** 1 जून 2025 को सौ साल पूरे करने जा रही टाटा स्टील नोवामुंडी माइंस ने वृहद विस्तारीकरण योजना बनायी है। इससे जहां रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे वहीं माइंस की उत्पादन क्षमता भी बढ़ाने में मदद मिलेगी। शताब्दी वर्ष को देखते हुए नोवामुंडी माइंस डिवीजन के लिए नोवामुंडी टाटा मेन हॉस्पिटल के नये कैंपस का उद्घाटन किया गया है जिसमें सिटी स्कैन से लेकर एमआरआई तक की सुविधा है। अनुभवी डॉक्टर और सर्जन भी यहां हैं। जल्द ही अस्पताल परिसर में एक नर्सिंग कॉलेज खोला जायेगा जिसमें जीएनएम नर्सिंग की पढाई होगी ताकि लोकल छात्र-छात्राएं चिकित्सा सेवा क्षेत्र में रोजगार पा सकें। उक्त जानकारी गत मंगलवार को ओएमक्यू डिविजन के महाप्रबंधक अतुल भटनागर ने जमशेदपुर से नोवामुंडी आये पत्रकारों को दी। उन्होनें कहा कि भविष्य में निवेश प्रोसेसिंग प्लांट के लगाने, मशीनों की खरीद तथा लौजिस्टीक्श में किया जायेगा। निवेश राशि के बारे में पूछे जाने पर कहा कि बोर्ड से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बारे में ही सही-सही वो बता पायेंगे। बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में 47 मिलियन टन आयरन ओर के उत्पादन का लक्ष्य है। अगले 3 वर्षों में इसे बढाकर 55 मिलियन टन किया जायेगा। अतुल भटनागर ने कहा कि टाटा स्टील को उड़ीसा के सुंदरगढ़ और क्योन्झर जिले में एक-एक आयरन ओर का ब्लॉक मिला है। सुन्दरगड के कालामांगा से 3 मिलियन प्रति वर्ष की क्षमता से अगले वर्ष तथा क्योन्झर के गन्धरपाड़ा से 10 मिलियन टन प्रतिवर्ष की क्षमता से 2027 में उत्खनन शुरू हो जायेगा। वर्तमान में जोडा माईन्स से 12 एमटीव उत्पादन है जिसे 16 एमटी तथा नोवामुंडी एवं काटामाटी माईन्स से 20 एमटी से बढ़ाकर 27 एमटी करना लक्ष्य है।

## बाल विवाह के खिलाफ जागरूक कार्यक्रम




खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की और से बुधवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर महुदा क्षेत्र के सभी धर्म के धार्मिक स्थलों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिनोद महतो, जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, मुमताज अंसारी के नेतृत्व में मंदिरों, मस्जिदों में पंडित, मौलानाओं, बच्चों एवं शिक्षकों के बीच बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम चलाकर उन सबों को इनसे होने वाले प्रभाव की जानकारी दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह परंपराओं की कोख में जन्मी कुप्रथा है, अभिशाप है। हम सबको मिलकर इसे रोकना होगा, तभी एक सभ्य समाज का निर्माण होगा। जागरुकता कार्यक्रम कमलिया शिव मंदिर नगदा, शिव शक्ति धाम कांड्रा महुदा मोड़, मदरसा तालीमुल इस्लाम महुदा मोड़, मदरसा इस्लामिया मुजीबिया महुदा बस्ती, मदरसा हनफिया रिजविया कुंजी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी आदि स्थानों में किया गया। कोषाध्यक्ष बिनोद महतो ने धन्यवाद ज्ञापन किया।अभियान को सफल बनाने में फिल्ड मोबलाइजर मुमताज अंसारी, जमील अख्तर, मौलाना कमरूद्दीन, मुखिया बदरूद्दीन अंसारी, सेक्रेटरी वासिफ अली, सदर हसन उल्ला अंसारी, सदर डॉ इरफान, सेक्रेटरी मेंहदी हसन, शाह हुसैन अंसारी, हाजी गुलाम अंसारी, हाजी कमालुद्दीन अंसारी, हाजी नसीम अख्तर, हाजी नुरेमान, मुफ्ती अहसनउल होदा, मौलाना इश्तियाक सदर मुजीबुर्रहमान, सेक्रेटरी बरकत अंसारी, गुलनाज बानो, प्रधानाध्यापक रागिनी कुमारी, प्रिया कुमारी, मधुमिता दास, सागर महतो, सुमन कुमारी, साबिर हुसैन आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### नौशाद आलम गया जेल

**धनबाद।** प्रिंस खान का गुर्गा मोहम्मद नौशाद आलम को पुलिस ने बुधवार को पूछताछ के बाद वापस जेल भेज दिया है। नौशाद आलम को पुलिस ने पूछताछ के लिए 48 घंटे के पुलिस रिमांड पर ले गई थी। रिमांड की अवधि समाप्त होने के बाद बैंकमोड पुलिस ने आज नौशाद आलम को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला की अदालत में पेश किया जहां से उसे वापस न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पूछताछ के दौरान नौशाद आलम ने अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया कि वह प्रिंस खान तथा उसके गैंग के सदस्यों के कहने पर व्यवसाय तथा बिल्डरों के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराकर उनसे रंगदारी की मांग किया करता था। रंगदारी न देने पर हत्या की धमकी भी दिया करता था। पुलिस ने नौशाद आलम का मोबाइल फोन जप्त कर लिया है।

## सेवानिवृत शिक्षक मोहम्मद शमसुद्दीन को विदाई दी गयी



खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** मध्य विद्यालय राधानगर में बुधवार सम्मान समारोह आयोजित कर सेवानिवृत हुए शिक्षक मो. शमसुद्दीन को विद्यालय परिवार एवं शिक्षक संगठन की ओर से सम्मानित कर विदाई दी गयी। शिक्षक प्रतिनिधियों ने उन्हें फुलमाला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने उनके जीवन की दूसरी पारी की शुभकामनाएं देते हुए उनके 37 वर्षों के उत्कृष्ट सेवा की प्रशंसा की। शिक्षक संघ के अंचल अध्यक्ष श्रवण कुमार महतो ने कहा कि शिक्षक अपने जिवन का मुख्य समय बच्चों को शिक्षा देने में लगा देते है। उन्हें पता ही नहीं चलता है कि कब वे सेवानिवृत हो गये। मो. शमसुद्दीन अपने कार्यकाल में हमेशा बच्चों को अच्छे संस्कार व शिक्षा देते रहे है। समारोह का संचालन प्रवीण कुमार लाला ने किया। मौके पर सचिव रामेश्वर महतो, प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार लाला, मोहम्मद असलम, तापस कुमार खवास, इंदु कुमारी, सुरेन महतो, मोहम्मद रजी, शिवप्रसाद गोप, अब्दुल शकूर, कुमारी रंभा, नंदकिशोर कुमार, रामानुज सिंह, अरशद अंसारी, हिमांशु कुमार, नेहा भारती, बासुदेव खवास, पूजा कुमारी, स्नेहा बर्नवाल, रूबी कुमारी, झूलन गोस्वामी, धीरज कुमार आदि मौजुद थे।

### एमपीएल में अग्निशमन सुरक्षा को ले विविध कार्यक्रम आयोजित

## हर पल चौकन्ना रहे अग्निशमन दल : सीईओ



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** एमपीएल में चल रहा अग्नि सुरक्षा सप्ताह बुधवार को संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम को एक सप्ताह की जगह एक महीने तक चलाया गया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षण, प्रायौगिक प्रशिक्षण, रिमोट संचालित अग्नि मॉनिटर का प्रदर्शन, मॉक ड्रिल, स्लोगन, पोस्टर, चित्रांकन, जागरुकता शिविर सहित विभिन्न माध्यमों से अग्निशमन की जानकारी व बचाव के तरीके बेहतर तरीके से बताया जा सके। विभिन्न जगहों पर कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों की आहूति देने वाले अग्नि शमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान बेहतर करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। वक्ताओं ने सुरक्षा के टिप्स बतायें। इसके महत्व एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। एमपीएल के सीईओ एवं चीफ इस्टर्न रीजन जेनरेशन जगमीत सिंह सिद्धू ने अपने संदेश में सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए अग्निशमन दल की सराहना की। कहा कि हल्की लापरवाही बडे. नुकसान का कारण बन सकता है। उन्होंने हर पल चौकन्ना रहने एवं एहतियात बरतने की आवश्यकता पर बल दिया। एमपीएल के सीएमओ सुभ्रा सुंदर चटर्जी, प्रवीण बी. राउत, रुपेश कुमार श्रीवास्तव, सुप्रतीक मुखर्जी, रुपेश कुमार सिंह एवं जयश्री चौधरी ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को पुरस्कृत किया तथा अपने विचार रखे। चित्रांकन प्रतियोगिता में एमपीएल अधिकारी सहेली हलधर प्रथम, खुशी कुमारी द्वितीय एवं सीमा महतो को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरक्षा विभाग प्रमुख रुपेश कुमार श्रीवास्तव, राज कुमार राय, ओपी आर्या, अभिजीत पाण्डे का सराहनीय योगदान रहा। श्री राजकुमार ने प्रशिक्षण एवं प्रायौगिक प्रशिक्षण के माध्यम से सभी को भलीभांति समझाया। कार्यक्रम में एमपीएल के वरीय अधिकारी सुभ्रा सुंदर चटर्जी, डीके गंगवाल, प्रवीण बी राउत, सुप्रतीक मुखर्जी, संदीप खेडवाल, रुपेश सिंह, जयश्री चौधरी, अजय कुमार सहित अनेक अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया।

## मनिका प्रखंड के डोंकी पंचायत में घटिया मेटेरियल से सरना स्थल की चहारदीवारी का निर्माण

# कमेटी बनाने के बाद भी गैर आदिवासी कर रहे योजना का निर्माण

- नाबालिक बच्चों को भी बना दिया गया कमेटी का सदस्य
- बंगला ईंट, 8 व 10 एमएम का छड़,घटिया सीमेंट का उपयोग, मजदूरों की मजदूरी भी बकाया

खबर मंत्र संवाददाता



योजना स्थल पर मौजूद बांग्ला ईंट व बाउंड्री में लगे आठ व 10 एमएम का छड़।



जानकारी देते मजदूर।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत डोंकी पंचायत के उप स्वास्थ्य केंद्र के पीछे कोलडीहा टोला स्थित सरना स्थल के भूमि का चार दीवारी निर्माण का कार्य संवेदक के द्वारा घटिया मेटेरियल का उपयोग कर करवाया जा रहा है। बता दें कि कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आई.टी.डी.ए.) कल्याण विभाग लातेहार के तहत ग्राम डोंकी में सरना स्थल का चार दीवारी निर्माण का चयन किया गया है,जिसकी प्राक्कलन राशि 24 लाख 97 हजार 800 रुपए है। लेकिन इस योजना में संवेदक सरवन सिंह राजपूत के द्वारा मनमानी तरीके से भारी लापरवाही बरती जा रही है। जहां पर चार दिवारी के निर्माण में बांग्ला ईंट,8 व 10 एमएम का छड़ एवं एस्टीमेट से बाहर सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही दस तगाड़ी बालू में एक बोरा सीमेंट मिलाकर बाउंड्री निर्माण का काम किया जा रहा है। वहीं योजना स्थल पर देखा गया कि योजना से संबंधित कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है जिससे की योजना के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त हो सके। साथ ही योजना स्थल पर साफ देखा जा सकता है कि संवेदक अपने मनमानी तरीके से एस्टीमेट से बाहर होकर योजना का निर्माण करवा रहा है। मौके पर योजना स्थल पर काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि हम लोगों को काफी दिनों से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। वहीं कुछ ग्रामीणों ने बताया कि 2018 में भी खाता नंबर-193, प्लॉट नंबर-687, रकबा-96 डिसमिल के सरना स्थल भूमि पर चार दीवारी निर्माण का चयन किया गया था जबकि उस योजना को किसी और जगह पर निर्माण करवाया गया और अभी वर्तमान में फिर से इसी खाता, प्लॉट और रकबा में योजना का चयन कराकर चारदीवारी का निर्माण करवाया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि बाउंड्री का निर्माण ज्यादा एरिया में करना था लेकिन संवेदक के द्वारा कम एरिया में ही बाउंड्री का निर्माण करवाया जा रहा है। साथ ही सरना स्थल के भूमि पर योजना का निर्माण गैर आदिवासी सरवन सिंह राजपूत के द्वारा करवाया जा रहा है। जबकि आदिवासियों के द्वारा इस योजना का निर्माण होना चाहिए था। जिसके लिए कमेटी का भी गठन हुआ है जिसमें अध्यक्ष विश्वनाथ उरांव और सचिव प्रदीप टोप्पो को बना दिया गया है और सदस्य में कई नाबालिक बच्चों को भी शामिल किया गया है,जिसमें रंजीत सिंह उम्र लगभग 16 वर्ष,ओमप्रकाश उरांव उम्र लगभग 17 वर्ष व राकेश उरांव उम्र लगभग 16 वर्ष शामिल है।

### जिला प्रशासन से कार्रवाई की करेंगे मांग: मुखिया भजेंद्र उरांव

वहीं मामले के संबंध में डोंकी पंचायत के मुखिया भजेंद्र उरांव को जब अवगत करवाया गया तो उन्होंने कहा कि संवेदक के द्वारा योजना में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी,जिला प्रशासन से योजना का जांच कर संवेदक के ऊपर कारवाई करने की मांग करेंगे।

# चहल ने हैट्रिक लेकर चेन्नई को आइपीएल 2025 से बाहर किया

एजेंसी

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग में ऐसा कम ही देखने को मिलता है कि महेंद्र सिंह धोनी की उरड टीम प्लेऑफ में खेलते न दिखे, लेकिन फैंस को इस बार यह दर्द झेलना होगा। 5 बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को पंजाब किंग्स ने एक रोमांचक मुकाबले में हराते हुए आइपीएल 2025 प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया है। चेन्नई की यह 10 मैचों में 8वीं हार रही, जबकि उसे प्लेऑफ में बने रहने के लिए पंजाब के खिलाफ हर हाल में जीत चाहिए थी। उसने पहले बैटिंग करते हुए अपने घरेलू मैदान पर 190 रनों का स्कोर खड़ा किया, जबकि युजवेंद्र चहल ने 19वें ओवर में 4 विकेट सहित हैट्रिक ली। इसके बाद पंजाब के बल्लेबाजों ने भौकाल दिखाते हुए लक्ष्य 19.4 ओवरों में हासिल कर लिया। मार्को यानसेन ने विनिंग फोर लगाया। श्रेयस अय्यर ने 72 रनों की कप्तानी पारी खेली, जबकि प्रभसिमरन सिंह ने 54 रन ठोके।

**प्रियांश और प्रभसिमरन ने पंजाब को दी जबरदस्त शुरुआत**

191 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके को जबरदस्त शुरुआत मिली। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने पहले विकेट के लिए 4.4 ओवरों में 44 रनों की साझेदारी की। प्रियांश 15 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए तो कप्तान श्रेयस अय्यर ने मोर्चा संभाला। उन्होंने प्रभसिमरन सिंह के साथ मिलकर टीम को 116 रनों तक पहुंचा दिया। इसी स्कोर पर नूर अहमद ने प्रभसिमरन को 54 रनों के स्कोर पर डेवाल्ड ब्रेविस के हाथों कैच आउट कराया। सिंह ने 36 गेंदों में 5 चौके और 3 छक्के लगाए। आर्य ने अपनी पारी में 5 चौके जड़े थे। इसके बाद नेहल बढ़ेरा (5) का विकेट भी जल्दी गिर गया।



**श्रेयस अय्यर की कप्तानी पारी, टीम को यूं दिलाई जीत**

श्रेयस अय्यर ने हालांकि शशांक सिंह के साथ मिलकर टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। शशांक सिंह का शानदार कैच रविंद्र जडेजा की गेंद पर डेवाल्ड ब्रेविस ने सीमा रेखा पर लपका तो टीम का स्कोर 180 रन था। शशांक 12 गेंदों में एक चौका और 2 छक्के के दम पर 23 रन पर आउट हुए। टीम जीत के करीब थी तो श्रेयस अय्यर को मथीशा पथिराना ने क्लीन बोल्ड किया। कप्तान ने 41 गेंदों में 5 चौके और 4 छक्के उड़ाते हुए 72 रन ठोके। उनके आउट होने के बाद सूर्याश शेडगे एक रन अपना विकेट गंवा बैठे, जबकि जोश इंग्लिस और मार्को यानसेन ने पंजाब किंग्स को आखिरी ओवर में जीत दिला दी। इस जीत से पंजाब किंग्स आइपीएल पॉइंट्स टेबल में 13 अंकों के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। इससे पहले सैम करन (88 रन) के चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बनाए गए अर्धशतक के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स की टीम अंत में युजवेंद्र चहल (32 रन देकर 4 विकेट) की हैट्रिक से पंजाब किंग्स के खिलाफ 19.2 ओवर में 190 रन पर सिमट गई। करन ने 47 गेंद का सामना करते हुए 9 चौके और 4 छक्के लगाकर इस सत्र में पहली अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि टीम को पावरप्ले में तीन विकेट पर 48 रन के स्कोर से अच्छी स्थिति में पहुंचाया। उनके अलावा डेवाल्ड ब्रेविस ने 32 रन का योगदान दिया। करन ने ब्रेविस के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन की मजबूत साझेदारी निभाकर पंजाब किंग्स के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। 16वें ओवर तक सीएसके ने लगभग 9 रन प्रति ओवर की दर से अच्छा प्रदर्शन किया, तब इंग्लैंड के ऑलराउंडर करन ने सूर्याश शेडगे की गेंदों को धुना। उन्होंने पहली दो गेंदों पर लॉन्ग-ऑफ और डीप स्क्वायर लेग पर छक्के लगाए। फिर तीसरी गेंद पर श्रेयस अय्यर ने इसी ओवर का तीसरा छक्का रोकने के लिए डाइविंग करनी पड़ी। लेकिन करन ने अपना काम पूरा नहीं किया था और अगली दो गेंदों को गैप से निकालते हुए बाउंड्री लगाई जिससे इस ओवर में सीएसके ने 26 रन बटोरे। करन के आक्रमण ने पंजाब किंग्स मुख्य गेंदबाज अर्शदीप को वाइड फुल टॉस का सहारा लेने के लिए मजबूर किया जिसके परिणामस्वरूप यह ओवर काफी कसा रहा जिसमें चार रन बने लेकिन इसके लिए उन्हें आठ गेंदें फेंकनी पड़ीं क्योंकि दो वाइड रही थीं। करन अंततः 18वें ओवर में आउट हो गए। मार्को यानसेन की बाउंसर के नीचे झुकने की कोशिश करते हुए गेंद पर बल्ला छुआ बैठे। चहल को 19वें ओवर तक विकेट नहीं मिला था। चहल ने फिर चौथी गेंद पर दीपक हुड्डा (02), पांचवीं गेंद पर अंशुल कंबोज (0) और नूर अहमद (0) के विकेट झटक कर हैट्रिक पूरी की। यह इस बाएं हाथ के स्पिनर की आइपीएल में दूसरी हैट्रिक थी।

**चेन्नई 190/10 (19.2 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रशीद कै. शशांक बो. अर्शदीप | 11 | 12 | 01 | 01 |
| म्हात्रे कै. श्रेयस बो. येन्सन | 07 | 06 | 01 | 00 |
| करन कै. इंगलिस बो. येन्सन | 88 | 47 | 09 | 04 |
| जडेजा कै. इंगलिस बो. ब्रार | 17 | 12 | 04 | 00 |
| ब्रेविस बो. ओमरजाई | 32 | 26 | 02 | 01 |
| दुबे कै. शशांक बो. अर्शदीप | 06 | 06 | 01 | 00 |
| धोनी कै. वधेरा बो. युजवेंद्र | 11 | 04 | 01 | 01 |
| हूडा कै. आर्या बो. चहल | 02 | 02 | 00 | 00 |
| कंबोज बो. युजवेंद्र चहल | 00 | 01 | 00 | 00 |
| नूर कै. येन्सन बो. चहल | 00 | 01 | 00 | 00 |
| खलील अहमद नाबाद | 00 | 00 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 16

**विकेट पतन** : 1-21, 2-22, 3-48, 4-126, 5-172, 6-184, 7-186, 8-186, 9-186, 10- 190 .

**गेंदबाज** : अर्शदीप सिंह : 3.2-0-25-2, मार्को येन्सन : 4-0-30-2, अजमतुल्लाह ओमरजाई : 4-0-39-1, हरप्रीत ब्रार : 2-0-21-1, युजवेंद्र चहल : 3-0-32-4, सूर्यांश शेड़गे : 3-0-40-0.

**पंजाब 194/6 (19.4 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश कै. धोनी बो. अहमद | 23 | 15 | 05 | 00 |
| प्रभसिमरन कै. ब्रेविस बो. नूर | 54 | 36 | 05 | 03 |
| श्रेयस अय्यर बो. पथिराना | 72 | 41 | 05 | 04 |
| वधेरा कै. जडेजा बो. पथिराना | 05 | 03 | 01 | 00 |
| शशांक कै. ब्रेविस बो. जडेजा | 23 | 12 | 01 | 02 |
| जोश इंगलिस नाबाद | 06 | 06 | 01 | 00 |
| शेड़गे कै. नूर बो. खलील | 01 | 03 | 00 | 00 |
| मार्को येन्सन नाबाद | 04 | 02 | 01 | 00 |

**अतिरिक्त** : 06

**विकेट पतन** : 1-44, 2-116, 3-136, 4-180, 5-188, 6-190.

**गेंदबाज** : खलील अहमद : 3.4-0-28-2, अंशुल कंबोज : 2-0-20-0, रवींद्र जडेजा : 3-0-32-1, नूर अहमद : 4-0-39-1, सैम करन : 3-0-27-0, मथीशा पथिराना : 4-0-45-2.

## चहल ने हैट्रिक लेकर रचा इतिहास



युजवेंद्र चहल ने शानदार बॉलिंग करते हुए चेपॉक में हैट्रिक हासिल की है। उन्होंने लगातार तीन बॉल में तीन विकेट हासिल कर हैट्रिक अपने नाम की है। चहल ने दीपक हुड्डा 2, अंशुल कम्बोज 0 और नूर अहमद 0 को आउट कर हैट्रिक हासिल की है। इस ओवर में उन्होंने धोनी को भी 11 रनों के निजी स्कोर पर आउट किया। पंजाब किंग्स के लिए, सबसे ज्यादा विकेट युजवेंद्र चहल ने उन्होंने 3 ओवर में 32 रन देकर 4 विकेट चटकाए। चहल ने हैट्रिक समेत सभी 4 विकेट पारी के 19वें ओवर में हासिल किए। ये युजवेंद्र चहल की दूसरी हैट्रिक है जो उन्होंने आइपीएल में हासिल की है। इसके साथ ही वो आइपीएल में दो बार हैट्रिक लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गये हैं। उनसे पहले युवराज सिंह दो और अमित मिश्रा तीन बार हैट्रिक ले चुके हैं। इस हैट्रिक के साथ युजवेंद्र चहल पंजाब किंग्स के लिए हैट्रिक लेने वाले चौथे गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले युवराज सिंह, अमित मिश्रा, सैम करन हैट्रिक ले चुके हैं। ये चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पहली हैट्रिक है और चेपॉक पर दूसरी हैट्रिक है, इससे पहले 2008 में बालाजी ने यहां हैट्रिक ली थी. इसके साथ ही चहल एक ओवर में 4 विकेट लेने का कारनामा भी दो बार कर चुके हैं।

**पंजाब किंग्स के लिए हैट्रिक**
- 2- युवराज सिंह
- 1 - अमित मिश्रा
- 1 - सैम कुरेन
- 1 - युजवेंद्र चहल*

**आइपीएल में एक से ज्यादा हैट्रिक**
- अमित मिश्रा एक्स 3 (2008, 2011 और 2013)
- युवराज सिंह एक्स 2 (2009)
- युजवेंद्र चहल एक्स 2 (2022, 2025)

**आइपीएल में एक ओवर में चार विकेट लेने वाले गेंदबाज**
- अमित मिश्रा SRH बनाम पुणे 2013
- युजवेंद्र चहल RR बनाम KKR 2022
- आंद्रे रसेल KKR बनाम GT मुंबई 2022
- युजवेंद्र चहल PBKS बनाम चेन्नई 2025

**आइपीएल में सबसे ज्यादा 4 से ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी**
- 9 - युजवेंद्र चहल*
- 8 - सुनील नरेन
- 7 - लसिथ मलिंगा
- 6 - कगिसो रबाडा

# मुंबई का विजय अभियान रोकने उतरेगा राजस्थान

एजेंसी

**जयपुर।** पिछले मैच में 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार पारी से जीत दर्ज करने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम गुरुवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ नए जोश के साथ उतरेगी और उसका लक्ष्य इंडियन प्रीमियर लीग में पांच बार की चैंपियन टीम का विजय अभियान रोकना होगा। राजस्थान रॉयल्स की अगर मगर की कठिन डगर पर प्लेऑफ में जगह बनाने की धुंधली उम्मीद है। उसे सूर्यवंशी के रूप में आशा की किरण मिल गई है। कप्तान संजू सैमसन के साइड स्ट्रेन के कारण बाहर हो जाने से सूर्यवंशी को पदार्पण का मौका मिला और उन्हें क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बनने में उन्हें केवल तीन पारियां लगीं। सैमसन ने अपना आखिरी मैच 16 अप्रैल को खेला था और उनकी वापसी को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है, जिससे सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल को फिर से पारी की शुरूआत करनी होगी। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ इन दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 166 रन की साझेदारी से रॉयल्स ने 210 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया था। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गेंदबाजों को चुनौती देने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ के तेज गेंदबाजों में से एक जसप्रीत बुमराह का सामना किस तरह से करते हैं।




## जापान में एशियाई खेल 2026 में खेला जायेगा क्रिकेट

**नयी दिल्ली।** एशियाई ओलंपिक परिषद ने जापान के ऐची-नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेल 2026 में क्रिकेट को बनाए रखा है। ओसीए ने कहा, खेल कार्यक्रम के बारे में फैसला 28 अप्रैल को नागोया सिटी हॉल में एआइएनएजीओसी बोर्ड की 41वीं बैठक में लिया गया। इसमें क्रिकेट और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी गई है।

# बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे को पारी और 106 रनों से हराया

एजेंसी

**चटगांव।** मेहदी हसन मिराज (104 रन और पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन बुधवार को जिम्बाब्वे को दूसरी पारी में 111 रन पर समेट कर मुकाबला पारी और 106 रनों से जीत लिया। इसी के साथ बांग्लादेश ने दो मैचों की सीरीज एक-एक से बराबर कर ली है। मेहदी हसन मिराज को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र आठ रन के स्कोर अपने दो विकेट गवां दिये। ब्रायन बेनट (छह) और निक वेल्च (शून्य) पर आउट हुये। इन दोनों बल्लेबाजों को तैजुल इस्लाम ने आउट किया। इसके बाद मेहदी हसन मिराज ने शॉन विलियम्स (सात) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। कप्तान क्रेग एर्विन ने बेन करन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 30 ओवर में मिराज ने क्रेग एर्विन (25) को आउटकर बंगलादेश को चौथी सफलता दिलाई। इसी ओवर में उन्होंने वेस्ली मधेवेरे (शून्य) को भी अपना शिकार बनाया। इसके बाद जिम्बाब्वे का कोई भी बल्लेबाज बंगलादेश के गेंदबाजों के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका। टी त्सिगा (शून्य), वेलिंग्टन मसाकाद्जा (10) और रिचर्ड एन्गरावा (पांच) रन बनाकर आउट हुये। जिम्बाब्वे के लिए बेन करन ने सर्वाधिक (46) रनों की पारी खेली।

# कबड्डी : रांची दोनों वर्गों में बना चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य कबड्डी संघ के तत्वाधान में खूंटी जिला कबड्डी संघ के सहयोग से तीन दिवसीय झारखंड राज्य जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप बुधवार को बिरसा कॉलेज खूंटी में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के 39 टीमों ने भाग लिया। फाइनल से पूर्व तीसरे स्थान के लिए खेले गए बालिका मैच में गिरिडीह ने गुमला सेंटर को 29-28 तथा बालक वर्ग में पश्चिम सिंहभूम ने बोकारो 30-14 को पराजित कर कांस्य पदक पर कब्जा किया। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल में रांची ने धनबाद को 38-18 तथा बालक वर्ग में रांची ने गढ़वा को 29-12 पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता का बालिका वर्ग में सर्वश्रेष्ठ रेडर स्नेहा थापा, सर्वश्रेष्ठ कैचर सृष्टि सिंह एवं बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ रेडर अंकित कुमार व सर्वश्रेष्ठ कैचर मो. इरफान घोषित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, विशिष्ट अतिथि चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सह खूंटी जिला भाजपा कोषाध्यक्ष पी भगत, बिरसा कॉलेज खूंटी की प्रधानाध्यापिका जर्मन किड़ो तथा झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन रावत महासचिव संजय कुमार झा कोषाध्यक्ष हरीश कुमार ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया।





## एनआरएआई ने किया सनी थॉमस के निधन पर शोक व्यक्त

**नयी दिल्ली।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव ने बुधवार को महान निशानेबाजी कोच प्रो. सनी थॉमस के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। केरल के कोट्टायम जिले के उझवूर में श्री सिंह देव ने कहा, यह एक ऐसा खालीपन है जिसे भारतीय निशानेबाजी शायद ही कभी भर पाए। प्रोफेसर थॉमस निशानेबाजी में एक संस्था समान थे और भारत आज निशानेबाजी में जो शक्ति रखता है, वह उनके निस्वार्थ योगदान के बिना संभव नहीं हो पाता। पूरा निशानेबाजी समुदाय शोक में है और एनआरएआई की ओर से मैं उनके परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

# पीएसजी ने आर्सेनल को पहले चरण में 1-0 से हराया

एजेंसी

**लंदन।** फ्रांस के क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियंस लीग सेमीफाइनल के पहले चरण में आर्सेनल को उसके घरेलू मैदान पर हराकर फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिया है। एमिरेट्स स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले की शुरुआत ही धमाकेदार रही। फ्रांस के खिलाड़ी उस्मान डेम्बेले ने मैच के चौथे मिनट में गोल दागकर पीएसजी को शुरुआती बढ़त दिला दी। डेम्बेले ने बीच के घेरे से गेंद आगे बढ़ाई, ख्विचा क्वारात्स्खेलिया को पास दिया और आगे दौड़ लगाते हुए वापस मिली पास पर गोल कर दिया। गोल करने के बाद पीएसजी ने पूरे मैच में संतुलित और अनुशासित खेल दिखाया। आर्सेनल को बराबरी का कोई ठोस अवसर नहीं मिल सका और उसे 18 यूरोपीय घरेलू मुकाबलों के बाद पहली हार झेलनी पड़ी। मिकेल आर्तेता की टीम इससे पहले मौजूदा विजेता रियल मैड्रिड को दो चरणों में 5-1 से हराकर अंतिम चार में पहुंची थी।

**वीडियो सहायक रेफरी ने छीना गोल, डोनारुमा का शानदार प्रदर्शन**

**फाइनल की ओर बढ़ी पीएसजी**

अब दूसरा मुकाबला 7 मई को पेरिस के पार्स दे प्रेंस मैदान पर खेला जाएगा, जिसमें पीएसजी को मामूली बढ़त हासिल होगी। टीम बार्सिलोना या इंटर मिलान के खिलाफ फाइनल में जगह बनाने के करीब है, लेकिन उसे अपने पुराने अनुभवों को ध्यान में रखकर संभलकर खेलना होगा।



पहले हाफ के अंत में गेब्रियल मार्टिनेली का शक्तिशाली शॉट इटली के गोलकीपर जानलुइजी डोनारुमा ने शानदार बचाव से रोक दिया। दूसरे हाफ की शुरुआत में मिकेल मेरिनो का हेडर गोल में गया, लेकिन वीडियो सहायक रेफरी ने उसे ऑफसाइड बताकर अमान्य कर दिया। इसके बाद भी लिएंड्रो त्रोसार्ड और मेरिनो जैसे खिलाड़ियों ने मौके बनाए, लेकिन डोनारुमा दीवार बनकर खड़े रहे।

**धीमी गति से मैच को नियंत्रित किया**

मैच के अंतिम समय में पीएसजी ने गति धीमी कर खेल को नियंत्रण में रखा। हालांकि, ब्रैडली बारकोला और गोंकालो रामोस के पास बढ़त को दोगुना करने के मौके थे। लेकिन बारकोला का शॉट लक्ष्य से बाहर चला गया और रामोस की कोशिश क्रॉसबार से टकरा गई।

# भारतीय महिला हॉकी टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ आजमायेगी नये संयोजन

**भारत 1, 3 और 4 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेलेगा तीन मुकाबले**

एजेंसी

**पर्थ।** आस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ दो मुकाबलों में हार के बाद अब भारतीय महिला हॉकी टीम आस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में उतरने जा रही है। यह मुकाबले 1, 3 और 4 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे।

**सीनियर आस्ट्रेलिया टीम के खिलाफ होगी असली परीक्षा**

अब भारतीय टीम सीनियर आस्ट्रेलिया टीम के खिलाफ मैदान में उतरेगी, जिससे मुकाबला और भी चुनौतीपूर्ण होगा। पिछली बार जब दोनों टीमें आमने-सामने आई थीं, तब भारत ने एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में 1-0 से जीत दर्ज की थी। कप्तान सलीमा टेटे और उपकप्तान नवनीत कौर के नेतृत्व में 26 सदस्यीय भारतीय टीम इस बार भी उसी जज्बे के साथ उतरने को तैयार है।

## कोच हरेंद्र सिंह ने युवाओं पर जताया भरोसा



टीम के प्रदर्शन पर बात करते हुए चीफ कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, हमने कुछ सॉफ्ट गोल जरूर खाए हैं जो निराशाजनक रहे, लेकिन प्रदर्शन काफी प्रतिस्पर्धी रहा है। यह टेस्ट सीरीज है, यहां जीत-हार से ज्यादा अनुभव अहम है। कई खिलाड़ी पहली बार देश से बाहर खेलने आए हैं। मैं उन्हें मौका दे रहा हूं ताकि वे भविष्य के लिए तैयार हो सकें। अब तक लगभग सभी को खेलने का मौका मिला है, लेकिन अब हम सर्वश्रेष्ठ संयोजनों को आजमाएंगे। सिंह ने बताया कि वर्ल्ड कप से पहले हर युवा खिलाड़ी को कम से कम 35 इंटरनेशनल मैच खेलने का लक्ष्य है। महिमा टेटे ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। वह तेज, फुर्तीली और बहुत संभावनाशाली खिलाड़ी है। साथ ही पूजा, सुजाता, अजमीना जैसी खिलाड़ी भी अच्छा कर रही हैं। उन्होंने अंत में कहा, टीम में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है और सभी खिलाड़ी सीखने की कोशिश कर रहे हैं। हमें कठिन टीमों के खिलाफ सरल हॉकी खेलते हुए अनुभव बटोरना है।

## हॉकी इंडिया ने कोहली, भोरे और लालरिनफेला को कार्यकारी बोर्ड के सदस्य नियुक्त होने पर दी बधाई



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने नितिन कोहली और मनोज भोरे को उपाध्यक्ष तथा लालरिनफेला को संयुक्त सचिव बनाये जाने पर बधाई दी है।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, हम नितिन कोहली, मनोज भोरे का उपाध्यक्ष के रूप में उनकी नई भूमिकाओं और लालरिनफेला का संयुक्त सचिव के रूप में उनकी नियुक्ति पर स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। भारतीय हॉकी के विकास के लिए उनका विशाल अनुभव और प्रतिबद्धता सभी स्तरों पर खेल को बढ़ाने के हमारे प्रयासों में सहायक होगी।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान की गई नियुक्तियां प्रशासनिक उत्कृष्टता और दीर्घकालिक दृष्टि पर हमारे निरंतर ध्यान को दर्शाती हैं। हमें विश्वास है कि श्री कोहली, श्री भोरे और लालरिनफेला भारतीय हॉकी में बहुमूल्य योगदान देंगे, और हम कमांडर आर.के. श्रीवास्तव को उनकी उचित पदोन्नति के लिए बधाई देते हैं।

# खिलाड़ियों ने किया पोल पिरामिड



मलखंब, हैंगिंग मलखंब और पिरामिड निर्माण का अभ्यास कराया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में झारखंड के मुख्य प्रशिक्षक अजय झा ने नये नये कौशल्य का अभ्यास कराया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर के दौरान सहायक प्रशिक्षक निखिल कुमार, दिव्या कुमारी एवं शुभम सिंह का अहम योगदान दे रहें हैं।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार एवं झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के तत्वाधान में आठ दिवसीय खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तहत झारखंड मलखंब टीम का प्रशिक्षण शिविर बी.एस.पी.उच्च विद्यालय, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची में आयोजित हो रहा है। प्रशिक्षण शिविर के छठे दिन झारखंड टीम के बालक-बालिका द्वारा कई आकर्षक पिरामिड का निर्माण किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए, सभी खिलाड़ियों को पोल मलखंब, रोप झारखंड बालक-बालिका मलखंब टीम की घोषणा खेलो इंडिया यूथ गेम्स झारखंड के नोडल पदाधिकारी सह जिला खेल पदाधिकारी, चतरा तुषार राय एवं झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव डॉ. अजय झा ने संयुक्त रूप से किया।

झारखंड मलखंब टीम खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 में खेलने के लिए 3 मई को रांची से गया (बिहार) के लिए प्रस्थान करेगी। गया में यह प्रतियोगिता 5 मई से 8 मई तक आयोजित होगी।

# बोकारो : संपूर्ण विप्र समाज बोकारो ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सम्पूर्ण विप्र समाज बोकारो जिला इकाई द्वारा अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर सेक्टर 5 स्थित आशा लता परिसर के मानसरोवर गार्डन में हर साल की भांति विष्णु के छठे अवतार तथा विप्रों के आराध्य देव भगवान श्रीपरशुराम जी का जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। समाज के बोकारो जिला इकाई के अध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र व महासचिव श्रवण कुमार झा के नेतृत्व में आयोजित इस उत्सव में भगवान परशुराम जी की पूजा-अर्चना की गई। इसके पूर्व सेक्टर 6 डी स्थित बाबा निरंजन नाथ शिव मंदिर परिसर के परशुराम मंडप में भगवान परशुराम की पूजा की गयी। मानसरोवर उत्सव मंडप में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। समाज में उत्कृष्ट योगदान के लिए संतोष पांडेय भैया आरएन ओझा मिथिलेश पांडेय सत्येंद्र तिवारी एवं रवि चौबे को समाज के द्वारा अंग वस्त्र और भागवत गीता देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के बोकारो जिला इकाई के संरक्षक पीएन पांडेय जिलाध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र कार्यकारी अध्यक्ष दिवाकर दुबे श्रवण कुमार झा अरुण पाठक मृणाल मनीष पाण्डेय शैलेन्द्र तिवारी बिमलेश पांडेय राजेश्वर द्विवेदी गोपाल कृष्ण उपाध्याय युसी दुबे संजय मिश्रा द्वारिका तिवारी नागेश तिवारी हेमंत पाठक अशोक मिश्रा संजय पांडेय सत्येन्द्र तिवारी अजय चौबे शशि नाथ मिश्र देवमुनि तिवारी अनूप चौबे अशोक त्रिपाठी सुनील झा महिला इकाई की अध्यक्ष अर्चना चौबे संगीता मिश्रा मिली चौबे रेखा झा माया मिश्रा अमिता त्रिपाठी सहित विप्रश्रेष्ठ उपस्थित रहे।

# सिल्वरजोन ओलंपियाडों में डीपीएस बोकारो के 50 से अधिक विद्यार्थी सफल, 12 को मिली स्टेट रैंक 1

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने सिल्वरजोन ओलंपियाड्स 2024-25 में अपनी मेधाविता का परचम लहराते हुए शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाडों में विद्यालय की प्राथमिक एवं वरिष्ठ-दोनों ही इकाइयों से कुल 50 से अधिक विद्यार्थी सफल रहे। इनमें आठ विद्यार्थियों ने ओलंपियाड रैंक1 दो ने जोनल रैंक1 तथा 12 ने स्टेट रैंक1 हासिल किया। प्राइमरी विंग से आईआईओ में वेदांत महतो और प्रान्षि कुमारी मिश्रा ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि ध्रुव श्रीवास्तव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष विज्ञान ओलंपियाड में गेडेला वेदांतिका ने राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंतरराष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में अन्वी ने प्रथम प्रान्षि कुमारी मिश्रा ने द्वितीय और अविवांक मंडल व ध्रुव श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान पाया। आईओईएल में प्रान्षि कुमारी मिश्रा ने जोनल स्तर पर प्रथम रविका झा ने द्वितीय तथा उत्सव राज और यक्षिता राय ने स्टेट रैंक 3 हासिल की। एचीएचओ में प्रान्षि कुमारी मिश्रा वान्या सिंह ईशान जैन वेदांत महतो भाव्या बिष्ट और अदिति ने ओलंपियाड रैंक1 प्राप्त की वहीं रविका झा ने राज्य रैंक 3 पाई। अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में गेडेला वेदांतिका ने स्टेट रैंक1 और अवनिका सिंह ने स्टेट रैंक3 प्राप्त की। अंतर्राष्ट्रीय रीजनिंग व एप्टीट्यूड ओलंपियाड में अंश्रिथ नंदन ने स्टेट रैंक 1 इशित पटेल ने स्टेट रैंक 2 तथा पर्व राठौर और अविवांक मंडल ने स्टेट रैंक 3 अर्जित की। स्टेम ओलंपियाड में रेयांश सिंह और प्रान्षि कुमारी मिश्रा ने ओलंपियाड रैंक 1 शैलजा शानवी ने ओलंपियाड रैंक 2 पाई जबकि ध्रुव श्रीवास्तव को स्टेट रैंक 2 और स्वधा प्रियावी व गेडेला वेदांतिका को स्टेट रैंक 3 मिली। एसकेजीकेओ में प्रान्षि कुमारी मिश्रा ने ओलंपियाड रैंक 2 प्राप्त की। वरिष्ठ इकाई में स्टेम इनोवेशन ओलंपियाड में अनिकेत सिंह अपूर्व कुमार महतो और अंशुला श्री ने स्टेट रैंक 3 सजग सूर्याश पांडे और शिप्रा हेम्ब्रम ने स्टेट रैंक 2 तथा आयुषी श्री कुणाल आनंद अक्षत प्रियदर्शी और सात्विक रुपम द्विवेदी ने स्टेट रैंक1 पाई। अक्षत प्रियदर्शी को जोनल रैंक 3 और सात्विक को जोनल रैंक 2 एवं ओलंपियाड रैंक 3 भी मिली। आईओईएल में समरा बाटूल हुसैन आव्या सिंह अंकिता साक्षी और श्लोक कुमार ने स्टेट रैंक 2और स्वास्तिक सौम्य ने स्टेट रैंक3 आईओएस में दिव्यांश शर्मा ने राज्य और जोनल दोनों में प्रथम रैंक प्राप्त की जबकि सात्विक रुपम द्विवेदी आदित्य लाल और आव्या सिंह ने स्टेट रैंक 2 प्राप्त की।

स्पीड न्यूज

## पिछरी में टांगी से मारकर युवक की हत्या



बेरमो। पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछरी दक्षिणी पंचायत के कोचा कूल्ही गांव के जंगल से पुलिस ने पिछरी गांव निवासी गुलचंद मिश्रा उर्फ गल्लू के 25 वर्षीय पुत्र विपुल कुमार मिश्रा का शव बीते रात सुनसान जगह से बरामद किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में रखा है। साथ ही हत्या के आरोप में पुलिस ने एक युवक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वही घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बुधवार को फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग सड़क को जाम कर दिया। जिससे गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। स्थानीय लोगों के अनुसार तीन युवक एक साथ रात को वहां के जंगल में पहुंचे थे। बताया गया कि तीनो युवक में काफी गहरी दोस्ती थी। हत्या किस कारण से किया गया इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलने पर पेटरवार पुलिस, कसमार पुलिस और जरीडीह थाना पुलिश घटना स्थल पहुंच मामले की जांच में जुट गई है पुलिस प्रशासन अपने साथ जांच के लिए खोजी कुत्ते को लेकर घटना स्थल पहुंची है। और जांच में जुट गई है फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से खून के धब्बे, शराब की बोतले और पानी की बोतल सहित अन्य सामान घटना स्थल से बरामद किया गया है। वही परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है मृतक के पिता ने सरकार और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है और जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

## सोकपिट में डूबकर एक वर्षीय बच्चे की मौत

दुमका। जिला के गोपीकांदर गांव के बंगाली टोला में एक वर्षीय बालक का सोकपिट में डूबकर मौत हो गई है। घटना बुधवार शाम की है। सोकपिट घर से करीब 50 फिट की दूरी में बनी हुई थी। बालक का नाम मुकुन देहरी है। बच्चा सोकपिट के पास कैसे पहुंचा इसकी जानकारी परिजनों को नहीं है। जब बच्चे की खोजबीन शुरू हुई तो सोकपिट में बच्चे को पाया। पिता गोपीकिशन और बाकी सदस्यों ने अचेत अवस्था में बच्चे को गोपीकांदर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। एसआई धरमल मांझी ने बताया कि घटना बुधवार शाम की है। बच्चे की मौत कैसे हुई जांच किया जा रहा है।

## दुमका : ट्रेक्टर से दब कर चालक की मौत

दुमका। जिला के रानेश्वर प्रखंड के धानभाषा पंचायत के सुदूर इलाका तालडीह गांव में बुधवार एक ट्रैक्टर चालक असंतुलित होकर पैड़ से टकरा जाने एवं गिर कर चक्के के नीचे दब जाने से मोके पर ही मौत हो गया है। घटनास्थल पहुचने पर देखा गया कि जंगल के बीच कच्ची मिट्टी के रास्ते बने हुए है। एवं रास्ते के दोनों तरफ घना पैड़ लगा हुआ है। पथ काफी सकरा है। एवं पथ उबड़ खाबड़ है। जानकारी के मुताबिक चालक ट्रेक्टर चला कर तालडीह गांव जा रहा था। चालक का संतुलन बिगड़ गया एवं ट्रेक्टर पैड़ से टकरा गई। जिससे चालक जमीन पर गिर गया एवं ट्रेक्टर के चक्के के चपेट में आ गया। जिससे चालक का सिर फट गया एवं मौके पर ही चालक का दर्दनाक मौत हो गया। चालक (मृतक) का नाम रामसिंह मुर्मू उम्र लागभग 28 वर्ष है। वह प्रखंड के रंगालिया पंचायत के कुचियाडाली गांव के रहने वाले थे। ट्रेक्टर मालिक घटनास्थल से ट्रेक्टर को लेकर फरार हो गया है। ट्रेक्टर में क्या समान लदा हुआ था इसकी पुष्टि नही हो पाई है। मौके पर रानेश्वर थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुचकर शव को कब्जे में लिया है। समाचार लिखे जाने तक थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेजा गया है। ट्रेक्टर पकड़ में नही आया है।

# बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं के हर जरूरी सुविधाओं का रखा जायेगा ध्यान: दुमका डीसी

## राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव को लेकर बासुकीनाथ धाम में आंजनेयुलु दोड्डे ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर बासुकीनाथ मंदिर स्थित सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के दौरान हमारी व्यवस्था उच्च कोटि की रहे।

श्रद्धालुओं की भीड़ मेला क्षेत्र में एकत्रित नहीं हो। वे सुगमतापूर्वक जलार्पण कर सकें। इसका विशेष ध्यान रखा जाय।कहा कि मंदिर एवं आसपास के क्षेत्र में विधुत वायरिंग का कार्य दुरुस्त ससमय कर लें। मंदिर के आसपास एवं शिवगंगा की साफ सफाई पूरे मेला अवधि के दौरान बेहतर रहे। इस संबंध में निविदा का कार्य पूर्ण कर लें। कहा कि अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था मेला क्षेत्र में रहे ताकि विपरीत परिस्थिति में आसानी से निपटा जा सके।



बैठक करते डीसी आंजनेयुलु दोड्डे व अन्य।

प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को भी अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया जाय। उन्होंने कहा कि रुट लाइन के बैरिकेडिंग का कार्य मजबूती के साथ की जाय। बैरिकेडिंग करने वाले सभी महत्वपूर्ण स्थलों को चिन्हित कर लिया जाय, इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने कहा कि जलार्पण काउंटर के माध्यम से भी पूरे मेला अवधि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलार्पण करते हैं, इसे ध्यान में रखते हुए जलार्पण काउंटर को बेहतर ढंग से बनाया जाय। श्रद्धालुओं को जलार्पण काउंटर के माध्यम से जलार्पण करने में कठिनाई नहीं हो इसका ध्यान रखा जाय साथ ही अधिक संख्या में श्रद्धालु जलार्पण काउंटर में एकत्रित नहीं हो इस हेतु आवश्यक व्यवस्था की जाय। कहा कि पूरे मेला क्षेत्र में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था रहे, रुटलाइन का आकलन कर रौशनी की व्यवस्था की जाय। साज सज्जा को लेकर भी उन्होंने संबंधित को कई आवश्यक निदेश दिए।

उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए बनाए जाने वाले आवासन केंद्र को श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए बनाने का निदेश दिया है। कहा कि पेयजल, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग यूनिट सहित जरूरी व्यवस्था निश्चित रूप से आवासन केंद्र में रहे इसका ध्यान रखा जाय।श्रावणी मेला में आने वाले श्रद्धालु एक बेहतर अहसास के साथ बासुकीनाथ से वापस जाएं इसे ध्यान में रखते हुए सभी कार्य को ससमय पूर्ण किया जाय। इससे पूर्व उन्होंने रुट लाइन का निरीक्षण किया एवं श्रावणी मेला के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर कई आवश्यक निदेश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए वाहन पार्किंग, जलार्पण हेतु मंदिर जाने के लिए रुट तथा जलार्पण के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा प्रयोग किये जाने वाले रुट का निरीक्षण करते हुए रुटलाइन में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया। बैठक में परियोजना निदेशक आइटीडीए,अनुमंडल पदाधिकारी दुमका,प्रखंड विकास पदाधिकारी जरमुंडी सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी, पंडा धर्मरक्षणी सभा के सदस्य आदि उपस्थित थे।

# विद्यापति सांस्कृतिक परिषद ने जन्मोत्सव पर किया भगवान परशुराम का नमन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** अक्षय तृतीया के अवसर पर बुधवार शाम स्थानीय विद्यापति भवन परिसर में विद्यापति सांस्कृतिक परिषद द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन कर विष्णु के छठे व आवेशावतार भगवान परशुराम की पूजा करते हुए उनके जीवन वृत्त और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अधिवक्ता सर्वजीत झा 'अंतेवासी' की अध्यक्षता में आयोजित नमन समारोह को सम्बोधित करते हुए परिषद के सचिव डॉ वंशीधर मिश्रा, वरीय अधिवक्ता दीना नाथ झा, पूर्व सचिव माधव चंद्र चौधरी, वरीय सदस्य नरेंद्र चौबे, कोषाध्यक्ष निश्छल कुमार, युवा साहित्यकार सुरजीत झा ने कहा कि भगवान परशुराम की जीवन शैली ही समाज के लिए अनुकरणीय संदेश है जो सार्वकालिक प्रासंगिक है। उनकी संत शक्ति वाली छवि जिसमें एक हाथ में शास्त्र जबकि दूसरे हाथ में अस्त्र तथा कंधे शस्त्र वाली छवि प्रसिद्ध है, सर्वथा समाज के लिए प्रासंगिक एवं अनुकरणीय है। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों में हरिशंकर मिश्र, राजेश कुमार ठाकुर, प्रमोद चौधरी, मणिकांत दुबे, शैलेंद्र कुमार झा, शिशिर कुमार झा, राजेंद्र प्रसाद झा, प्रदीप कुमार मंडल एवं प्रभु झा ने श्री परशुराम का पुष्प नमन किया।

# मंत्री दीपिका पांडेय ने केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री से लंबित भुगतानों को लेकर की मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। बैठक में झारखंड राज्य में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से संबंधित लंबित भुगतानों, संसाधन आवंटन और नीति-संशोधन के मुद्दों पर राज्य सरकार ने ठोस मांगें रखीं। मनरेगा से संबंधित प्रमुख माँगें में सामग्री मद में 747 करोड़ की लंबित राशिझ राज्य सरकार की ओर से माननीय मंत्री से आग्रह किया गया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण



रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत सामग्री मद में केंद्र सरकार के पास लंबित 747 करोड़ की राशि को जल्द से जल्द राज्य के एस टी एन में जारी किया जाए। साथ ही यह भी अनुरोध किया गया कि जिन कार्यों से संबंधित बिलों के एफ टी ओ पहले ही मनरेगा पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं, उनकी भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। मजदूरी मद में 150 करोड़ का बकाया भुगतान झ राज्य के लाखों श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने हेतु मनरेगा की मजदूरी मद में केंद्र सरकार से 150 करोड़ की लंबित राशि तत्काल उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। प्रशासनिक मद में पिछले तीन महीनों से राशि प्राप्त नहींझ प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि राज्य में मनरेगा प्रशासनिक मद के अंतर्गत कार्यरत लगभग 5400 से अधिक कर्मियों का वेतन एवं संचालनगत खर्च तीन माह से लंबित है। इस कारण योजना संचालन प्रभावित हो रहा है। प्रशासनिक मद की राशि शीघ्र जारी करने की मांग की गई। 25,000 अतिरिक्त राजमिस्त्रियों के प्रशिक्षण हेतु स्वीकृत राशि का भुगतान लंबित झ भारत सरकार द्वारा पूर्व में झारखंड राज्य को 25,000 अतिरिक्त राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी, लेकिन इससे संबंधित राशि अभी तक राज्य को प्राप्त नहीं हुई है।

# दुमका : भारत विकास परिषद ने स्कूली छात्रा के बीच चलाया जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**छात्राओं को संस्कार निर्माण के प्रति युवतियां एवं महिलाएं अपनी जिम्मेदारी एवं पारिवारिक रीति रिवाज को अपने पारंपरिक सांस्कृतिक ढंग से पालन करने के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

**दुमका।** विशेष जनजाति विद्यालय कैरबानी एवं ऊपर मुर्गथालि गांव में भारत विकास परिषद जिला इकाई की ओर से अक्षय तृतीया के अवसर पर संस्कार कार्यक्रम आयोजित हुई। जिसमें उपस्थित छात्राओं को संस्कार निर्माण के प्रति युवतियां एवं महिलाएं अपनी जिम्मेदारी एवं पारिवारिक रीति रिवाज को अपने पारंपरिक सांस्कृतिक ढंग से पालन करने के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चियों को विशेष प्रकार के व्यंजन बनाने की विधि को भी बतलाया गया। जिससे वह अपने पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्व मे विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से समाज के बीच अपना अलग पहचान बना सके। बच्चियों के बीच व्यक्तिगत स्वच्छता, पारिवारिक स्वच्छता एवं सामाजिक स्वच्छता पर के प्रति जागरूक किया गया। जिससे समाज के हर पहलू के स्वच्छता के प्रति एक दूसरे को सहयोग दे सके जो आने वाले जीवन में उनके लिए वरदान साबित होगा। ऐसे अनेकों कार्यक्रमों के साथ भारत विकास परिषद सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में अपने कार्यक्रम का आयोजन के साथ दायित्व निर्वहन का कार्य करते आ रही है। उपस्थित बच्चियों को फल बिस्कुट, सत्तू पिलाकर एवं जरूरतमंदों के बीच कपड़ों का वितरण कर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद दुमका इकाई के अध्यक्ष प्रीति भालोठिया, सचिव जितेंद्र कुमार शाह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, सक्रिय सदस्य ज्योति हिम्मत सिंहका, मनीषा भालोठिया, सरोज साह, किशोर शाह, व्यवसायी दिलीप शर्मा, शकुंतला भालोठिया, प्रांतीय संस्कार संयोजक भारती शर्मा, प्रांतीय सेवा संयोजक डॉ मधुर कुमार सिंह एवं स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता शंकर सिंह पहाड़िया, प्रमिला देवी, सुमित्रा देवी, दीपिका पुजारी, सुनीता, बबीता कुमारी, प्रभारी शिक्षिका पार्वती डेहरी आदि मौजूद रहे एवं कार्यक्रम की रूपरेखा से प्रवाहित होकर पुणः इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा बतलायी।

# खाटू श्याम जी का शीश खाटू से गोड्डा पंहुचने पर हुआ भव्य स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** श्री खाटू श्याम मंदिर की गोड्डा मे स्थापना करने हेतु खाटू राजस्थान से शीश गोड्डा के सरकंडा चौक पर पहुंचने पर नगर वासियो ने भव्य स्वागत किया। दादी श्याम ट्रस्ट के अध्यक्ष अरूण टेकरीवाल के नेतृत्व मे सैकड़ो की संख्या मे महिलाए और पुरुष स्वागत मे शामिल हुए। झुनझुनु से दादी की अखंड ज्योत भी लाई गई। देवघर के श्याम मंदिर के सदस्यो ने भी बहुत ही सुंदर कीर्तन के साथ स्वागत किया। यात्रा मे पंकज गाडिया सौरव परशुरामका, मनोज बजाज, प्रितम गाडिया, अविनाश अग्रवाल, विवेक गाडिया, रितेश टेकरीवाल, अविनाश गाडिया,रवि अग्रवाल, देवाशीष बजाज, बिकास गाडोदिया के साथ 51 लोग शामिल हुए।

एक नजर में

## पहाड़िया की धारदार हथियार से हत्या कर चेहरे को पत्थर से कूचा, जांच में जुटी पुलिस

गोड्डा। सुंदर पहाड़ी प्रखंड में एक पहाड़िया व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या करने के बाद चेहरे को पत्थर से कूच दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं मृतक बड़ा कारू पहाड़िया गोराडीह गांव का रहने वाला बताया गया। मृतक के शरीर पर चाकू से गोदने व चेहरे को पत्थर से कूचने के निशान मिले हैं। पुलिस द्वारा शव को गोराडीह से बरामद किया जाने के बाद गोड्डा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए लाया गया। वहीं सदर अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि बड़ा कारू रविवार से ही गायब था। वह गांव में आयोजित एक भोज में शामिल होने गया था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। दूसरे दिन सुबह से मृतक की खोजबीन की जाने लगी, तब जाकर गांव में ही पहाड़ पर उसका शव बहुत ही गंभीर अवस्था में बरामद किया गया। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आपसी विवाद में ही घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करने के बाद हत्यारोपियों की तलाश में जुट गई है। परिजन भी इस मामले में कुछ बता पाने में हिचकिचा रहे हैं। वहीं इस मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक की हत्या आपसी विवाद में की गयी है। सुंदरपहाड़ी थाना की पुलिस को हत्या के कारणों का पता लगाने का निर्देश दिया गया है, जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा।

## बेरमो : जन वितरण प्रणाली डीलर राम बाबू सिंह की अनुज्ञप्ति निलंबित

बेरमो। जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बोकारो ने बीडीओ सह आपूर्ति पदाधिकारी बेरमो के प्रतिवेदन के आधार पर जन वितरण प्रणाली विक्रेता श्री राम बाबू सिंह (डीलर संख्या 12/17, बेरमो) की अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही, उनके खाद्यान्न आवंटन को भी स्थगित कर दिया गया है। विक्रेता के निलंबन के बाद संबंधित कार्डधारकों को बेरमो जरीडीह उपभोक्ता भंडार (अनुज्ञप्ति संख्या 226/84) के साथ टैग कर दिया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बीडीओ, बेरमो को निर्देशित किया है कि वे अपने पर्यवेक्षण में खाद्यान्न वितरण की प्रक्रिया सुनिश्चित करें। यह कार्रवाई कार्डधारियों द्वारा की गई शिकायत के बाद की गई है। शिकायत में कहा गया था कि डीलर राम बाबू सिंह जन वितरण प्रणाली में अनियमितताएं बरत रहे हैं। यह शिकायत बेरमो दक्षिणी पंचायत अंतर्गत बेरमो स्टेशन के पास रहने वाले लाभुकों ने की थी, जिसे बीडीओ सह आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश कुमार ने गंभीरता से लिया। जांच के दौरान डीलर के स्थान पर उनके सहयोगी दीपक कुमार सिंह उपस्थित हुए, जो संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद डीलर से स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया। इस पूरे मामले को कार्डधारी गुड़िया कुमारी और शोभुवा के सचिव मुन्ना सिंह ने भोजन का अधिकार अभियान, झारखंड के सदस्य अफजल अनीस के साथ मिलकर उठाया था। अफजल अनीस ने इस संबंध में झारखंड राज्य खाद्य आयोग में भी शिकायत दर्ज कराई थी।

## बदमाशों ने माइक्रो फाइनेंस कर्मी से लूटे 97.4 हजार

दुमका। जिला के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के केंदुआ गांव के समीप बाइक सवार अपराधियों के द्वारा माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी से लूटपाट की घटना का मामला सामने आया है। घटना को लेकर भारत फाइनेंस नामक कंपनी के हंसडीहा ब्रांच के मैनेजर रोहित कुमार के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। घटना बीते 28 अप्रैल की है। पुलिस ने घटना के जांच के बाद प्राथमिकी 30 अप्रैल को दर्ज की है। घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार फाइनेंस कर्मी विभिन्न गांवों से राशि कलेक्शन कर केंदुआ के रास्ते सरैयाहाट जा रहे थे। इसी दौरान केंदुआ पहाड़ के समीप बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनका रास्ता रोक उन्हें धक्का दे सड़क पर गिरा दिया और फिर पास से कंपनी की 97450 रुपए नगद सहित मोबाइल फोन और टैब की लूट ले गए। जिसके बाद उसने 100 डायल पर फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सरैयाहाट दो दिनों में लगातार दो लूट की घटना ने पुलिस का सिरदर्द बढ़ा दिया है। इससे पूर्व बंदरी में पुलिस की वर्दी में आए अपराधी ने लाखों की लूटपाट की थी अब माइक्रो फाइनेंस कर्मी से लूट की घटना को अंजाम दिया है।

## सदर अस्पताल गोड्डा को अब निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की जायेगी

गोड्डा। सदर अस्पताल गोड्डा को अलग से फीडर बनाकर बिजली निर्बाध रूप से आपूर्ति करने के लिए जो कवायद चल रही थी। वह विद्युत सप्लाई आज से सदर अस्पताल का लाइन को जोड़कर देना प्रारंभ कर दिया गया है। आज से पूरे अस्पताल परिसर के मरीजों को सभी वार्डों में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की सुविधा मिलने लगी है। इस कार्य के लिए लगातार गोड्डा के उपायुक्त, सिविल सर्जन पदाधिकारी गोड्डा एवं विद्युत विभाग गोड्डा के कार्यपालक अभियंता राजेश कुमार मिश्रा प्रयासरत थे। जो आज सफल हुआ इस कार्य के लिए सभी पदाधिकारीयो को बहुत-बहुत धन्यवाद आभार साथ ही साथ इस पहल की नींव रखने वाले पूर्व विधायक अमित मंडल जी को भी बहुत-बहुत धन्यवाद आभार इसीप्रकार जनहित कार्य होती रहनी चाहिए।

## बीएंडके मे 8 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गयी विदाई



बेरमो। सीसीएल के बीएंडके प्रक्षेत्र के करगली ऑफिसर्स क्लब में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न परियोजनाओं से सेवानिवृत्त 8 कामगारों को अधिकारियों व यूनियन प्रतिनिधियों ने प्रतीक सम्मान के साथ शॉल ओढ़ाकर विदाई दी। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (खनन) के एस गैवाल ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक व्यवहारिक प्रक्रिया है, जिससे हर किसी को एक दिन गुजरना पड़ता है। कामगारों की मेहनत के बल पर ही आज कोल इंडिया इस मुकाम तक पहुंचा है। कोल इंडिया परिवार हमेशा अपने मजदूरों के साथ खड़ा रहा है। कामगारों को रिटायरमेंट के बाद अपने भविष्य के लिए सुरक्षित धनराशि रखनी चाहिए। मौके पर एसओ पीएंडपी एस के झा, कार्मिक प्रबंधक पीएन सिंह व रमेश कुमार, सहायक कार्मिक प्रबंधक प्रेक्षा मिश्रा और सुजाता कुमारी यूनियन प्रतिनिधि आभाष चंद्र गांगुली, दिलीप मारिक, सुशील सिंह, विजय भोई आदि उपस्थित थे।

## ढोरी एरिया मे सेवानिवृत्त 8 कर्मी और 1 अधिकारी को सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी



बेरमो। सीसीएल ढोरी एरिया के 8 कर्मी और 1 अधिकारी बुधवार को सेवानिवृत्त हुए.ढोरी एरिया के सभागार में समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी.। जीएम रंजय सिंहा और श्रमिक प्रतिनिधियों ने शॉल ओढ़ाया और मोमेंटो, उपहार व श्रीफल देकर सम्मानित किया। उनके सुखमय भविष्य की कामना की। जीएम ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियों से नये कामगारों को काफी कुछ सीखने को मिला है। सिन्हा ने कहा कि कंपनी हित में की गयी इनकी सेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। सेवानिवृत्त कर्मी कंपनी से मिली राशि का सदुपयोग करें। समारोह कि संचालन कार्मिक प्रबंधक अभिषेक सिंहा ने किया। मौके पर एसओपी माला कुमारी, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुरेश सिंह सहित यूनियन प्रतिनिधि आर उनेश, बैजनाथ महतो, गोवर्धन रविदास, विनय सिंह, जवाहरलाल यादव, जयनाथ मेहता, अरूण कुमार आदि मौजूद थे।

## फिल्म अभिनेता रजा मुराद को किया सम्मानित



बेरमो/फुसरो। फिल्म इंडस्ट्री में 250 से अधिक फिल्म में काम करने वाले सिने अभिनेता सह विलेन का किरदार निभाने वाले रजा मुराद को फुसरो आने पर बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव मंजूर हुसैन उर्फ जीया एवं मो इलियास के नेतृत्व में उनके आवास फुसरो में स्वागत किया गया। सिने अभिनेता सह विलेन के किरदार निभाने वाले रजा मुराद ने पत्रकारो से बातचीत में कहा कि वे रांची से बोकारो किसी निजि समारोह में भाग लिए, इसके बाद परिचित के कारण मंजूर हुसैन उर्फ जीया एवं मो इलियास हुसैन के पास फुसरो में आना हुआ। मूवी समाज में बदलाव लाती हैं। इनको पॉजिटिव के रूप के देखना चाहिए। फिल्मों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हर मूवी कुछ न कुछ मेसेज देती है। दर्शकों को मूवी से सीखने की जरूरत है। कहा कि मोहरा, गुप्त समेत 250 से अधिक फिल्म में नेगेटिव (विलेन) का रोल किया। लेकिन कई फिल्मो में हीरो के पिता का मुख्य किरदार निभाया है। इस प्रकार रजा ने 250 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। रजा हिंदी के अलावा अन्य प्रांतीय फिल्मों में भी नजर आते रहते हैं। इसके अलावा वह कई टीवी सीरियल्स में भी नजर आ चुके हैं। साथ ही वे फेमस डायलॉग के लिए मशहूर हैं। मौके पर शमसेर आलम उर्फ विक्की, मो फैजान आदि लोग शामिल थे।

# बिहार के नर्मदेश्वर तिवारी बने वायु सेना उप प्रमुख

- सेना की उत्तरी कमान के नए प्रमुख होंगे प्रतीक शर्मा
- एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के नए प्रमुख

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चार दशकों का शानदार करियर पूरा करने के बाद बुधवार को लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने भारतीय सेना की उत्तरी कमान की कमान छोड़ दी। अब सेना की उत्तरी कमान के नए प्रमुख अब लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा होंगे। सेना की इस कमान पर चीन और पाकिस्तान से लगती सीमाओं की सुरक्षा करने की जिम्मेदारी है। बिहार के रहने वाले साउथ वेस्टर्न एयर कमांड के कमांडर एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी को वायु सेना का नया उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। इन बदलावों से भारतीय सेना और वायु सेना की संचालन क्षमता और सामरिक ताकत में और वृद्धि होगी। उत्तरी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने सेवानिवृत्त होने और कमान छोड़ने पर उधमपुर के ध्रुव युद्ध स्मारक में बहादुरों के सर्वोच्च बलिदान को सम्मानित करने के लिए पुष्पांजलि अर्पित की। कमान के सैन्य अधिकारियों और कर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। भारतीय सेना ने उनके अनुकरणीय नेतृत्व, अत्यंत व्यावसायिकता और राष्ट्र के प्रति बेदाग सेवा के लिए आभार व्यक्त किया है। चीन व पाकिस्तान से लगती सीमा पर ऑपरेशंस के लिए जिम्मेदार थल सेना की नॉर्दन कमांड का नया प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा को बनाया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा को चीन और पाकिस्तान से लगती सीमाओं पर ऑपरेशन का नेतृत्व करना होगा, जो देश की सुरक्षा के लिए बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। वह वर्तमान में सेना मुख्यालय में डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (स्ट्रैटजी) हैं और डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस रह चुके हैं। एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी वायु सेना के नए उप प्रमुख होंगे।

एयर मार्शल तिवारी वर्तमान में गांधीनगर में साउथ वेस्टर्न एयर कमांड के कमांडर हैं। यह बदलाव भारतीय वायु सेना के लिए एक नए युग की शुरूआत है, क्योंकि एयर मार्शल तिवारी का अनुभव और रणनीतिक क्षमता भारतीय वायु सेना की रणनीतिक दिशा को सुदृढ़ मार्गदर्शन प्रदान करेगी, जिससे वायु सेना की ताकत और प्रभाव में वृद्धि होगी। ऐसे महत्वपूर्ण समय में जब सुरक्षा के मोर्चे पर तेजी से बदलाव हो रहे हैं, तो एयर मार्शल तिवारी का नेतृत्व वायु सेना को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मददगार साबित होगा। वे अपनी सेवाओं में कई महत्वपूर्ण ऑपरेशन और रणनीतिक फैसलों का हिस्सा बने हैं, जिससे भारतीय वायु सेना की ताकत और प्रभाव बढ़ा है। भारतीय सेना और वायु सेना के बीच समन्वय और रणनीतिक एकजुटता बनाए रखने के लिए एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (सीआईएससी) का नया प्रमुख बने। इस नई जिम्मेदारी के साथ एयर मार्शल दीक्षित तीनों सेनाओं के समन्वय में अहम भूमिका रखने वाले इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के चेयरमैन के अधीन एक प्रमुख पद पर अपनी भूमिका निभाएंगे। वह मिराज-20,000 के पायलट रह चुके हैं और उनकी विशेषज्ञता भारतीय वायु सेना के रणनीतिक विस्तार में मददगार साबित होगी।

### सिवान के निवासी हैं नर्मदेश्वर तिवारी

एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी वायुसेना में एक कुशल अधिकारी माने जाते हैं। उन्हें रणनीतिक सोच रखने वाला भी माना जाता है। सिवान के एक वरिष्ठ वकील इष्टदेव तिवारी के चचेरे भाई हैं। नर्मदेश्वर तिवारी का वायुसेना में लंबा और शानदार करियर रहा है। उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। उन्हें कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है। उनकी नियुक्ति से बिहार के लोगों में गर्व की भावना है।



## दरभंगा के देवेन भारती बने मुंबई के नये पुलिस आयुक्त



**मुंबई।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी देवेन भारती को राज्य सरकार ने बुधवार को मुंबई पुलिस पद पर नियुक्त किया है। देवेन भारती 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह मुंबई में कानून एवं व्यवस्था के संयुक्त आयुक्त के पद पर कार्यरत रहे हैं। मुंबई के निवर्तमान पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। फणसलकर को मुंबई पुलिस के नायगांव स्थित कार्यालय में भावभीनी बधाई दी गई। इसके बाद राज्य सरकार ने देवेन भारती को मुंबई के पुलिस आयुक्त पद पर नियुक्त करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस आयुक्त और अपराध शाखा के उपायुक्त के रूप में भी काम किया है। वह कुछ समय तक वित्तीय अपराध शाखा के प्रमुख भी रहे। उन्होंने आतंकवाद विरोधी दस्ते के प्रमुख के रूप में भी काम किया है। विशेष पुलिस आयुक्त का पद एनडीए सरकार के सत्ता में आने के बाद बनाया गया था। देवेन भारती को मुंबई का पहला विशेष पुलिस आयुक्त बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। भारती ललित नारायण मिथिला विवि के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. भारती श्रीवास्तव और त्रिपुरारी शरण के सबसे बड़े बेटे हैं। उन्होंने मुंबई के 26/11 हमले में आतंकियों के खिलाफ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# भारत 24 से 36 घंटे के भीतर कर सकता है सैन्य कार्रवाई

## पहलगाम आतंकी मामले में पाकिस्तान को जासूसों ने किया आगाह

एजेंसी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बुधवार को विश्वसनीय खुफिया जानकारी का हवाला देते हुए दावा किया कि भारत अगले 24 से 36 घंटों के भीतर उसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई की योजना बना रहा है। पाकिस्तान ने साथ ही चेतावनी दी कि भारत को इसके परिणाम भुगतने होंगे। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने कहा कि भारत सरकार पहलगाम में हाल में हुए आतंकवादी हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता के बारे में निराधार और मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर हमला करने की तैयारी कर रही है। मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है और उसने हमेशा आतंकवाद के सभी स्वरूपों की निंदा की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने एक आयोग द्वारा विश्वसनीय, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच की पेशकश की है लेकिन भारत जांच से बच रहा है और टकराव का रास्ता चुन रहा है। पाकिस्तान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सतर्क रहना चाहिए। साथ ही उसने चेतावनी दी कि भारत द्वारा किसी भी सैन्य दुस्साहस का निश्चित रूप से और निर्णायक रूप से जवाब दिया जाएगा और ह्यह्यसंघर्ष की स्थिति बढ़ने तथा उसके परिणामों की जिम्मेदारी पूरी तरह से भारत पर होगी। इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कदमों की घोषणा की थी, जिनमें पाकिस्तानी सैन्य अताशे को निष्कासित करना, 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करना, 27 अप्रैल से पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सभी वीजा रद्द करना तथा अटारी भूमि-पारगमन चौकी को तत्काल बंद करना शामिल है। पिछले हफ्ते पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। मोदी ने कहा था कि भारत एक एक आतंकवादी और उनके आकाओं की पहचान करेगा, उनका पता लगाएगा और उन्हें सजा देगा। उन्होंने कहा था कि हम धरती के आखिरी छोर तक उनका (पहलगाम के हमलावरों का) पीछा करेंगे। आतंकवाद कभी भारत का मनोबल नहीं तोड़ पाएगा, क्योंकि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक हमले तेज कर दिए हैं।

## गिलगित और स्कार्दू के लिए सभी उड़ानें रद्द

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पहलगाम हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच बुधवार को गिलगित और स्कार्दू के लिए सभी घरेलू उड़ानें रद्द करने की घोषणा की। एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय हवाई क्षेत्र सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा के बाद उत्तरी क्षेत्रों के लिए उड़ानें निलंबित करने का निर्णय लिया गया। एहतियात के तौर पर पाकिस्तान के उत्तरी क्षेत्रों के लिए अन्य सभी उड़ानें भी अस्थायी रूप से रोक दी गई। विदेशी उड़ानों की भी कड़ी निगरानी शुरू की गई। जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएए) को सभी आने वाले विदेशी विमानों की जांच करने का निर्देश दिया गया। पाकिस्तान पहले ही भारतीय एयरलाइनों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर चुका है। इस संबंध में, एक नोटिस फॉर एयरमेन (एनओटीएएमएन) जारी किया गया, जिसमें भारतीय एयरलाइनों को पाकिस्तान के आसमान से शुरू में एक महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया।

# पाकिस्तान के सेना की सुरक्षा में हाफिज सईद

एजेंसी



**रावलपिंडी।** लाहौर में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) प्रमुख और 26/11 हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के ठिकानों का पता चला है। पहलगाम आतंकी हमले का असली सरगना आम लोगों की घनी आबादी वाले इलाके में रहता है। जहां वह पाकिस्तानी सरकार की कड़ी सुरक्षा में रह रहा है। सईद जिस जगह रहता है, वह किसी भी आतंकवादी नेता के साथ जुड़ी किसी भी जगह से अलग है। वह घनी आबादी वाले शहर के बीच में आम लोगों के बीच रह रहा है। सैटेलाइट इमेज और वीडियो एक्सेस से पता चलता है कि भारत का सबसे वांछित आतंकवादी कैसे खुलेआम छिपा हुआ है। उनके निजी सुरक्षाकर्मियों ने भी एक टीवी चानल से पुष्टि की कि उन्हें हाफिज की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। यह जगह चौबीसों घंटे सुरक्षा के घेरे में है। सैटेलाइट इमेज में तीन संपत्तियां दिखायी गयी हैं, उसका आवास, एक बड़ी इमारत जो मस्जिद और मदरसा है, और हाफिज के लिए निजी सुविधाओं वाला नया बनाया गया निजी पार्क।

**पहलगाम हमले का भी मास्टरमाइंड :** मुंबई में 26/11 के आतंकी हमलों में वांछित सईद को पहलगाम नरसंहार के पीछे भी मास्टरमाइंड माना जाता है, जिसमें 22 अप्रैल को 26 लोगों की जान चली गयी थी। उसके आतंकी संगठन लश्कर की शाखा, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

## पंजाब में बब्बर खालसा के पांच आतंकी अरेस्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल मॉड्यूल के 5 गुर्गों को गिरफ्तार करके पुलिस थाने पर ग्रेनेड हमले की साजिश नाकाम कर दी है। पकड़े गए आतंकियों के पास से एक हैंड-ग्रेनेड और एक अवैध हथियार बरामद किया गया है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए पांचों गुर्गे आईएसआई नेटवर्क के लिए काम कर रहे थे। इनमें नरेश कुमार उर्फ बब्बू, अभिनव भगत उर्फ अभि, अजय कुमार उर्फ अज्जू, सनी कुमार और एक नाबालिग शामिल है। यादव ने बताया कि पांचों को मिलकर फिर से पुलिस थाने पर ग्रेनेड अटैक करना था। मगर इससे पहले ही पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। ऑपरेशन के दौरान अजय कुमार ने सर्विस हथियार छीनकर पुलिस टीम पर गोलियां चलाकर भागने का प्रयास किया, लेकिन वह मुठभेड़ में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। पुलिस थाना इस्लामाबाद में एफआईआर दर्ज की गई है।

## आंध्र के प्रसिद्ध सिंहचलम मंदिर में दीवार गिरने से आठ की मौत

**विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम जिले के प्रसिद्ध सिंहचलम मंदिर के पास बुधवार तड़के दीवार गिरने से तीन महिलाओं समेत कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार भारी बारिश और तेज हवा के कारण दीवार गिर गयी। हादसे के समय काफी संख्या में श्रद्धालु वार्षिक चंदनोत्सवम उत्सव के अवसर पर श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी के 'निजरूपा दर्शन' के लिए 300 रुपये की टिकट खरीदने के लिए लाइन में इंतजार कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला कलेक्टर एम.एन. हरेंधीरा प्रसाद, विशाखापत्तनम के सांसद एम. श्रीभारत और पुलिस आयुक्त शंकरब्रत बागची घटनास्थल पर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में दीवार गिरने से हुई लोगों की मौत से बहुत दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 02-02 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।



### गंगोत्री व यमुनोत्री के कपाट खुले, मोदी के नाम से पहली पूजा

**उत्तरकाशी। उत्तराखंड के गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट बुधवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के मध्य, श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इसके साथ ही उत्तराखंड की चारधाम यात्रा भी शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों धामों में कपाटो के उद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है।**

# कोलकाता के होटल में भीषण आग, दो बच्चे समेत 14 की मौत

- छह मंजिला ऋतुराज होटल में अग्निशमन के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे और न ही इमरजेंसी निकास मार्ग, मालिक फरार
- 13 की मौत दम घुटने से हुयी

एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता के बड़ा बजार इलाके के मछुआ क्षेत्र में मंगलवार रात एक छह मंजिला होटल ऋतुराज में लगी भीषण आग में दो बच्चों सहित 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। शुरूआती जांच में खुलासा हुआ है कि होटल में न तो अग्निशमन के पर्याप्त इंतजाम थे और न ही आपातकालीन निकास मार्ग। पुलिस फरार होटल मालिक की तलाश कर रही है। हादसे के समय होटल के 42 कमरों में कुल 88 लोग थे। इनके अलावा होटल के 60 स्टॉफ थे। मरने वालों में 11 पुरुष एक महिला और दो बच्चे हैं। पुलिस ने फिलहाल मरने वालों की पहचान उजागर नहीं की है। इनमें से एक की पहचान आनंद पासवान के तौर पर हुई है जो आग लगने के बाद जान बचाने के लिए ऊपरी मंजिल से कूद गए थे लेकिन उनकी मौत हो गई। बाकी लोगों की जान दम घुटने की वजह से हुई है। आग सबसे पहले होटल के दूसरे माले पर लगी और धीरे-धीरे पूरी इमारत में फैल गई। हालांकि लोगों की जान आग से नहीं, धुएं में दम घुटने से हुईं। दमकल अधिकारियों के मुताबिक, 14 में से 13 लोगों की मौत दम घुटने से हुई। वह एक मुस्लिम बहुल घनी आबादी वाला इलाका है। वहां फुटपाथों पर अवैध स्टॉल, गाड़ियों की बेतरतीब पार्किंग और सड़क पर कब्जे की भरमार है। दमकल की गाड़ियों को मौके तक पहुंचने में भारी मशक्कत करनी पड़ी।



# पटना-गया-डोभी कॉरिडोर का काम पूरा

## इसी महीने कॉरिडोर पर दौड़ेंगे वाहन : मंत्री

- पटना से गया की यात्रा डेढ़-दो घंटे में पूरी होगी
- कॉरिडोर में 5 आरओबी, 20 अंडरपास, चार फ्लाईओवर और आठ बाईपास


खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि पटना-गया- डोभी मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसे मई माह में जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। नवीन ने बुधवार को विभागीय कॉन्फ्रेंस हॉल में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टीम के साथ समीक्षा की। इस दौरान पथ निर्माण विभाग के सचिव बी. कार्तिकेय धनजी जी समेत एन.एच.ए.आई. के मुख्य महाप्रबंधक सह क्षेत्रीय पदाधिकारी निलेश एल यवतकर समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री ने आमस-दरभंगा 4 लेन कॉरिडोर, पटना-गया-डोभी कॉरिडोर, औंटा-सिमरिया सिक्सलेन पुल समेत कई अहम योजनाओं की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि पटना-गया-डोभी का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। अधिकारियों को जहानाबाद बाईपास में हाईटेंशन लाइन के टावर को जल्द शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया है। मई में इस इसका उद्घाटन होगा। पटना-गया-डोभी फोरलेन से पटना से गया की यात्रा मात्र डेढ़-दो घंटे में पूरी होगी। इस परियोजना की निर्माण लागत 1910.083 करोड़ है, जिसमें पांच आरओबी, 20 अंडरपास, चार फ्लाईओवर और आठ बाईपास शामिल हैं। पटना-गया-डोभी राजमार्ग का निर्माण तीन अलग-अलग पैकेजों में पूरा किया गया है। मंत्री ने औंटा-सिमरिया सिक्सलेन पुल के शेष बचे कार्य को पूर्ण कर बिहारवासियों को समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, बीहट में दोनों आरओबी के निर्माण का कार्य अगले दो महीने में पूरा करने को कहा। मंत्री ने कहा कि आमस-दरभंगा योजना में भी तेजी लाई जाए। यह सड़क सात जिलों को जोड़ेगा। इससे यात्रा करने वालों का कम से कम चार घंटे का समय बचेगा। राज्य में यातायात सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता और तय समय-सीमा में कार्य को पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने पटना से बिहटा जाने वाले सड़क मार्ग में वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो, इसके लिए भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही अधिकारियों को अगली बैठक से पहले हर योजना का स्थल निरीक्षण कर आने का भी निर्देश दिया।



## शेयर बाजार में तेजी थमी सेंसेक्स 46 अंक फिसला

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, पावर और सर्विसेज समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को शेयर बाजार की लगातार दो दिनों की तेजी थम गई। सेंसेक्स 46.14 अंक टूटकर 80,242.24 अंक पर आ गया। निफ्टी 1.75 अंक फिसलकर 24334.20 अंक पर सपाट बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 0.72 प्रतिशत लुढ़ककर 42,883 अंक और स्मॉलकैप 1.74 प्रतिशत का गोता लगाकर 47,400 अंक रह गया। बीएसई में कुल 4063 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2938 में गिरावट जबकि 975 में तेजी रही वहीं 150 में कोई बदलाव नहीं हुआ।




स्पीड न्यूज



### नीतीश ने बोधगया में किया राज्य अतिथि गृह का उद्घाटन

गया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को बोधगया में 136 करोड़ की लागत से बने अतिथि गृह का उद्घाटन किया।

### रूस के विक्ट्री डे परेड में राजनाथ सिंह होंगे शामिल



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस में नौ मई को होने वाले विक्ट्री डे परेड समारोह में शामिल नहीं होंगे और उनकी जगह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि रूस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से रूस को पहले ही बता दिया गया था कि इस समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### सेनाओं की मदद के लिए रेलवे ने भी कसी कमर

नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमा पर उत्पन्न परिस्थितियों में सशस्त्र बलों को रसद आपूर्ति के लिए लाइनें खाली रखने एवं पथ उपलब्ध कराने को लेकर रेलवे में तैयारियां जोरों पर हैं। रेल भवन में मंगलवार शाम हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में रेलवे एवं सेना के उच्चाधिकारी शामिल हुए। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमापार सैन्य कार्रवाई की तैयारियों के बीच सेना ने रसद आपूर्ति, सैन्य साजो सामान एवं सैनिकों के द्रुत गति से परिवहन के लिए रेलवे से लाइनों को खाली रखने एवं मार्ग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

### ईरान ने मोसाद के जासूस को फांसी पर लटकाया

तेहरान। ईरान में बुधवार को मोसाद के वरिष्ठ जासूस मोहसेन लंगर-नेशिन को फांसी पर लटका दिया गया। इससे पहले ईरानी सुप्रीम कोर्ट ने मोहसेन लंगर-नेशिन को मोसाद के लिए जासूसी करने और देश में आतंकवादी अभियानों का समर्थन के आरोप में दोषी ठहराया था। नेशिन को बुधवार सुबह पूरी कानूनी प्रक्रिया के बाद फांसी पर लटका दिया गया।

### उत्तर कोरिया ने किया मिसाइल का परीक्षण

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने अपने नए विध्वंसक पोत से मिसाइलों का परीक्षण किया। यह 5,000 मीट्रिक टन का बहुउद्देशीय विध्वंसक पोत है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन 'चो ह्योन श्रेणी' के इस पोत के हथियारों का परीक्षण करने से खुश नजर आए। उन्होंने इस मौके पर नौसेना के परमाणु हथियारों के निर्माण में तेजी लाने का आह्वान किया। किम जोंग-उन ने कहा कि समुद्री रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने का समय आ गया है।

### भारत के साथ व्यापार समझौता होगा : ट्रंप



वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा ह कि भारत के साथ शुल्क पर वार्ता बहुत अच्छी चल रही है और उन्हें विश्वास है कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता हो जाएगा। ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस के बाहर पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम भारत के साथ समझौता कर लेंगे। सीएनबीसी न्यूज के मुताबिक ट्रंप ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन सप्ताह पहले यहां आए थे और वे समझौता करना चाहते हैं।